

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 161 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 22 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# पश्चिम एशिया संकट के बीच पीएम मोदी की पहल

## ईरान के राष्ट्रपति से की बात, ईद-नवरोज पर दी बधाई; शांति और कूटनीति पर जोर

नई दिल्ली, ब्यूरो। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य तनाव के बीच भारत ने शांति और संतुलन की कूटनीति का स्पष्ट संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद और नवरोज के अवसर पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पावन अवसर पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच 'डायलॉग और डिप्लोमेसी' को ही समाधान का सबसे प्रभावी रास्ता बताया।



### इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों की कड़ी निंदा

पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इससे न केवल क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित होती है, बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

उन्होंने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि ऊर्जा और व्यापार प्रभावित न हों।

### ईरान में भारतीयों की सुरक्षा पर आभार

प्रधानमंत्री ने ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरानी सरकार का आभार व्यक्त किया। इससे पहले 12 मार्च को भी दोनों नेताओं के बीच बातचीत में क्षेत्रीय तनाव पर चिंता जताई गई थी।

### समाज जागरण विश्लेषण

*इस संवेदनशील समय में भारत संतुलित और सक्रिय कूटनीति के जरिए शांति का संदेश दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की पहल भारत को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करती है, जो संघर्ष के बजाय समाधान पर विश्वास रखता है।*

### लगातार वैश्विक संपर्क में भारत

भारत पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के प्रयासों में सक्रिय है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कुवैत, ओमान, फ्रांस, मलेशिया और कतर के नेताओं से भी बातचीत कर शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

हर मंच पर भारत ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संघर्ष का समाधान केवल बातचीत और कूटनीति से ही संभव है।

### 22 दिन से जारी संघर्ष, बढ़ी चिंता

28 मार्च को अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त एयर स्ट्राइक के बाद से क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ा हुआ है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया है।

लगभग 22 दिन बीत जाने के बावजूद हालात सामान्य नहीं हुए हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर ईंधन संकट और व्यापार बाधाओं की आशंका बढ़ गई है।

## मुस्लिम देशों से टकराव नहीं चाहता ईरान: राष्ट्रपति पेजेशकियान

तेहरान/एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ा कूटनीतिक संदेश दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश किसी भी मुस्लिम राष्ट्र के साथ युद्ध या टकराव नहीं चाहता।

ईद-उल-फितर और नवरोज के अवसर पर दिए अपने संदेश में उन्होंने कहा,

"हम मुस्लिम देशों के साथ किसी भी तरह का मतभेद नहीं चाहते। हम न तो संघर्ष चाहते हैं और न ही युद्ध। वे हमारे भाई हैं।"

**तनाव के लिए अमेरिका-इजरायल को ठहराया जिम्मेदार**

सरकारी समाचार एजेंसी IRNA के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने हाल के दिनों में ईरान और कुछ अरब देशों के बीच बढ़ते तनाव के लिए अमेरिका और इजरायल को जिम्मेदार ठहराया।

## ईरान के नतांज न्यूक्लियर सेंटर पर हमला

### अमेरिका-इजरायल पर आरोप, रेडियोएक्टिव रिसाव से किया इनकार



तेहरान/एजेंसी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम के अहम केंद्र नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी पर शनिवार सुबह हमले का दावा किया गया है। ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गनाइजेशन ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल ने संयुक्त रूप से इस केंद्र को निशाना बनाया।

तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, संगठन ने अपने बयान में कहा कि "अमेरिका और इजरायली शासन ने नतांज एनरिचमेंट कॉम्प्लेक्स पर हमला किया।"

हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी भी तरह के रेडियोएक्टिव रिसाव की कोई सूचना नहीं है।

### स्थानीय लोगों को कोई खतरा नहीं

रिपोर्ट के मुताबिक, हमले के बावजूद आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि स्थिति नियंत्रण में है और कोई रेडिएशन खतरा सामने नहीं आया है।

### आईएईए ने भी नुकसान की पुष्टि की

अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी संस्था (आईएईए) ने सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर नतांज फैसिलिटी के प्रवेश द्वार के पास मौजूद इमारतों को हुए सीमित नुकसान की पुष्टि की है।

आईएईए के अनुसार, अंडरग्राउंड फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट सुरक्षित है और वहां किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं।

### सैटेलाइट तस्वीरों से बढ़ा विवाद

इजरायल की ओर से जारी सैटेलाइट इमेज में हालिया बमबारी के निशान दिखाई देने के बाद यह मामला और चर्चा में आ गया है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भी इन तस्वीरों के आधार पर सीमित क्षति की पुष्टि की है।

### पहले भी निशाने पर रहा नतांज

नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी इससे पहले भी ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष में प्रमुख टारगेट रह चुकी है। जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के दौरान भी इस केंद्र को नुकसान पहुंचा था।

### संयम बरतने की अपील

आईएईए प्रमुख Rafael Grossi ने हालात को देखते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि फिलहाल ईरान के अन्य परमाणु केंद्र–जैसे बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट और तेहरान रिसर्च रिएक्टर–सुरक्षित हैं।

### समाज जागरण विश्लेषण

नतांज जैसे संवेदनशील परमाणु केंद्र पर हमला वैश्विक चिंता का विषय है। हालांकि रेडियोएक्टिव रिसाव न होने की खबर राहत देती है, लेकिन लगातार बढ़ते सैन्य तनाव से क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है।

# आधुनिक युद्ध सीमाओं से परे, हर नागरिक को रहना होगा तैयार: राजनाथ सिंह

### मजबूत सेना के साथ जागरूक नागरिक ही देश की असली ताकत

समाज जागरण

देहरादून/नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सुरक्षा के बदलते स्वरूप पर बड़ा बयान देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आधुनिक युद्ध अब सीमाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक, डिजिटल, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा तक फैल चुका है। ऐसे में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए मजबूत सेना के साथ-साथ तैयार और जागरूक नागरिकों की भी आवश्यकता है।

### हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना जरूरी

उत्तराखंड के घोड़ाखाल स्थित सैनिक स्कूल के स्थापना दिवस एवं हीरक जयंती समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के संघर्षों का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है।



उन्होंने कहा कि किसी भी देश को साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और आर्थिक युद्ध के माध्यम से कमजोर किया जा सकता है, इसलिए हर नागरिक को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए।

### मानसिक और बौद्धिक मजबूती पर जोर

राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि तैयारी का मतलब केवल युद्ध नहीं, बल्कि हर चुनौती का सामना करने की क्षमता विकसित करना है।

"यह तैयारी मानसिक दृढ़ता की है, ताकि कठिन परिस्थितियों में संयम बना रहे, और बौद्धिक स्पष्टता की है, जिससे सही और गलत में फर्क किया जा सके।"

### सेना के आधुनिकीकरण पर सरकार का फोकस

रक्षा मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सशस्त्र बलों को आधुनिक हथियारों और तकनीकों से लैस कर रही है।

उन्होंने युवाओं से अनुशासन, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### VUCA कॉन्सेप्ट से निपटने की सीख

रक्षा मंत्री ने वीयूसीए (अस्थिर, अनिश्चित, जटिल और अस्पष्ट) परिस्थितियों का जिक्र करते हुए छात्रों से दूरदर्शिता, समझ, साहस और अनुकूलन क्षमता विकसित करने की अपील की।

### 100 नए सैनिक स्कूल, NCC क्षमता बढ़ी

सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोले जा रहे हैं।

साथ ही, National Cadet Corps (एनसीसी) में कैडेट्स की संख्या 17 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है।

### लड़कियों का प्रवेश ऐतिहासिक कदम

रक्षा मंत्री ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि यह 'नारी शक्ति' को मजबूत करेगा और आने वाले समय में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छुएंगी।

### समाज जागरण विश्लेषण

आधुनिक दौर में युद्ध केवल सीमा पर नहीं, बल्कि तकनीक, अर्थव्यवस्था और सूचना के स्तर पर भी लड़ा जा रहा है। ऐसे में सरकार का सेना के आधुनिकीकरण और नागरिकों को जागरूक बनाने पर जोर देश की दीर्घकालिक सुरक्षा रणनीति को दशार्ता है।

## राष्ट्रीय/व्यापार समाचार

# एलपीजी संकट के बीच सरकार का बड़ा निर्णय

## वाणिज्यिक गैस आपूर्ति 50 प्रतिशत तक बढ़ी, होटल व उद्योगों को राहत

समाज जागरण

नई दिल्ली, ब्यूरो। पश्चिम एशिया में उत्पन्न तनाव के कारण प्रभावित गैस आपूर्ति की स्थिति में सुधार होने के पश्चात केंद्र सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) का आवंटन बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। इस निर्णय से होटल, रेस्तरां एवं औद्योगिक इकाइयों को महत्वपूर्ण राहत मिलने की संभावना है।

### सामान्य हुई आपूर्ति, बढ़ाया गया आवंटन

सरकार के अनुसार, देश में गैस उत्पादन में वृद्धि तथा आपूर्ति तंत्र के सामान्य होने के बाद यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, अतः किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है।



### पूर्व में क्यों घटाई गई थी आपूर्ति

गत कुछ सप्ताहों में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हुई थी। उस समय सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वाणिज्यिक गैस आपूर्ति में अस्थायी कटौती की थी।

### होटल एवं उद्योग क्षेत्र को मिलेगा लाभ

वर्तमान निर्णय से होटल, रेस्तरां तथा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को राहत मिलेगी, जो हाल के दिनों में गैस की कमी से प्रभावित हो रहे थे। इससे व्यावसायिक गतिविधियों के पुनः सामान्य होने की संभावना है।

### पाइप्ड प्राकृतिक गैस को प्रोत्साहन

सरकार अब Piped Natural Gas (पाइप्ड प्राकृतिक गैस) के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। व्यावसायिक संस्थानों को सिलेंडर आधारित गैस के स्थान पर पाइप्ड गैस अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, जिसके लिए तेल कंपनियों के साथ पंजीकरण आवश्यक होगा।


### सिटी गैस नेटवर्क के विस्तार पर जोर

राज्यों को निर्देश दिए गए हैं कि सिटी गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में एलपीजी पर निर्भरता कम की जा सके और ऊर्जा आपूर्ति अधिक सुदृढ़ व स्थिर बनाई जा सके।

# समान नागरिक संहिता संविधान की मूल भावना का हिस्सा: राजनाथ सिंह

समाज जागरण

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि (समान नागरिक संहिता) कोई नया विचार नहीं है, बल्कि इसकी व्यवस्था संविधान निमार्ताओं ने पहले ही कर दी थी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, लंबे समय तक कुछ राजनीतिक दलों ने तुष्टीकरण की राजनीति के कारण इसका विरोध किया, जिससे इसे लागू करने में देरी हुई।



### उत्तराखंड में लागू होने का उल्लेख

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में उतराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने इसे सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### समानता और न्याय पर जोर

उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करना और कानून के समक्ष समानता सुनिश्चित करना है।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

## अपर मुख्य सचिव ने सुरक्षा, यातायात एवं मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 21 मार्च 2026। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



### सुरक्षा व्यवस्था को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता

निरीक्षण उपरांत वाईआईएपीएल (यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड) प्रशासनिक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को परस्पर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर बल दिया।

### यातायात प्रबंधन हेतु आवश्यक निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने यातायात प्रबंधन की समीक्षा करते हुए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण करने, यातायात परिवर्तनों (डायवर्जन) की पूर्व सूचना आमजन तक पहुंचाने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

### मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता पर बल

उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ करें, जिससे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक एवं सुचारु आयोजन सुनिश्चित हो सके।

### जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, विशेष सचिव (मुख्यमंत्री) ईशान प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं शैलेंद्र भाटिया, अपर जिलाधिकारी अतुल कुमार तथा मंगलेश दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार, उप जिलाधिकारी अभय दुर्गेश सिंह, पुलिस उपायुक्त पूनम मिश्रा एवं सहायक पुलिस आयुक्त सार्थक सेंगर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उच्चस्तरीय निरीक्षण से स्पष्ट है कि प्रशासन प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूर्णतः तत्पर एवं सजग है।

(पवित्र नवरात्रि का चतुर्थ दिवस)

# ऊर्जा की अधिष्ठात्री देवी माता कुष्मांडा को कोटिशः प्रणाम।

नवरात्रि के पावन पर्व में चौथे दिन पूजी जाने वाली माता कुष्मांडा को आदिशक्ति का वह भव्य स्वरूप माना गया है, जिनसे सम्पूर्ण सृष्टि का उद्भव हुआ। जब यह संसार नहीं था, न समय था, न दिशा, न आकाश, न पृथ्वी




चारों ओर केवल असीम अंधकार और शून्य व्याप्त था,तब उसी अनंत शून्य में एक दिव्य शक्ति विद्यमान थी वही शक्ति माता कुष्मांडा। ब्रह्मांड की उत्पत्ति का दिव्य रहस्य पुराणों में वर्णित है कि जब सृष्टि का कोई अस्तित्व नहीं था, तब माता ने अपनी एक हल्की सी मुस्कान (हास्य) से ब्रह्मांड की रचना कर दी। यह कोई साधारण मुस्कान नहीं थी, बल्कि उसमें सृजन की अनंत ऊर्जा समाहित थी। उनके इस दिव्य हास्य से एक ह्लअंडह्व उत्पन्न हुआ जिसे ब्रह्मांड कहा गया। यही कारण है कि उन्हें ह्लकुष्मांडाह्व कहा गया है-कु = थोड़ा,उष्मा = ऊर्जा,अंड = ब्रह्मांड। अर्थात, वह देवी जिन्होंने अपनी थोड़ी-सी ऊर्जा से पूरे ब्रह्मांड की रचना कर दी। कहा जाता है कि उसी क्षण समय का आरंभ हुआ, दिशाओं का निर्माण हुआ, और जीवन के बीज अंकुरित होने लगे। माता ने ही सूर्य, चंद्रमा, ग्रह, नक्षत्र, आकाशगंगा और समस्त जीव-जगत को उत्पन्न किया। सूर्य में निवास और ऊर्जा का स्त्रोत माता कुष्मांडा का निवास सूर्य के भीतर बताया गया है। यह मान्यता केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि अत्यंत गूढ़ आध्यात्मिक संकेत देती है। सूर्य समस्त ऊर्जा का स्त्रोत है प्रकाश, ताप, जीवन सब उसी पर आधारित है। माता उसी सूर्य के केंद्र में निवास करती हैं, अर्थात वे स्वयं ऊर्जा की परम स्त्रोत हैं। उनकी शक्ति से ही सूर्य प्रज्वलित है, उनकी कृपा से ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। इसीलिए माता को ह्लआदिशक्तिह्व और ह्लऊर्जा की अधिष्ठात्री देवीह्व कहा जाता है।माता का दिव्य स्वरूप - माता कुष्मांडा का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी, शांत और अलौकिक है उनकी आठ भुजाएं होती हैं, इसलिए वे अष्टभुजा देवी कहलाती हैं।उनके हाथों में विभिन्न दिव्य आयुध और वस्तुएं होती हैं कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृत से भरा कलश, चक्र, गदा और जपमाला। यह सभी प्रतीक जीवन के विभिन्न आयामों जैसे ज्ञान, शक्ति, समृद्धि, और साधना का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका वाहन सिंह है, जो निर्भयता, साहस और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उनका मुखमंडल सदैव प्रसन्न रहता है, मानो वे सृष्टि को अपनी मुस्कान से संचालित कर रही हों। कुम्हड़ा (कद्दू) और माता की प्रियता एक जनश्रुति के अनुसार माता को कुष्मांड अर्थात कुम्हड़ा (कद्दू) अत्यंत प्रिय है। इसलिए भक्त उन्हें कद्दू का भोग अर्पित करते हैं। कद्दू को यहाँ केवल एक फल नहीं, बल्कि पूर्णता और पोषण का प्रतीक माना गया है।जैसे माता सम्पूर्ण सृष्टि का पालन-पोषण करती हैं देवताओं को शक्ति प्रदान करने की कथा- एक समय असुरों के अत्याचार से देवता अत्यंत व्याकुल हो उठे। उनके पास शक्ति नहीं थी कि वे उन दुष्ट शक्तियों का सामना कर सकें। तब माता कुष्मांडा ने अपनी दिव्य ऊर्जा का अंश देवताओं में प्रवाहित किया। उनके इस वरदान से देवताओं में बल, साहस और तेज का संचार हुआ। यही शक्ति आगे चलकर देवताओं की विजय का कारण बनी। इस प्रकार माता केवल सृजनकर्ता ही नहीं, बल्कि संरक्षक और पोषक भी हैं। पूजा और साधना का का अत्यधिक महत्व है। नवरात्रि के चौथे दिन माता कुष्मांडा की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन साधक का मन अनाहत चक्र (हृदय चक्र) में स्थित होता है, जहां प्रेम, करुणा और संतुलन का वास होता है। माता की उपासना से रोग, भय और दुखों का नाश होता है आयु, यश और आरोग्य की प्राप्ति होती है। मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जीवन में उत्साह और नई सृजनशीलता आती है। आध्यात्मिक और जीवन संदेश माता कुष्मांडा की कथा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि गहरे जीवन दर्शन को भी प्रकट करती है। सृजन की शक्ति हमारे भीतर है जैसे माता ने शून्य से सृष्टि बनाई, वैसे ही हम भी अपने जीवन को नया रूप दे सकते हैं। छोटी-सी मुस्कान का महत्व – एक सकारात्मक सोच, एक छोटी-सी खुशी, जीवन में बड़े परिवर्तन ला सकती है। अंधकार स्थायी नहीं है चाहे कितना भी अंधेरा हो, एक प्रकाश उसे समाप्त कर सकता है। ऊर्जा का सही उपयोग ही सृजन है जब हमारी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में जाती है, तो वह विकास का कारण बनती है। माता कुष्मांडा केवल एक देवी नहीं, बल्कि सृष्टि की वह मूल चेतना हैं, जो हर जीव के भीतर ऊर्जा के रूप में विद्यमान है। उनकी कथा हमें यह याद दिलाती है कि जीवन की हर शुरूआत एक छोटी-सी आशा और ऊर्जा से होती है। जब हम माता की आराधना करते हैं, तो हम अपने भीतर छिपी उसी दिव्य शक्ति को जागृत करते हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार,चिंतक, लेखक, स्तंभकार रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

### मुश्किल में पड़े ट्रंप...?

रण की राख अभी ठंडी भी ना थी,
लहरों में उठ रहा था असीम धुआँ।
होर्मूज की साँसें अटकी जा रहीं थीं,
दुनिया देख रही समुंदर का कुआँ।

आवाज आई "मित्र बन, संग चलो,"
पर आगे कदम ठिठके नजरें झुकी।
जापान भी चुप व ऑस्ट्रेलिया हैं दूर,
आम सहमतियों की राहें रहीं थमी।

दक्षिण कोरिया ने सोचा– "देखेंगे,"
जर्मनी ने भी सीधा इंकार हैं किया,
तब नाटो की छाया भी अलग हुई,
जब 'विश्वास' ने यह सवाल किया।

वहाँ चेतावनी के 'स्वर' हो गए ऊँचे,
यूं गूंज में खालीपन नजर आया था।
जो साथ थे कल तक इस सफर में,
वर्तमान में ही 'दूरी' का आलम था।

ग्रीनलैंड की हो गई वह बात पुरानी,
जो अभी-भी याद दिलाती हर मोड़।
अब तो जब भरोसे की डोर ही टूटी,
तो फिर कैसे जुड़े आकर नए जोड़?

अब गाजा से लेकर बोर्ड ऑफ पीस,
सभी में अकेलापन झलक रहीं टिस।
मंच सजा वे साथी यहाँ पे नदारद थे,
टैरिफ की 'तल्ख हवाओं' के गम थे।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# प्रदेश के नव निर्माण के नौ वर्ष

**मृत्युंजय दीक्षित**




वर्ष 2017 में विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनी भाजपा गठबंधन की सरकार ने नौ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इन नौ वर्षों में सरकार ने कानून व्यवस्था, सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा विकास के अनेक प्रतिमान गढ़े हैं। अपनी उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाने के लिए सरकार ने, "नवनिर्माण के नौ वर्ष" नामक पुस्तक का प्रकाशन भी किया है।

वर्ष 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश अराजकता के जाल में फंसा हुआ था । छोटी -छोटी बातों पर फसाद हो जाते थे। कानून और व्यवस्था की बुरी स्थिति के कारण निवेशक यहां आने से डरते थे। मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। लोग उल्टा प्रदेश कहकर प्रदेश का उपहास करते थे। 2017 में योगी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस स्थिति में व्यापक परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि अब प्रदेश की पहचान का संकट समाप्त हो चुका है, सुरक्षा निवेश व विकास प्रदेश की नई पहचान बन चुके हैं। प्रदेश में सभी पर्व शांति, सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। कहीं कोई तनाव,कर्फ्यू व दंगा नही है। ऐसे माफियाओं का अंत हुआ है जिनके सामने सपा, बसपा व कांग्रेस की पुरानी सरकारें नतमस्तक हो जाया करती थीं।

शासन व्यवस्था में सुधार व मजबूत कानून व्यवस्था के कारण आज प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। व्यापक स्तर पर सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है। लंबे कानूनी संघर्ष के बाद अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है जहाँ लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अयोध्या को अपना एयरपोर्ट, आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन, मेडिकल कालेज मिला, सम्पूर्ण अयोध्या नगरी का नवीनतम और पुरातन संस्कृति के सामंजस्य व समन्वय के साथ व्यापक स्तर पर विकास हो रहा है।

इसी प्रकार काशी का विश्वनाथ धाम कॉरिडोर निर्माण से काशी का स्वरूप भी निखरकर सामने आ रहा है। प्रयागराज में महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाकर इतिहास रच दिया। इसी प्रकार मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर के निर्माण से मां विन्ध्यवासिनी जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को एक विशेष अनुभूति व आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति हो रही है। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के साथ साथ अन्य पर्यटन गतिविधियों का विकास होने के कारण इस क्षेत्र में युवाओ के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं। प्रदेश की आस्था ,संस्कृति व परंपराओं को सम्मान देते हुए उन्हें नई पहचान दिलाने का प्रयास लगातार जारी है। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई अहम प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत 96 लाख एमएमएमई इकाइयां संचालित की जा रही हैं ।लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है।

एक जिला -एक उत्पाद योजना, एक जिला एक व्यंजन योजना के साथ ही प्रदेश के हर जिले में कम से कम एक पर्यटन स्थल का विकास किया जा रहा है। विगत नौ वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश ,रोजगार, किसानों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तीकरण और गरीबों के उत्थान के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए हैं। अनेकानेक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दलितों, वंचितों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंच रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सेवा क्षेत्रों में सुधार करते हुए सुशासन की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

प्रदेश में हिंदू समाज के मतांतरण को रोकने के लिए एक कड़ा कानून लाया गया और साथ ही लव जिहाद जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भी प्रदेश सरकार कनून लेकर आई। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया। महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई अहम कदम सरकार द्वारा समय -समय पर उठाए जाते रहे हैं। नारी सुरक्षा ,सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान प्रदेशभर में चलाया जा रहा है । मुख्यमंत्री सुमंगला योजना से बेटियां सशक्त हो रही हैं। प्रदेश की पीएसी को जीवन्त करते हुए प्रदेश में पहली बार पीएसी मे महिलाओं के लिए तीन नई बटालियन की शुरूआत की गई। गरीब बेटियों के लिए विवाह के समय दी जाने वाली सरकारी सहायता भी बढ़ा दी गई है। मेधावी बेटियों के लिए स्कूटी योजना आई है।

प्रदेश का विकास परिवर्तनकारी है आज प्रदेश में सात एक्सप्रेस वे संचालित हैं, 15 का विकास कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं और 8 निमार्णाधीन हैं। बहु प्रतीक्षित जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन आगामी 28 मार्च, 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करेंगे। सात प्रमुख शहरों में मेट्रो सेवा चल रही है। नई सड़क परियोजनाएं राज्य के विकास के लिए पहचान बन चुकी हैं। वाराणसी से प्रयागराज और बलिया से अयोध्या तक वाटर-वे की सुविया बढ़ाई जा रही है।

उत्तर प्रदेश तीव्र गति से विकसित प्रदेश बनने की राह पर अग्रसर है। खाद्यान्न ,गन्ना, आम एवं दुग्ध उत्पादन सहित अनेक क्षेत्रों में यूपी देश के पहले पायदान पर पहुंच चुका है। प्रदेश के किसानों को पूरी ईमानदारी से, समय पर भुगतान तो हो रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए व्यापक योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों तक केंद्र व राज्य सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है।

प्रदेश में भरपूर निवेश लाने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने जापान और सिंगापुर का सफल दौरा किया जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी का सफल दौरा किया । प्रदेश के नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल चुकी हैं। युवाओं के लिए सरकार ने कई कदम उठाए तथा ऐतिहासिक घोषणाएं की हैं जिनके अंतर्गत अब प्रदेश सरकार युवाओं को एआई जैसे नये क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित करने जा रही है। सरकार ने युवाओं के लिए अभ्युदय कोचिंग चलाई जिससे हजारों छात्र सफल होकर नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार में हिंदुओं के आस्था केंद्रों का सम्मान हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर क्षण जनसमस्याओं के समाधान के प्रति कार्यरत रहते हैं। उन्होंने जनता दरबार के साथ साथ, जनता से सीधे जुड़े रहने के लिए योगी की पाती लिखनी आरम्भ की है। मुख्यंमत्री ने ह्लनवनिर्माण के नौ वर्ष ह्व पुस्तक विमोचन के अवसर पर सनतान का संदेश दिया और भविष्य की दृष्टि भी स्पष्ट की।

## 23 मार्च शहीद दिवस-

# बलिदान की विरासत और राष्ट्र का आत्ममंथन

भारत के इतिहास की 23 मार्च वह तिथि है, जो केवल कैलेंडर का एक दिन नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा में अंकित स्मृति है। इसी दिन 1931 को तीन युवा क्रांतिकारी भगत सिंह शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को ब्रिटिश सरकार ने लाहौर जेल में फांसी दी थी। उनके अदम्य साहस और देशप्रेम की स्मृति में 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।

शहीद होना केवल प्राण त्याग देना नहीं है; यह अन्याय के विरुद्ध अंतिम क्षण तक खड़े रहने का साहस है। भगत सिंह और उनके साथियों ने स्वतंत्रता संग्राम को नई वैचारिक दिशा दी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि उनका संघर्ष केवल ब्रिटिश शासन से मुक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि शोषणमुक्त और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए भी था।उनका प्रसिद्ध नारा-"इंकलाब जिंदाबाद"आज भी युवाओं में ऊर्जा का संचार करता है। यह नारा केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आह्वान था।

जब भगत सिंह शहीद हुए, तब उनकी आयु मात्र 23 वर्ष थी। इतनी कम उम्र में उनकी वैचारिक परिपक्वता और अध्ययनशीलता उल्लेखनीय थी। वे क्रांतिकारी होने के साथ-साथ गहन चिंतक और लेखक भी थे।उनकी जेल डायरी यह प्रमाणित करती है कि स्वतंत्रता का संघर्ष केवल भावनात्मक उबाल नहीं, बल्कि वैचारिक प्रतिबद्धता का परिणाम था। आज के युवाओं के लिए यह संदेश है कि देशप्रेम केवल उत्साह नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और अनुशासन भी है।

स्वतंत्रता हमें सहज प्राप्त नहीं हुई। असंख्य ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के बलिदान ने इसे संभव बनाया।




किंतु प्रश्न यह है कि क्या हम उस बलिदान की गरिमा को समझते हैं? भ्रष्टाचार, सामाजिक विभाजन, असहिष्णुता और उदासीनता- ये सभी चुनौतियाँ हमें यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हम शहीदों के सपनों का भारत बना पाए हैं?

शहीद दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन का दिन है। क्या हम अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं? क्या हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सजग हैं? शहीद दिवस हमें यह भी सिखाता है कि राष्ट्र की शक्ति उसकी एकता में निहित है। स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों ने मिलकर संघर्ष किया।आज जब समाज अनेक विभाजनों से जूझ रहा है, तब शहीदों की विरासत हमें समरसता और भाईचारे का मार्ग दिखाती है।

शहीद दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करना पर्याप्त नहीं। सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी, जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें। ईमानदारी, सामाजिक न्याय, राष्ट्र के प्रति समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा शहीदों का बलिदान इतिहास का अध्याय भर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की प्रेरणा है। 23 मार्च हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता का मूल्य निरंतर जागरूकता और जिम्मेदारी है।

यदि हम उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लें, तभी शहीद दिवस की सार्थकता पूर्ण होगी।

- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

### लड़ना सीखो

जिंदगी में आए तूफानों का सामना करो,
जीत हासिल करना है तो लड़ना सीखो।
मन मे उठे सवालों को जबाब दिया करो,
सफलता पाने के लिए संघर्ष करना सीखो।
आगे बढ़ना है तो समस्याओं को हल करो,
रास्ते मिल जाएंगे परिश्रम करना सीखो।
समुद्र में उठे लहरों को चीरकर आगे बढ़ो,
उन लहरों से भयभीत न होकर लड़ना सीखो।
तुम साहसी हो खुद को पहचाना करो,
जीत जाओगे तुम हौसला बढ़ाना सीखो।
तुम पर्वतों को देखकर घबराया मत करो,
पर्वतों को हमेशा तोड़कर झुकाना सीखो।
तुम वीर हो अपनी शक्ति को जाना करो,
जीत जाओगे एक दिन जंग लड़ना सीखो।
किसी के आगे सिर झुकाया मत करो,
कायर कहलाने से बेहतर लड़कर मरना सीखो।
समुद्र में हमेशा उठती है तूफान व लहरे,
पूरे शक्ति से उसका सामना करना सीखो।

लेखकः- जर्नलिस्ट
वेद प्रकाश

# शिक्षा में चाहिए ज्यादा निवेश, 'स्टडी इन इंडिया' मिशन से क्या बदलेगी तस्वीर?

**भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां जनसांख्यिकीय लाभ और तकनीकी बदलाव एक दूसरे के साथ मिल सकते हैं। बड़ी संख्या में युवा कार्यबल में शामिल हो रहे हैं**

हर साल बड़ी संख्या में भारतीय युवा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान सुविधाओं और करियर के अवसरों की तलाश में विदेश जाते हैं। अब 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2,00,000 विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का केंद्र सरकार का लक्ष्य यह संकेत है कि भारत को केवल प्रतिभाओं के आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास हो रहा है।

हाल के कई रुझान इस महत्त्वाकांक्षा को सार्थक बनाते हैं। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या 2023 में 9,00,000 से अधिक से घटकर वर्ष 2025 में लगभग 6,25,000 रह गई है। इसके कई कारण हैं। प्रमुख गंतव्य देशों, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है। वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है और अध्ययन के बाद रोजगार के रास्ते कम निश्चित हो गए हैं। कई छात्रों और परिवारों के लिए विदेशी शिक्षा पर निवेश का लाभ अब कुछ साल पहले की तुलना में कम निश्चित लगता है।

भारत इस व्यवधान को अवसर में बदलने की कोशिश कर रहा है। लगभग 19 विदेशी विश्वविद्यालय देश में अपने परिसर स्थापित करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि एक नीतिगत ढांचा अब अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को भारत में या गिफ्ट सिटी जैसे विशेष क्षेत्रों में संचालित करने की अनुमति देता है। इसका तर्क सीधा है। यदि वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में डिग्री प्रदान कर सकते हैं, तो छात्र विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

साथ ही, भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसर एशिया, अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं। वैश्विक विश्वविद्यालयों के लिए आकर्षण स्पष्ट है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है और तृतीयक स्तर पर नामांकन आज के लगभग 5.3 करोड़ से बढ़कर 2035 तक 7 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है।

इसके विपरीत, जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अपने परिसरों में नामांकन स्थिर बना हुआ है। ऐसे संकेत भी हैं कि भारत की अपनी उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान मिल रही है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है।

यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति और इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस योजना जैसी पहलों के तहत बुनियादी ढांचे, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में किए गए निवेश को दशार्ता है।

फिर भी, मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। हर साल, उपलब्ध सीटों की संख्या की तुलना में कहीं अधिक विद्यार्थी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं, जो क्षमता की निरंतर कमी का संकेत देता है।

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां जनसांख्यिकीय लाभ और तकनीकी बदलाव एक दूसरे के साथ मिल सकते हैं। बड़ी संख्या में युवा कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में देश को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की आवश्यकता है।

इन क्षेत्रों के लिए आवश्यक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिभाओं के विकास में विश्वविद्यालयों की केंद्रीय भूमिका होगी। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का केंद्र बनने की महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए विदेशी परिसरों को आकर्षित करने या भारतीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सुधार करने से कहीं अधिक की आवश्यकता होगी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा क्राइम

## कंपनी अधिकारी से मारपीट कर लाखों की लूट, दो अभियुक्त गिरफ्तार



**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-136 स्थित एक ऑनलाइन कोचिंग कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी से मारपीट एवं लूट के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, कंपनी में कार्यरत अकाउंटेंट चन्द्र मोहन सारस्वत ने अपने साथी हनी बैसला सहित अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पीड़ित को पार्किंग क्षेत्र में जबरन कार से बाहर निकालकर अपनी गाड़ी में बैठाया और मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित से जबरन 60,000 रुपये ऑनलाइन अपने खाते में स्थानांतरित करा लिए तथा कार में रखे 2 लाख 47 हजार रुपये नकद भी लूट लिए।

घटना के संबंध में पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं स्थानीय सूचना के आधार पर दोनों अभियुक्तों को सेक्टर-91 स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 49,400 नकद, पीड़ित का क्रेडिट कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। इसके अतिरिक्त साइबर सेल की सहायता से 2,57,600 की धनराशि बैंक खाते में फ्रीज कराई गई है।

पुलिस के अनुसार, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं तथा प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा पुलिस ने गुम हुए मोबाइल उनके स्वामियों को लौटाए

### सीईआईआर पोर्टल व सर्विलांस की मदद से बरामदगी, लोगों के चेहरे खिले



**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में गुम हुए मोबाइल फोन को पुलिस द्वारा बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा गया। इस कार्यवाही का नेतृत्व अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीषा सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त नोएडा जोन के निर्देशन में थाना सेक्टर-49 सहित अन्य थाना पुलिस द्वारा किया गया।

पुलिस के अनुसार, गुम हुए मोबाइल फोन को सीईआईआर पोर्टल एवं सर्विलांस की सहायता से खोजा गया। ये मोबाइल प्रायः भीड़-भाड़ वाले बाजारों, सार्वजनिक परिवहन साधनों अथवा असावधानीवश कहीं गिर जाने या छूट जाने के कारण खो गए थे। संबंधित मामलों में विभिन्न थानों में गुमशुदगी दर्ज की गई थी।

**पुलिस की अपील**

नोएडा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल फोन के प्रति सतर्क रहें तथा गुम होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाने में सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**इन कारणों से गुम होते हैं मोबाइल**

पुलिस जांच में सामने आया कि मोबाइल गुम होने के प्रमुख कारण निम्न हैं–
भीड़-भाड़ वाले बाजारों एवं मंडियों में असावधानी
ऑटो, बस, टैक्सी या मेट्रो में यात्रा के दौरान छूट जाना
वाहन चलाते समय जेब से गिर जाना
पार्कों में व्यायाम या खेल के दौरान भूल जाना
शादी समारोह या आयोजनों में गिर जाना
नशे की अवस्था में असावधानी
बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में भीड़ के कारण गुम होना
धार्मिक स्थलों पर लापरवाही से छूट जाना
बच्चों द्वारा खेलते समय कहीं रखकर भूल जाना

▼ समाज जागरण टिप्पणी

नोएडा पुलिस की इस पहल से न केवल लोगों का विश्वास बढ़ा है, बल्कि तकनीक के प्रभावी उपयोग का भी उदाहरण सामने आया है।

# नोएडा में 13 नए पीआरवी वाहन तैनात, पुलिस व्यवस्था होगी और सुदृढ़

### आपातकालीन प्रतिक्रिया समय घटाने व त्वरित सहायता के लिए पहल



**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा, संवाददाता। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 13 नए पीआरवी (पुलिस रिस्पॉन्स वाहन) स्कॉर्पियो वाहनों को विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात किया गया है। यह निर्णय पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर छं’ॅ र्ल्लॅ के निर्देशन में लिया गया है।

**त्वरित सहायता व निगरानी पर जोर**

पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इन वाहनों का प्रभावी उपयोग करते हुए आमजन को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिस सहायता उपलब्ध कराएं तथा क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखें। नए पीआरवी वाहनों की तैनाती से आपातकालीन स्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा तथा नागरिकों में सुरक्षा का भाव और अधिक मजबूत होगा। यह पहल आधुनिक एवं उत्तरदायी पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**इन थाना क्षेत्रों में किए गए आवंटन**

नए पीआरवी वाहनों का आवंटन क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति एवं कानून-व्यवस्था की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है–
थाना सेक्टर-113 - 01 वाहन
थाना बिसरख - 01 वाहन
थाना बादलपुर - 01 वाहन
थाना सूरजपुर - 01 वाहन
थाना नॉलेज पार्क - 01 वाहन
थाना दादरी - 01 वाहन
थाना कासना - 01 वाहन
थाना दनकौर - 02 वाहन
थाना जेवर - 02 वाहन
थाना रबूपुरा - 01 वाहन
थाना बीटा-2 - 01 वाहन

**अत्याधुनिक उपकरणों से लैस वाहन**

इन सभी पीआरवी वाहनों को अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित किया गया है तथा इन्हें संबंधित क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए तैनात किया गया है।

# पाकिस्तान में लश्कर कमांडर की हत्या, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### मुरिदके स्थित केंद्र में ईद की नमाज के बाद हुई घटना



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के मुरिदके क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख धार्मिक परिसर में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कमांडर बिलाल आरिफ सलाफी की अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या किए जाने की खबर सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना ईद की नमाज के तुरंत बाद हुई, जब हमलावरों ने परिसर के भीतर ही उन्हें निशाना बनाया। घटना के बाद स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है।

**उच्च सुरक्षा वाले परिसर में हुई वारदात**

बताया जा रहा है कि जिस परिसर में यह घटना हुई, उसे अत्यंत सुरक्षित माना जाता है। ऐसे में हमलावरों का वहां तक पहुंचना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि हमलावर पहले से ही परिसर के भीतर मौजूद हो सकता था।

**जांच में जुटी एजेंसियां**

घटना के बाद इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुट गई हैं। हमलावरों की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**क्षेत्रीय सुरक्षा पर असर की आशंका**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर प्रभाव डाल सकती हैं। साथ ही, यह भी संकेत मिलता है कि आतंकी संगठनों के भीतर भी सुरक्षा चुनौतियां बढ़ रही हैं।

# जुहू तट पर “दुःख सुनने” का अनोखा काम, वीडियो हुआ वायरल

### लोगों का दर्द सुनने के लिए लेता है शुल्क, समाज में बढ़ते अकेलेपन पर उठे सवाल

मुंबई। जुहू बीच से एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसका वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति लोगों का दुःख सुनने के बदले निर्धारित शुल्क लेता हुआ दिखाई दे रहा है।

**दुःख सुनने के लिए तय हैं दरें**

वायरल वीडियो के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने दुःख सुनने के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित कर रखे हैं–
सामान्य दुःख सुनने के लिए - 250 रुपये
गंभीर दुःख के लिए - 500 रुपये
साथ बैठकर रोने के लिए - 1000 रुपये

बताया जा रहा है कि कई लोग उसके पास बैठकर अपने मन की बात साझा कर रहे हैं।

# गढ़ी चौखंडी में 600 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास

### 37.89 लाख की लागत से बनेगी सड़क, जल निकासी के लिए नालों का भी निर्माण

नोएडा, संवाददाता **समाज जागरण**

नोएडा विधायक पंकज सिंह ने ग्राम गढ़ी चौखंडी में पुस्ता से श्मशान घाट तक लगभग 37.89 लाख रुपये की लागत से 600 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस परियोजना के अंतर्गत सड़क के दोनों ओर जल निकासी हेतु नालों का निर्माण भी नोएडा प्राधिकरण द्वारा कराया जाएगा।



**लंबे समय से थी क्षेत्र की मांग**

यह सड़क ग्राम गढ़ी चौखंडी एवं आसपास की कॉलोनियों के निवासियों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जिसके पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

**स्थानीय लोगों ने जताया आभार**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कॉलोनी एवं ग्रामवासियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्थन में नारे लगाए।

**कार्यक्रम में रहे अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नोएडा महेश चौहान, मेसी यादव, सुशील यादव, चंदगीराम यादव, संजय बाली, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, रतनपाल यादव, सुदेश तोमर, मनीष तिवारी, महावीर, अनिल, रमेश यादव, भागमल शर्मा, जयवीर यादव, सुन्दर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म व हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

ऑपरेशन ‘कनविक्शन’ के तहत प्रभावी पैरवी से मिली सजा

आजमगढ़। आजमगढ़ पुलिस एवं अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से दुष्कर्म कर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने एक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 1 लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

**समयबद्ध जांच व सशक्त पैरवी का परिणाम**

यह कार्रवाई ‘ऑपरेशन कनविक्शन’ के अंतर्गत की गई, जिसके तहत पुलिस द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन, समयबद्ध विवेचना तथा प्रभावी पैरवी प्रस्तुत की गई।

# मेरठ का खेल सामग्री उद्योग उभार पर, उत्तर प्रदेश बनेगा वैश्विक विनिर्माण शक्ति

### जेवर हवाई अड्डा व परिवहन केंद्र से निर्यात को मिलेगी गति

**विशेष रिपोर्ट उद्योग**
**समाज जागरण**

लखनऊ, 21 मार्च। प्रदेश सरकार की उद्योग प्रोत्साहन नीतियों तथा समूह आधारित विकास पद्धति के परिणामस्वरूप मेरठ खेल सामग्री निर्माण के क्षेत्र में एक सशक्त केंद्र के रूप में उभर रहा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट किया गया है कि पारंपरिक विनिर्माण समूहों को आधुनिक तकनीक एवं नीतिगत सहयोग मिलने पर भारत वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकता है।

**मजबूत औद्योगिक आधार**

मेरठ लंबे समय से देश का प्रमुख खेल सामग्री निर्माण केंद्र रहा है। यहां 250 से अधिक निर्यात इकाइयां, 1,000 से अधिक घरेलू इकाइयां, 4,000 से अधिक सूक्ष्म उद्यम तथा लगभग 20,000 लघु उत्पादन इकाइयां कार्यरत हैं।

यहां क्रिकेट बल्ला, फुटबॉल, मुक्केबाजी दस्ताने तथा व्यायाम उपकरणों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाता है।

**आधारभूत संरचना में सुधार से बढ़ी क्षमता**

प्रदेश सरकार द्वारा सड़क मार्गों, द्रुतगामी मार्गों तथा परिवहन सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तीय सहायता, तकनीकी उन्नयन तथा कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता एवं क्षमता में वृद्धि हुई है।

**वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य**

वर्तमान में भारत की वैश्विक खेल सामग्री निर्यात में हिस्सेदारी लगभग 0.5 प्रतिशत है, जिसे वर्ष 2036 तक बढ़ाकर 11 प्रतिशत (लगभग 8.1 अरब अमेरिकी डॉलर) करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

यद्यपि कच्चे माल की लागत, आयात शुल्क तथा तकनीकी सीमाएं इस क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियां हैं, तथापि इनके समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**नोएडा क्षेत्र बनेगा प्रमुख परिवहन केंद्र**

नोएडा क्षेत्र इस उद्योग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (जेवर) तथा ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रहा आधुनिक परिवहन केंद्र निर्यात को तीव्र एवं किफायती बनाएगा। इससे आवागमन का समय घटेगा तथा लागत में कमी आएगी।

**वैश्विक आयोजनों से बढ़ेगी मांग**

आगामी राष्ट्रमंडल खेल 2030 तथा संभावित ओलंपिक 2036 जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के कारण खेल सामग्री की मांग में वृद्धि की संभावना है।

**समाज जागरण टिप्पणी**

पारंपरिक औद्योगिक क्षमता, आधुनिक तकनीक तथा सुदृढ़ आधारभूत संरचना के समन्वय से मेरठ का खेल सामग्री उद्योग वैश्विक पहचान की ओर अग्रसर है। यदि नीतिगत सहयोग इसी प्रकार बना रहा, तो उत्तर प्रदेश शीघ्र ही देश के प्रमुख निर्यातक प्रदेशों में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकता है।

# योगी सरकार ने बनाया यूपी को बीमारू से सर्वोत्तम प्रदेश: कृषि मंत्री

### कृषि क्षेत्र में हुए कायाकल्प का किया जिक्र, कहा- योगी सरकार ने किसानों की जितनी मदद की, उतनी आज तक किसी सरकार ने नहीं की

**योगी सरकार में 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये कर्ज किया गया माफ**

**किसानों को किया गया 3 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान**

**बीते 9 वर्षों में 547 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन हुआ उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन**

**समाज जागरण**

लखनऊ/देवरिया, 21 मार्च। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को देवरिया में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 9 वर्षों में कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। राज्य की स्थापना के बाद से अब तक की सभी सरकारों में योगी सरकार का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा है। कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधारों, किसानों को सीधे लाभ, सिंचाई विस्तार, उत्पादन वृद्धि और तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक नए कृषि मॉडल के रूप में स्थापित किया गया है। योगी सरकार ने न केवल किसानों की आय बढ़ाई, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की दिशा में अग्रसर किया।

**कानून व्यवस्था से लेकर कृषि तक बड़ा बदलाव**

कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश की छवि को पूरी तरह बदल दिया है। पहले प्रदेश में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, अपहरण, फिरौती, माफियाराज और जंगलराज का बोलबाला था, जिसे पूरी तरह समाप्त किया जा चुका है। इसी के साथ सरकार ने किसानों के लिए खजाना खोल दिया। योगी सरकार ने किसानों की जितनी मदद की, उतनी मदद पहले किसी सरकार ने नहीं की। 9 वर्ष पहले प्रदेश के किसान हर साल आत्महत्या करने पर मजबूर होते थे। वे हताश और निराश थे तथा भय के वातावरण में जी रहे थे। खाद, बिजली व पानी तक की समुचित व्यवस्था नहीं थी। सरकार किसानों की उपज की खरीद भी नहीं करती थी। गन्ना किसानों का भुगतान तीन-चार साल तक लंबित रहता था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई थी।

**किसानों का कर्ज माफ, आत्महत्या पर लगी रोक**

सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले किसानों को राहत देने का बड़ा निर्णय लिया। 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का बैंक कर्ज माफ किया गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से लागू की गई। इस कदम का उद्देश्य केवल आर्थिक राहत देना नहीं था, बल्कि किसानों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकना और उन्हें नई शुरूआत का अवसर देना भी था।

**सिंचाई, बीज व संसाधनः खेत तक पहुंचा विकास**

कृषि मंत्री शाही ने कहा कि योगी सरकार ने उत्कृष्ट बीज उपलब्ध कराने, पर्याप्त खाद की व्यवस्था करने और सिंचाई संसाधनों का विस्तार करने पर विशेष ध्यान दिया। 20-30 साल पुरानी नहरों को ठीक कराया गया और अधूरी परियोजनाओं को पूरा कर 30 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही 92 हजार से अधिक पीएम कुसुम सोलर पंप लगाए गए, जिन पर किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया। इससे किसानों को सालभर बिना बिजली के निर्बाध सिंचाई की सुविधा मिली।

**बिजली, ट्यूबवेल व गन्ना भुगतान से मिली राहत**

कृषि मंत्री ने बताया कि 16 लाख किसानों के नलकूपों के बिजली बिल माफ किए गए और 3600 करोड़ रुपये का बिजली बिल सरकार भर रही है। गन्ना किसानों की स्थिति सुधारने के लिए लंबित भुगतान जारी किया गया। अब तक 3 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। योगी सरकार का कार्यकाल पहले के 22 वर्षों की सरकारों के बराबर साबित हुआ है। गन्ना मूल्य को 300 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति कुंतल किया गया, जिससे किसानों की आय में सीधा इजाफा हुआ और वे आर्थिक रूप से मजबूत हुए।

**डीबीटी और सम्मान निधि से सीधा लाभ**

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को पंजीकृत कर 99 हजार 500 करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में भेजे गए। यह राशि इतनी है जितना भुगतान समाजवादी पार्टी सरकार के समय एक साल में गन्ना मूल्य के रूप में होता था। डीबीटी के माध्यम से सभी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों बढ़े हैं।

**फसल बीमा व क्षतिपूर्तिः संकट में भी सुरक्षा**

कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 9 वर्षों में 67 लाख 52 हजार किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 5660 करोड़ 33 लाख रुपये की सहायता दी गई। वहीं, इस वर्ष खरीफ सीजन में 5 लाख 39 हजार किसानों को 532 करोड़ 17 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है। मार्च के अंत तक सवा दो लाख अतिरिक्त किसानों को 170 करोड़ रुपये और दिए जाने की योजना है।

**उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धिः यूपी बना अग्रणी राज्य**

कृषि मंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन 547 लाख मीट्रिक टन था, जो बढ़कर 2024-25 में 737 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उत्तर प्रदेश आज खाद्यान्न उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। इसके अलावा, दूध उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। आम, गेहूं, धान और गन्ना उत्पादन में भी प्रदेश देश में नंबर-1 है।

**तकनीक, नवाचार व संस्थागत विस्तार**

कृषि मंत्री शाही ने बताया कि कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कृषि यंत्रों का उपयोग बढ़ाया गया है और ड्रोन तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। ह्यड्रोन दीदीह्व जैसी पहल के माध्यम से नई तकनीकों को खेत तक पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुशीनगर में नया कृषि विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है, जो प्रदेश का पांचवां राजकीय कृषि विश्वविद्यालय होगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा एक और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। बड़े जिलों में अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए गए हैं और 824 विकास खंडों में से 480 में किसान कल्याण केंद्र बनाए जा रहे हैं। बैतालपुर में स्थापित केंद्र इसका उदाहरण है, जहां किसान प्रशिक्षण, बीज व दवाइयां प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने बीमारू उत्तर प्रदेश की छवि को बदलकर इसे खाद्यान्न, चीनी और दूध उत्पादन करने वाला देश का अग्रणी राज्य बना दिया है। योगी सरकार के 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश का कृषि क्षेत्र न केवल सशक्त हुआ है,

# जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि नन्द गिरि जी महाराज का प्रयागराज में भव्य स्वागत

### त्रिवेणी संगम से आरंभ किया प्रथम आगमन, शीघ्र निकलेगी ‘हिंदू स्वाभिमान यात्रा’

**समाज जागरण**

प्रयागराज। स्वामी चक्रपाणि नंद गिरी जी महाराज का प्रयागराज में जगद्गुरु पद पर अभिषेक के उपरांत प्रथम आगमन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उनके स्वागत हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जगद्गुरु महाराज ने अपने गुरुदेव के निदेर्शानुसार प्रातःकाल त्रिवेणी संगम पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात उन्होंने वेणी माधव मंदिर, महर्षि भारद्वाज आश्रम तथा माँ ललिता देवी मंदिर सहित प्रयागराज के प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन किए।

**गुरुदेव का लिया आशीर्वाद**

इसके उपरांत वे जूना अखाड़ा, कीडगंज स्थित आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पूज्य गुरुदेव हरि गिरि जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धर्म एवं राष्ट्रहित के विषयों पर विचार-विमर्श किया।

**भाजपा नेताओं व श्रद्धालुओं ने किया स्वागत**

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार नारायण ने अपने सहयोगियों के साथ पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र अर्पित कर जगद्गुरु महाराज का भव्य स्वागत किया। उन्होंने इसे प्रयागराज एवं देश के लिए गौरव का विषय बताया तथा शीघ्र ही एक विशाल स्वागत समारोह आयोजित करने की घोषणा की।



**‘हिंदू स्वाभिमान यात्रा’ की घोषणा**

पत्रकारों से वार्ता करते हुए जगद्गुरु महाराज ने कहा कि शीघ्र ही देशभर में ह्वहिंदू स्वाभिमान यात्राह्व निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य धर्म रक्षा, गौ रक्षा, मंदिरों की सुरक्षा तथा संतों एवं गौभक्तों की रक्षा सुनिश्चित करना होगा।

**न्याय व्यवस्था पर जताया विश्वास**

वृंदावन में गौभक्त परसा बाबा की हत्या के विषय में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि दोषियों को शीघ्र ही न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।

**श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद**

कार्यक्रम में कौशलेंद्र नाथ सिंह “सौरभ” सहित अनेक श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सुमित श्रीवास्तव, आर. के. श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, भानु प्रताप सिंह, अमित श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# साहनपुर में मुल्क की खुशहाली के लिए एक साथ उठें हजारों हाथ

## ईदगाह पर प्रतिनिधियों शासन व प्रशासन ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी।

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर साहनपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का पर्व बेहद उत्साह, अकीदत और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। शनिवार सुबह साहनपुर की ईदगाह मे हजारों नमाजियों ने एक साथ नमाज अदा कर देश की तरक्की,अमन-चैन और खुशहाली के लिए हाथ उठाकर दुआएं मांगीं। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला देर तक चलता रहा, जिससे पूरे साहनपुर मे मोहब्बत और एकता का संदेश गूंज उठा। साहनपुर की मुख्य ईदगाह में प्रातः सवा आठ बजे ईद की नमाज अदा की गई। खुतबे में कहा कि ईद दिलों को जोड़ने और आपसी मोहब्बत को मजबूत करने का त्योहार है।लोगो से अपील की कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे समाज में किसी को परेशानी हो त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा भारी पुलिस बल तैनात रहा शांति और सुरक्षा बनी रही।



# मानक के आधार पर नाला निर्माण न होने पर जनता में आक्रोश।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर पंचायत मक्खनपुर बाईपास चौराहा से पल्लवी कोल्ड रोड पर बन रहा नाला जनता में आक्रोश मौके पर जनता ने ठेकेदार से मानक के अनुसार नहीं बनाने का आरोप लगाया है। नाला ठेकेदार कोई भी दस्तावेज नही दिखा पा रहा है कई दिनों से काम बंद था इससे पहले खबर चलने पर काम रोक दिया गया था आज काम चालू हो थे। ही जनता मौके पर पहुंच गई और उसने कराया बंद कराया मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा जेई भी देखने नहीं आ रहे हैं नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी मौके पर पहुंची पर उन्होंने कुछ नही कहा नाले में आ रही रुकावट पर जनता का कहना है मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं आते नगर पंचायत अधिकारी ना ही अध्यक्ष मौके पर आते हैं। नाला भी टेढ़ा-मेढ़ा बनाया जा रहा है कई परियोजना ऐसी चल रही है जो की मानक के अनुसार नही बोर्ड लगा रहे हैं कोई नियम से काम नहीं हो रहा है नगर पंचायत में ठेकेदार कह रहा था मैंने काम बंद कर दिया है मुझे नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आने पर नाला खोदा जाएगा।



# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 50 मामलों की सुनवाई, 11 का निस्तारण

**समाज जागरण, बहजोई।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में संचालित पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में आयोजित की गई। बैठक नियमित काउंसलिंग केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई।

बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। कुल 50 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 11 मामलों का निस्तारण किया गया। एक परिवार को आपसी सहमति से पुनः मिलाया गया, जबकि 8 पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा आगे कार्रवाई में रुचि न लेने के कारण बंद कर दिया गया। वहीं 2 मामलों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई।



इस अवसर पर काउंसलर संगीता भार्गव, लव मोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत एवं महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गुन्नौर ईद मिलन समारोह में शामिल हुए ब्लॉक प्रमुख हनी यादव

**समाज जागरण**

गुन्नौर ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य रसूलपुर वार्ड 18 व धनारी वार्ड 19 के उम्मीदवार आशीष कुमार उर्फ हनी यादव ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आयोजित ईद मिलन समारोह में शिरकत की। मौके



पर ब्लॉक प्रमुख हनी यादव ने गले मिलकर मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की बधाई दी सेवई का आनंद भी उठाया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारगी को बढ़ावा देता है।इस मौके पर कांगेस यूथ जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन, गुड्डा खान ,जाहिद हुसैन,इमरान सैफी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का डा. रचना पाल ने किया कार्यालय पर जोरदार स्वागत, बधाई दी

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिजनौर के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से डॉ. रचना पाल द्वारा अपने कार्यालय पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रचना पाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का सभी पदाधिकारी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित



पदाधिकारियों ने भी डॉ. रचना पाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम का माहौल उत्साह एवं उल्लासपूर्ण रहा। महा मंत्री दिनेश, नरेश भाटी, बलराज त्यागी, रजनी कालरा, माया पाल, रवि चौधरी, नीरज विश्नोई, जितेंद्र राजपूत, विनोद राठी, शिखा गुप्ता, सुनील राजपूत, गोपाल धीमान, संजीव गुप्ता, मानव सचदेवा, पूनम शर्मा, राजकुमार उपस्थित रहे।

# फायरिंग कांड में पुलिस एक्शन तेज, 3 आरोपी गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त मुठभेड़ में घायल।

**समाज जागरण**

फिरोजाबादः- थाना टूण्डला क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में 20 मार्च 2026 को हुए फायरिंग कांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में अवैध असलहे से फायरिंग कर तीन लोगों को घायल कर दिया गया था, जिसके बाद थाना टूण्डला में मुकदमा संख्या 131/2026 दर्ज किया गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपी पुष्पेन्द्र और पवन को घटना की रात ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं मुख्य आरोपी जवाहर लाल उर्फ मोहन पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी जवाहर लाल हिरनगांव रोड की तरफ छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी, लेकिन खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।



घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीमों द्वारा अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# फिरोजाबाद में कैंडल मार्च, गौ रक्षक फरसा वाले बाबा को दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शहर में शनिवार को गौ रक्षक फरसा वाले बाबा की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। बताया गया कि मथुरा में गौ माता को बचाने के दौरान गौ तस्करों द्वारा उन पर ट्रक चढ़ा दिया गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में गौ रक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और न्याय की मांग उठाई।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहन बजरंगी (जिला अध्यक्ष, बजरंग दल), शिवम कुलश्रेष्ठ (उत्तर प्रदेश मंत्री), अभिषेक राठौर, प्रशांत गौड़, उपेंद्र बंसल, आकाश सनातनी (जिला मीडिया प्रभारी), सूरज जाट, अभिषेक यादव, अमित कुशवाह, हर्ष वर्मा, यश कुशवाहा (जिला उपाध्यक्ष), राजा गुप्ता, अमित गुप्ता, राजा प्रजापति, कन्हैया शर्मा, शौर्य प्रताप, राम राजपूत सहित अनेक गौ रक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौ रक्षक की हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कैंडल मार्च के माध्यम से लोगों ने एकजुट होकर न सिर्फ श्रद्धांजलि दी, बल्कि न्याय की आवाज भी बुलंद की।

# सुन्नी मदीना मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

**समाज जागरण**

संभल।बहजोई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिसारू सुन्नी मदीना मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज हाफिज इमाम के द्वारा शांतिपूर्ण कराई गई लोगों ने खुदा की बारगाह में हाथ फैला कर देश में अमन और सुकून भाईचारे के लिए दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगा कर और एक दूसरे को ईद कि बधाइयां भी दी, नन्हे मुन्ने छोटे बच्चे भी हंसते मुस्कुराते हुए ईद का लुत्फ उठाते हुए नजर आए और कमेटी मेंबर और ग्राम प्रधान इसरार सैफी ने सभी देशवासियों को ईद उल फितर की बधाई दी, इस अवसर पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने विभिन्न नमाज स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन की सतर्कता के चलते कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।



ईद के मौके पर बाजारों में भी खासा रौनक देखने को मिली। लोगों ने नए कपड़े पहने, बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। मिठाइयों और सेवइयों की दुकानों पर भी भीड़ लगी रही। लोगों ने अपने घरों में खास पकवान बनाए और मेहमानों का स्वागत किया। धार्मिक विद्वानों ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार हमें प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। यह दिन हमें गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की भी सीख देता है। कुल मिलाकर जनपद संभल में ईद का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जो आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल पेश करता है।

# 'दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान 2026' की सफलता के लिए बनाई रणनीति

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जसराना के सांगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह जी के नेतृत्व में विभिन्न मंडलों की कार्यसमिति बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य आगामी 'दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान 2026' की विस्तृत योजना रचना तैयार करना और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना रहा।

क्रमवार बैठकों का विवरणः

एका मण्डलः जिलाध्यक्ष ने पहली बैठक एका मंडल के अंतर्गत आलमपुर में की, जहाँ उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

पाढम मण्डलः दूसरी संगठनात्मक बैठक पाढम मंडल के ग्राम भगनेर में मंडल कार्यसमिति के साथ संपन्न हुई।

जसराना मण्डलः तीसरी महत्वपूर्ण बैठक जसराना मंडल के कामाख्या धाम में आयोजित की गई।



प्रशिक्षण अभियान पर जोर

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि "दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान 2026" संगठन की वैचारिक नींव को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बूथ स्तर तक इस अभियान की योजना को प्रभावी ढंग से लागू करें।

गरिमामयी उपस्थिति

इन बैठकों के दौरान जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहेः

जिला उपाध्यक्षः सुरेन्द्र सावन झा एवं पूरन सिंह लोधी

जिला महामंत्रीः ओमेंद्र बघेल

जिला मंत्रीः शीलू सविता

मंडल अध्यक्षः अमलेश लोधी, कमलेश लोधी,एवं मानपाल लोधी, उमाशंकर लोधी, मोंटी भारद्वाज, राजीव राजपूत, नीलकमल यादव, अभिषेक चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र रावत, छोटू कठेरिया, अमलेंद्र लोधी,आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका द्वारा लगाए गये कैंप में चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता व अन्य।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। ब्लॉक के ग्राम मइयामई में सफाईकर्मी की अनुपस्थिति के चलते गांव की नालियां गंदगी और कीचड़ से भर गई थीं। जगह-जगह कूढ़े के ढेर लगे हुए थे। इन सबको देख ग्राम प्रधान ने शनिवार को खुद झाड़ू और फावड़ा उठा लिया। उसने नालियों की सफाई की और कूड़े को फावड़े से भरकर फेंका। जिसको देख ग्रामीण भी हैरान रह गये।



प्रधान का आरोप है कि गांव में एक सफाई कर्मचारी सुधीर तैनात है। वह महीने में एक या दो बार ही गांव में दिखता है। वह भी सफाई नहीं करता है। आरोप है कि सफाई कर्मचारी से गांव में सफाई करने के लिए कहा, लेकिन उसने सफाई नहीं की। ज्यादा गंदगी देख और नालियां चौक देख शनिवार को ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह ने स्वयं नालियों की सफाई की और उनमे भरा कूड़ा निकाल कर फेंका। प्रधान की इस कार्यवाही से ग्रामीणों ने स्थानीय सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार शिकोहाबाद ब्लॉक के सफाईकर्मी सुधीर की अनुपस्थिति के कारण ग्राम पंचायत मइयामई में नियमित सफाई नहीं होती है। गांव में जगह.जगह कूड़े के ढेर लगे हुए थे, ओर नालियां पूरी तरह से बंद थीं। इन हालातों को देखते हुए ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह ने खुद सफाइ का जिम्मा उठाया। ग्राम प्रधान जोगेंद्र सिंह को स्वय कावडा लेकर कूडा गाडी में भरत हुए देखा तो लोग हैरान रह गये। जब उनसे इस संबंध में पूछा तो प्रधान ने बताया कि नियुक्त सफाईकर्मी सुधीर महीने में केवल एक बार ही गांव आता है। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी शायद ही कभी गांव आता हे,. जिसके कारण गंदगी की समस्या लगातार बनी रहती हे। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पडता है। प्रधान ने नाली साफ करके लोगों को राहत पहुंचाई है।

# पुलिस अधीक्षक सम्भल महोदय द्वारा ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर ईदगाह का किया गया भ्रमण

**समाज जागरण**

बहजोई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर थाना हयातनगर क्षेत्रान्तर्गत कमालपुर सराय मुख्य ईदगाह का भ्रमण किया गया तथा भ्रमणशील रहकर एवं ड्रोन के माध्यम से सतर्क दृष्टि रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पर्व को आपसी सदभाव व शान्तिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी एवं सभी को शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संभल, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), सम्भल, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी संभल आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।



# भारतीय नौसेना अपने नवीनतम स्टील्थ युद्धपोत 'तारागिरी' को कमीशन करने के लिए तैयार है



भारतीय नौसेना, भारत की समुद्री संप्रभुता के एक निर्णायक समारोह में 3 अप्रैल 2026 को अपने नवीनतम स्टील्थ युद्धपोत, तारागिरी (एफ41) को कमीशन करने की तैयारी कर रही है। विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह राष्ट्र के पूर्णतः आत्मनिर्भर नौसैनिक शक्ति बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयास का एक सशक्त प्रमाण होगा।

प्रोजेक्ट 17ए श्रेणी के चौथे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म के रूप में तारागिरी केवल एक युद्धपोत नहीं है; यह 6,670 टन का 'मेक इन इंडिया' भावना और हमारे स्वदेशी शिपयार्डों की परिष्कृत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है।

मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित यह युद्धपोत अपने पूर्ववर्ती डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत विकास का प्रतिनिधित्व करता है। इसका आकार अधिक सुव्यवस्थित है और इसमें कम रडार क्रॉस-सेक्शन है, जिससे यह घातक स्टील्थ तकनीक से कार्य करने में सक्षम है। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना यह युद्धपोत घरेलू औद्योगिक तंत्र की परिपक्वता को दशार्ता है। इस कार्य में अब 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) शामिल हैं। जो भारत सरकार की आत्मनिर्भरता पहल में योगदान करते हुए हजारों भारतीयों को रोजगार प्रदान करते हैं। तरागिरी एक संयुक्त डीजल या गैस (सीओडीओजी) प्रणोदन संयंत्र द्वारा संचालित है, जिसे 'उच्च गति- उच्च सहनशक्ति' की बहुमुखी प्रतिभा और अनेक समुद्री अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। युद्धपोत का हथियार भंडार विश्व स्तरीय है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली हैं। ये प्रणालियाँ अत्याधुनिक युद्ध प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से निर्बाध रूप से एकीकृत हैं जिससे चालक दल पलक झपकते ही खतरों का जवाब दे सकता है।

समुद्र में अग्रणी शिकारी होने के अलावा, तारागिरी आधुनिक कूटनीति और मानवीय संकटों की जटिलताओं के लिए भी उपयुक्त है। इसकी अनुकूल मिशन प्रोफाइल इसे उच्च-तीव्रता वाले युद्ध से लेकर मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) तक हर चीज के लिए आदर्श बनाती है।

भारतीय नौसेना एक युद्ध-परिचित, एकजुट, विश्वसनीय और आत्मनिर्भर बल के रूप में निरंतर विकसित हो रही है, जो भारतीयों द्वारा डिजाइन किए गए, भारतीयों द्वारा निर्मित और भारतीयों द्वारा संचालित जहाजों से संरक्षित विकसित और समृद्ध भारत के लिए समुद्रों की रक्षा कर रही है। तारागिरी एक उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार है, जो बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रतीक और हमारी नीली सीमाओं का अभेद्य रक्षक है।

# पीडीयूएनएएसएस ने डीओपीटी द्वारा प्रायोजित अनुभवात्मक शिक्षण उपकरणों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्थान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस) ने नई दिल्ली स्थित अपने परिसर में 16 से 20 मार्च, 2026 तक अनुभवात्मक शिक्षण उपकरण (ईएलटी) पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम (टीडीपी) के तहत आयोजित किया गया था। यह सिविल सेवाओं में क्षमता विकास और प्रशिक्षण तंत्र को मजबूत करने पर सरकार के निरंतर प्रयास को दशार्ता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षकों में अनुभवात्मक अधिगम पद्धतियों का उपयोग करते हुए प्रभावी, शिक्षार्थी-केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने और प्रदान करने के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास करना था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सहभागिता बढ़ाने, व्यावहारिक अनुप्रयोग और वास्तविक दुनिया के संदर्भों के माध्यम से अधिगम परिणामों में सुधार करना था। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा सत्र संचालित किए गए जिनमें बीएसएफ के कमांडेंट श्री संदीप गुप्ता और व्याख्याता श्री लक्ष्मण मानिकपुरी शामिल थे। कार्यक्रम में केस स्टडी, रोल प्ले, सिमुलेशन, फील्ड आधारित शिक्षण और समूह अभ्यास जैसे कई अनुभवात्मक उपकरणों को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में संवादात्मक और सहभागी दृष्टिकोण अपनाया गया। इस प्रशिक्षण में व्यावहारिक अभ्यास, चिंतनशील अधिगम और सहयोगात्मक सहभागिता पर जोर दिया गया ताकि प्रतिभागी समकालीन शासन आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावशाली प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार कर सके। समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, पीडीयूएनएएसएस के निदेशक कुमार रोहित ने आधुनिक क्षमता विकास में अनुभवात्मक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहाः अनुभवात्मक शिक्षण उपकरण प्रशिक्षकों को गहन और परिणामोन्मुखी शिक्षण वातावरण बनाने में सक्षम बनाते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ज्ञान को सेवा वितरण में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। पीडीयूएनएएसएस 'विकसित भारत' की परिकल्पना के अनुरूप एक सक्षम, उत्तरदायी और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण हेतु नवीन शिक्षण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ऑपरेशन सवेरा में बड़ी कार्रवाई, 233 किलो डोडा पोस्त के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### --19 लाख का मादक पदार्थ, नगदी, मोबाइल व ट्रक बरामद; झिंझाना व एएनटीएफ की संयुक्त टीम को सफलता

**समाज जागरण**

झिंझाना (फुरकान जंग )पुलिस और एएनटीएफ सहारनपुर यूनिट की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 233 किलो 940 ग्राम अवैध डोडा पोस्त (अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 19 लाख रुपये) 1640 रुपये नगद, दो मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त ट्रक बरामद किया है।पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए ऑपरेशन सवेराः नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में झिंझाना थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना ने विगत रात्रि संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीन मोहम्मद पुत्र रुकमद्दीन निवासी ग्राम कुतुबखेड़ी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर और मासूम अली पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम लौहरीपुर मल्लीपुर, कांधला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस के अनुसार आरोपियों के मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की गहन जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि जनपद को नशामुक्त बनाया जा सके।



# ऑपरेशन सवेरा: पुलिस का नशा-मुक्त समाज की ओर सशक्त अभियान

### ---युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कर स्वस्थ व सुरक्षित भविष्य के लिए किया जागरूक

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

ऑपरेशन सवेराः नशे के अंधकार से उज्ज्वल भविष्य की ओर अभियान के तहत पुलिस द्वारा जनपदभर में आमजन एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से नशा-मुक्त, सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में यह अभियान जनपद में निरंतर, सुनियोजित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत विशेष रूप से युवाओं को नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।शनिवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में थाना-स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।थाना आदर्शमंडी पुलिस ने ग्राम टिटौली में जन-संपर्क एवं जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों व युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशा-मुक्त समाज के निर्माण में भागीदारी की अपील की गई तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।कैराना पुलिस ने बनखंडी मंदिर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में लोगों को नशे से होने वाले गंभीर प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशा-मुक्ति संबंधी पंपलेट वितरित कर अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।कार्यक्रमों के दौरान पुलिस टीमों ने बताया कि नशा व्यक्ति की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और निर्णय क्षमता को प्रभावित कर मानसिक संतुलन बिगाड़ देता है।

यह शिक्षा, करियर और भविष्य को नुकसान पहुंचाने के साथ ही पारिवारिक कलह, अपराध, सड़क दुर्घटनाओं और आर्थिक संकट का कारण बनता है।पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच अपनाएं और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही आमजन से भी नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग की अपील की गई।




# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल: सख़्त अभियान

### --नो हेलमेट, नो फ्यूल नीति लागू, 470 वाहनों के चालान

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख़्ती बढ़ा दी है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं नियम को कड़ाई से लागू करते हुए शनिवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की गई और पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन न देने के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित कराया गया।

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा जनपद के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात निरीक्षक निधि चौधरी के नेतृत्व में बलवा चौराहा, टिकैत तिराहा, दिल्ली रोड, झिंझाना रोड पुल, रोडवेज बस अड्डा, बनत चौराहा, शिव चौक, धीमानपुरा फाटक, अंजता चौक, फव्वारा चौक और विजय चौक सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई।अभियान के दौरान पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को ईंधन न देने की व्यवस्था का सख्ती से पालन कराया गया। साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना में जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। बिना हेलमेट वाहन चलाना गंभीर खतरे को आमंत्रण देना है।अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 470 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें 384 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर किए गए।

इस दौरान वाहन चालकों को मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, रात्रि में हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करने, ओवरलोडिंग और ट्रिपल राइडिंग से बचने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा वाहन की नियमित जांच कराने की सलाह दी गई। साथ ही चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए गए।



# ईद-उल-फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा, अमन-चैन की मांगी दुआ

### --ईदगाहों व मस्जिदों में उमड़ा जनसैलाब, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच शांतिपूर्ण रहा माहौल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के दौरान लोगों ने हाथ उठाकर देश में अमन,चैन,और भाईचारे की दुआ मांगी।नगर की शाही ईदगाह में निर्धारित समय पर ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई, जहां मौलाना राशिद नूरुल हसन ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा बदरुल उलूम में मौलाना मोहम्मद आकील साहब ने नमाज पढ़ाई, जबकि मलकपुर ईदगाह में कारी मुबारक द्वारा नमाज अदा कराई गई।इसके साथ ही एलम, आल्दी, खंद्रावली, गंगेरू, इस्सोपुरटील सहित अन्य क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों में भी लोगों ने शांतिपूर्वक नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। दिन भर सभी दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को ईद उल फितर पर पहुंचकर मुबारकबाद दी।सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। ईदगाहों और प्रमुख स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ लगातार भ्रमण करते रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते पूरे क्षेत्र में ईद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



# शुभम बने युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

### भाजयुमो का बड़ा संगठनात्मक विस्तार

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी पेंड्रा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने जिले में बड़ा संगठनात्मक विस्तार करते हुए जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस व्यापक विस्तार को जिले में संगठन को नई ऊर्जा देने और युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन कुमार साय के कुशल मार्गदर्शन में तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निदेर्शानुसार यह नियुक्तियां की गई हैं। इस प्रक्रिया में संभागीय प्रभारी जगदीश रोहरा, जिला संगठन प्रभारी सुश्री ऋतु चौरसिया, भाजपा जिला ध्यक्ष लाल जी यादव एवं जिला कोषाध्यक्ष मुकेश दुबे की सहमति महत्वपूर्ण रही।इन सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे ने जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की विधिवत घोषणा की। गौरला क्षेत्र को मिला विशेष स्थान, कई प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं घोषित टीम में गौरला क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए कई युवा एवं सक्रिय कार्यकताओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है। जिला उपाध्यक्ष के रूप में शुभम ताम्रकार,जिला मंत्री प्रखर नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष मानस अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी आशीष दुबे,
सोशल मीडिया सह प्रभारी आगमन ताम्रकार को नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यसमिति सदस्य के रूप में सार्थक मेहता एवं मनीष जायसवाल को शामिल किया गया है।इसके साथ ही गौरला मंडल अध्यक्ष के रूप में मोहित सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।पूरे जिले में हुआ संगठन का विस्तार, अनेक पदों पर नियुक्तियां इस घोषणा के साथ ही पूरे गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में विभिन्न पदों पर अनेक कार्यकताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन का व्यापक विस्तार किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजयुमो अब जिले के हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में सक्रिय है।
युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने की रणनीति भाजयुमो के इस विस्तार में युवाओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लेते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

**आगामी समय में दिखेगा असर**

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह विस्तार आगामी चुनावों और संगठनात्मक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नई टीम बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाएगी। जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभ कामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह टीम संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और जिले में भारतीय जनता पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी।



# शहीद दिवस पर निकलेगी पदयात्रा, युवाओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

मेरा युवा भारत,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आगामी 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर जनपद सहित देशभर में जिला स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे महान युवा स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना है।इसी क्रम में जनपद में भव्य पदयात्रा निकाली जाएगी। मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मय भारत पोर्टल पर अनसुने नायकों एवं स्वतंत्रता सेनानियों पर ऑनलाइन क्विज आयोजित की जा रही है। इसके अलावा एक युवा ऐसा भी विषय पर रील प्रतियोगिता भी रखी गई है। 22 मार्च को श्रमदान पहल के तहत स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और सिविक सेंस चैलेंज का आयोजन होगा। शहीद दिवस के मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी, जिसके बाद एक संक्षिप्त स्मृति भाषण और पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में शामिल युवा स्वयंसेवक तिरंगा ध्वज, अभियान से संबंधित टोपी,बैज और संदेशों वाले प्लेकार्ड लेकर चलेंगे, जिन पर राष्ट्र निर्माण में युवा स्वतंत्रता का सम्मान करें,

जिम्मेदारी से कार्य करें और मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी जैसे संदेश अंकित होंगे।जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य युवाओं की भागीदारी से ही राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिल सकती है। ऐसे में सभी नागरिकों, युवा संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की गई है।

# ईद-उल-फितर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न, प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

ईद-उल-फितर का पर्व जनपद में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुआ। पर्व के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए।जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान एवं पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने थाना कैराना क्षेत्र के संवेदन शील स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ईदगाहों, मस्जिदों एवं प्रमुख चौराहों पर तैनात पुलिस बल को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।
अधिकारियों ने नमाज अदा कर लौट रहे लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन द्वारा पूर्व से ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी एवं अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, वहीं पुलिस द्वारा लगातार गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखी गई।
इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी के समन्वित प्रयासों से ईद-उल-फितर का त्यौहार जनपद में पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।



# थानाभवन पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी थानाभवन अमरदीप मौर्य के नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस टीम ने दिनांक विगत रात्रि को भनेडाउद्दा नहर पुल के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजय पुत्र मुकेश निवासी मोहल्ला कश्यप पुरी, कस्बा व थाना गढ़ी पुख्ता, जनपद शामली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया है पुलिस अन्य अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी हुई है।




# मंदिर भूमि से अवैध कब्जा हटाने में लापरवाही, प्रशासन पर उठे सवाल

**समाज जागरण कांधला।**

मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के मामले में प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। सहारनपुर मंडल आयुक्त को भेजे गए एक शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है।गाव मिमला निवासी परीक्षत ने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर आयुक्त कार्यालय ने उच्च न्यायालय के आदेश पर विगत 4 मार्च 2014 के अनुपालन में उप जिलाधिकारी शामली को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि उक्त भूमि पर धनपाल का अवैध कब्जा है और उनकी याचिका भी खारिज हो चुकी है।इसके बावजूद लंबे समय से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उप जिलाधिकारी स्तर पर आदेशों की अनदेखी की जा रही है, जिससे न्यायालय की अवमानना जैसी स्थिति बन रही है।इस संबंध में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति को भी पुनः प्रार्थना पत्र दिया गया है। समिति ने प्रकरण को गंभीर बताते हुए आयुक्त से निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।समिति ने यह भी कहा है कि 15 दिन के भीतर कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, अन्यथा मामले को न्यायालय में ले जाकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न के आरोपी पति को कांधला पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे महिला अपराधों के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस मैं दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा के मामले में कार्रवाई की है । अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के मामले में वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बीते दिनों कस्बा निवासी एक पीड़िता की मां द्वारा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि उसकी पुत्री को उसके पति नदीम पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला राजयजादगान, कस्बा व थाना कांधला तथा ससुराल पक्ष के अन्य लोग दहेज की मांग को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इस आधार पर विगत 15 मार्च को पुलिस ने धारा 85, 109(1) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति नदीम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है जल्दी उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।




# ईद पर महंगाई की मार: LPG की किल्लत ने बढ़ाई बिरयानी की कीमत, होटल मालिकों ने अपनाया पुराना तरीका

ईद का मौका है, लेकिन इस बार उत्साह कम दिख रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की वजह से कमर्शियल LPG सिलेंडर की सप्लाई अटक गई है। तमिलनाडु के होटल वाले अब मजबूरन आग की लकड़ी का सहारा ले रहे हैं। इससे खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़ने लगे हैं। सबसे ज्यादा असर बिरयानी पर पड़ा है, जो रमजान और ईद के समय सबसे ज्यादा मांग वाली डिश है। लोग कह रहे हैं कि परिवार के साथ जश्न मनाने का मजा ही फीका पड़ गया। होटल वाले पहले LPG पर ही सब कुछ बना रहे थे। अब लकड़ी पर शिफ्ट हो गए हैं। तमिलनाडु होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष एम वेंकदासुब्बू ने बताया कि इस बार होटलों ने बिरयानी के साथ-साथ उसके साथ आने वाले साइड डिश भी लकड़ी पर ही तैयार करने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा, जो भी साइड डिश लोग ऑर्डर करें, वो मिल जाएगा। लेकिन लकड़ी के दाम बढ़ने से सब कुछ महंगा हो गया है।



हमने डीप फ्राई वाले आइटम बेचना बंद कर दिया है क्योंकि वो ज्यादा तेल और समय लेते हैं।
चेन्नई में तो हालात और भी बुरे हैं। उद्योग के लोगों का कहना है कि करीब 90 फीसदी होटल मुनाफे में नहीं चल रहे। सिर्फ चेन्नई में बिजनेस में 30 फीसदी की गिरावट आई है। बाकी तमिलनाडु में भी 10 फीसदी असर पड़ा है। वेंकदासुब्बू ने आंकड़े देते हुए कहा, ह्लपब्लिक एग्जाम भी इस महीने चल रहे हैं, इसलिए होटलों में लोग कम आ रहे हैं। मैं नहीं सोचता कि आने वाले दिनों में हालात सुधरेंगे। लकड़ी महंगी हो गई है

# बड़ौत की गुड़ मंडी में कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार समापन

## शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी ने जीता द्वितीय स्थान

**समाज जागरण**



बड़ौत। प्रदेश सरकार द्वारा युवा कल्याण विभाग एवं प्रांतीय रक्षक दल ओर विद्या यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वा वधान में आयोजित तीन दिवसीय स्टेट चैंपियनशिप में कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला मेरठ जॉन की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत ओर आगरा जोन के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता में मेरठ जोन की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत बागपत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एडवोकेट विशेष तोमर पूर्व जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ द्वारा बताया गया कि मेरठ जोन की ओर से प्रतिभाग कर रही शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी बड़ौत की टीम कैप्टन कुमारी मीनाक्षी शर्मा को बेस्ट ऑलराउंडर के रूप में समापन सत्र के मुख्य अतिथि संयुक्त विकास आयुक्त मेरठ मंडल बलिराम सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि में तन्नू त्यागी, कुमारी लक्ष्मी, आस्था कोरी, भूमि, मानसी, निशा त्यागी, आशु तोमर, निक्की त्यागी का भी टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त कराने में सहयोग रहा। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग अधिकारी वैश्विक डबास, अंकित कुमार, सोनू कुमार, हरीश मिश्रा, मेरठ जिले के कबड्डी सचिव पोपिंद्र सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ईद मिलन समारोह में दिया आपसी सौहार्द का संदेश

## कार्यक्रम में लोगों ने की बढ़-चढ़कर भागीदारी

**समाज जागरण**
**अग्रवाल मंडी टटीरी।**



क्षेत्र के गांव सूरजपुर महनवा में ईद-उल-फितर के अवसर पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।
इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रोजुद्दीन, बशीर अहमद, वकील अहमद, सत्तार अहमद, शराफत और महबूब अली ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि समाज में एकता बनाए रखने के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। हाफिज यूनुस, हनीफ और साबिर ने भी अपने विचार रखते हुए आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया। हाफिज फरमान और हाफिज यूनुस ने कहा कि ईद-उल-फितर आपसी प्यार और भाईचारे का त्योहार है, जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद से पहले जरूरतमंदों को फितरा और जकात अदा करना भी बेहद जरूरी है। हनीफ खान और नफीस ने कहा कि त्योहार लोगों के जीवन में खुशियां लेकर आते हैं और सभी को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ इन्हें मनाना चाहिए। ताहिर अहमद, मोहम्मद कैफ, एहसान और हारून ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नफीस अहमद, कामिल, आबिद, इकरामुद्दीन, कामिल खान, नौशाद, नफीस, आसिफ मोहम्मद, असद खान, वकील अहमद, साहिल खान, आबिद ,राजू और अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं, गांव की मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई, जिसमें हाफिज फरमान ने नमाज पढ़ाई।
तकरीर में उन्होंने कहा कि ईद अल्लाह ताआला की ओर से रमजान के बाद मिलने वाला तोहफा है और सभी को मिलजुल कर इसे मनाना चाहिए। नमाज के बाद देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी तैनात रही।

## कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**समाज जागरण बड़ौत।**

बड़ौत में कांग्रेस की महिलाओं ने कंगना रनौत के खिलाफ प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि एक "नशा मुक्ति आयोग" का गठन किया जाए और कंगना रनौत को इसका अध्यक्ष बनाया जाए। कंगना



रनौत को माफी मांगनी चाहिए - उर्मिला सिंह कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह ने कहा कि कंगना रनौत ने राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उनकी भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस मौके पर कांग्रेस की महिला कार्यकताएं काफी संख्या में मौजूद रहीं और उन्होंने कंगना रनौत के खिलाफ बड़ौत नगर में प्रदर्शन किया।

# बागपत में पंकज मलिक एडवोकेट बने डिप्टी चीफ लीगल एन्ड डिफेंस काउंसिल

## उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने की नियुक्ति

**समाज जागरण**



बागपत। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत में वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज मलिक एडवोकेट को डिप्टी चीफ लीगल एन्ड डिफेंस काउंसिल नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तोमर ने कहा कि पंकज मलिक एडवोकेट की नियुक्ति से अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है। सुभाष तोमर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में डिप्टी चीफ लिगल कौंसिल के पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज मलिक एडवोकेट और असिस्टेंट लीगल एन्ड डिफेंस काउंसिल के पद पर अंकित तोमर एडवोकेट की नियुक्ति प्रदेश स्तर से हुई है। इस नियुक्ति पर अधिवक्तागण ने बधाई दी है।

# हाजी शकील शाह ने दिया भाईचारे का संदेश

## ईद मिलन कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम एकता का दिखा संगम

**समाज जागरण**



बड़ौत। कुरड़ी गांव में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हाजी शकील शाह के आवास पर ईद मिलन का कार्यक्रम बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का संगम देखने को मिला, जहां लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ईद की बधाई दी और आने-जाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।
हाजी शकील शाह का संदेश
समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हाजी शकील शाह ने इस अवसर पर कहा, "नफरत की आंधी को छोड़ कर प्यार को गले लगाकर एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। बागपत हमेशा अमन-चैन का प्रतीक रहा है और आगे भी रहेगा। समाज वादी पार्टी सरकार में हमेशा लोगों को गले लगाकर एक-दूसरे का सम्मान किया जाता रहा है और आगे भी यह सम्मान बरकरार रहेगा।
अखिलेश यादव की सरकार बनेगी

**– हाजी शकील शाह**

हाजी शकील शाह ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश के भाईचारे के साथ उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी और उत्तर प्रदेश एकता का प्रतीक रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया के सामने एक-दूसरे को ईद मुबारक की बधाई दी और क्षेत्र के लोगों को ईद के मौके पर सम्मानित भी किया।

## हर्ष शर्मा और रामनिवास का हुआ सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**

भाजपा जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं ने हर्ष शर्मा और रामनिवास को नामित सभासद बनाए जाने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष और पार्टी कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। रटौल नगर



पंचायत से भाजपा कार्यकर्ता रामनिवास को नामित सभासद बनाए जाने पर उनका भी स्वागत किया गया। हर्ष शर्मा ने पार्टी के उन्मूल्यों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अजय शर्मा, नवीनचंद शर्मा, अनिल चौहान, अमन शर्मा, अभिषेक शर्मा, रामनिवास, सन्नी आदि मौजूद रहे।

# भारत अभी सबसे आकर्षक एशियाई बाजार, हिल्टन होटल्स ने विस्तार की योजना बरकरार रखी

## दुनिया भर में 9,100 से ज्यादा होटलों वाली यह कंपनी भारतीय बाजार में ब्रांडेड कमरों की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर का फायदा उठाना चाहती है



अमेरिकी हॉस्पिटैलिटी चेन हिल्टन होटल्स भारत को एशिया के सबसे आकर्षक बाजारों में से एक मानती है। कंपनी ने दक्षिण एशियाई बाजार में विस्तार की योजना बरकरार रखी है। हिल्टन के अध्यक्ष (एशिया पैसिफिक) एलन वाट्स ने मुंबई के होप सम्मेलन से पहले बिजनेस स्टैंडर्ड को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ह्यभारत बड़े बदलाव से गुजर रहा है, जिससे चीन पहले गुजर चुका है।
उन्होंने विस्तार से बताया, चीन अभी वृद्धि के दो सबसे अच्छे दशकों से निकला है। इस दौरान उसके बुनियादी ढांचे में भी बहुत वृद्धि देखी गई। भारत अब उस राह की शुरूआत में है और जनसंख्या, बाहरी और भीतरी बिजनेस की संभावना और मजबूत घरेलू रुझान के साथ भारत वर्तमान में एशिया में सबसे आकर्षक बाजार है।

दुनिया भर में 9,100 से ज्यादा होटलों वाली यह कंपनी भारतीय बाजार में ब्रांडेड कमरों की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर का फायदा उठाना चाहती है।

वॉट्स ने कहा, भारत अभी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे कम आपूर्ति वाला हॉस्पिटैलिटी बाजार है। यहां लास वेगास की तुलना में कम ब्रांडेड होटल कमरे हैं, जो हमारी जैसी कंपनियों के लिए फायदे की बात है। वैश्विक होटल कंपनी नए होटलों के लिए समझौतों से इस कमी को पूरा कर रही है। इसमें सबसे नया गोवा में 148 कमरों वाला बीचफ्रंट वाल्डोर्फ एस्टोरिया ब्रांडेड रिजॉर्ट है, जो जयपुर और दिल्ली के बाद देश में उसकी तीसरी लग्जरी प्रॉपर्टी है। यह 2029 में खुलने वाला है। वाल्डोर्फ एस्टोरिया कंपनी के ब्रांडस्केप में सबसे ऊपर है, जिसमें कॉनराड, एलएक्सआर और डबलट्री जैसे नाम शामिल हैं।
हिल्टन के अभी भारत में 38 होटल हैं और 47 पर काम चल रहा है। कंपनी ने पिछले साल 22.6 फीसदी की रेवपार (प्रति उपलब्ध कमरा राजस्व) वृद्धि और उसी समय भारत में ऑक्यूपेंसी में दो अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा, ह्यमुझे भविष्य में कोई ऐसी आर्थिक घटना या रुकावट नहीं दिख रही है जिससे बिजनेस धीमा हो जाए। अभी जो कुछ भी मैक्रो नजरिए से हो रहा है, जिसमें भूराजनीतिक भी शामिल है, वह भारत के पक्ष में काम करता लग रहा है। उन्होंने कहा, लगातार इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ भारत में ट्रैवल और टूरिज्म के लिए बहुत लंबी राह है और यह एशिया में सबसे ज्यादा संभावना वाला बाजार बना हुआ है।

# पश्चिम एशिया युद्ध का असरः भारतीय पर्यटकों ने बदला रास्ता, अब थाईलैंड और वियतनाम बने पहली पसंद

## इन देशों में आगमन पर वीजा की सुविधा और डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के बावजूद लोगों की खर्च करने की बढ़ती इच्छा ने भी इन जगहों को और आकर्षक बना दिया है



पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण भारत से विदेश यात्रा का रुख अब दूसरी दिशा, यानी पूर्व की ओर बढ़ रहा है। थाईलैंड, वियतनाम, सिंगापुर, मॉरीशस, बाली, इंडोनेशिया, श्रीलंका, फिलिपींस और दूर के देश जैसे जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड अब ज्यादा लोकप्रिय हो रहे हैं।
इन देशों में आगमन पर वीजा की सुविधा और डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के बावजूद लोगों की खर्च करने की बढ़ती इच्छा ने भी इन जगहों को और आकर्षक बना दिया है।
मेकमाईट्रिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और सह संस्थापक राजेश मागो ने कहा, ह्यजब किसी विशेष क्षेत्र में समस्या होती है तब लोग अपनी यात्रा रद्द नहीं करते बल्कि दूसरी जगह चुन लेते हैं, चाहे वह भारत के अंदर हो या विदेश में कोई सुरक्षित जगह हो। अब भी यही रुझान देखने को मिल रहा है। उनके मंच पर जापान, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों के लिए खोज बढ़ गई है।
थॉमस कुक (भारत) लिमिटेड के अध्यक्ष और कंट्री प्रमुख राजीव काले ने कहा, दुनिया में पर्यटन की स्थिति बदल रही है। खासतौर पर कुछ क्षेत्रों में अनिश्चितता के कारण लोग अब जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे दूर के देशों के साथ-साथ श्रीलंका, नेपाल और भूटान जैसे नजदीक के देशों में भी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।
फेडरेशन एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म ऐंड हॉस्पिटैलिटी (फेथ) के एक बोर्ड सदस्य अनिल कलसी ने बताया कि भारत से विदेश यात्रा में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है जहां 86 लाख से ज्यादा लोग जाते हैं। वैश्विक अनुमान के मुताबिक पश्चिम एशिया में इस साल पर्यटन 11 फीसदी से 27 फीसदी तक घट सकता है और 2.3 से 3.8 करोड़ पर्यटकों की कमी हो सकती है। उन्होंने कहा, कुछ मार्गों पर बुकिंग 30 फीसदी से 60 फीसदी तक कम हो गई है, खासतौर पर ऐसे मार्ग जो पश्चिम एशिया से जुड़े हैं। ऐसे में पर्यटक अब दक्षिण-पूर्व एशिया और अन्य सुरक्षित जगहों की ओर जा रहे हैं। कोट्राव के सह संस्थापक विनोद कुमार साह के अनुसार, थाईलैंड, मलेशिया और वियतनाम जैसे देश भारत से करीब होने के साथ ही सस्ते और सुरक्षित होने के कारण ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।
एसओटीसी ट्रैवल के अध्यक्ष और कंट्री प्रमुख (हॉलीडे और कॉरपोरेट यात्रा) एसडी नंदकुमार ने कहा कि फिलीपींस, वियतनाम, मॉरिशस और मालदीव छोटी छुट्टियों के लिए अच्छे विकल्प हैं। उन्होंने कहा, एशिया में समुद्री यात्रा भी लोकप्रिय हो रही है जैसे सिंगापुर से डिज्नी एडवेंचर क्रूज जिसे भारतीय परिवार काफी पसंद कर रहे हैं है।

# इस साल लोग नए पर्यटन स्थलों का करेंगे रुख, लंबे वीकेंड का पूरा फायदा उठाने की योजना

## वियतनाम, स्पेन, कोलंबिया और चीन इस साल घूमने के लिए हो सकते हैं पसंदीदा स्थल



भारतीय पर्यटकों को इस साल नए गंतव्यों की तलाश रहेगी क्योंकि पूरे साल सप्ताहांतों पर लंबी छुट्टियों के कई मौके मिलने वाले हैं। यात्रा उद्योग के जानकारों का कहना है कि विस्तारित सप्ताहांतों से भरे साल 2026 में भारतीय यात्री बेहद निजी यात्राओं और अल्माटी एवं सापा जैसे उभरते हॉटस्पॉट के लिए पुराने गंतव्यों को छोड़ रहे हैं।
यात्रा प्लेटफॉर्म बुकिंग डॉट कॉम के अनुसार, वियतनाम में मुई ने, स्पेन में बिलबाओ, कोलंबिया में बारानक्विला और चीन में गुआंगझो इस साल घूमने के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में शामिल हो सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म के क्षेत्रीय प्रबंधक (दक्षिण एशिया) संतोष कुमार ने कहा, हमारे अनुसंधान से पता चलता है कि इस साल निजी यात्राओं की भरमार रहेगी और इससे पर्यटकों की वास्तविक दिलचस्पी का पता चलता है। शीर्ष वैश्विक गंतव्यों की हमारी सूची में यही रुझान दिखता है। बिलबाओ और मनौस जैसे हॉटस्पॉट के साथ कोच्चि के उदय से पता चलता है कि समृद्ध संस्कृति, इतिहास और प्रामाणिक प्राकृतिक सुंदरता वाले गंतव्यों की मांग बढ़ रही है।
अल्ट्रा-पर्सनलाइजेशन यानी बेहद निजी यात्रा भारतीय पर्यटकों के लिए एक नया मानक है। रोबोटिक-एनहांस्ड होम स्टे से लेकर ग्लोकेशन यानी बेस्पोक स्किनकेयर के लिए छुट्टियों तक पर्यटक अपनी खास जीवनशैली एवं तंदुरुस्ती संबंधी जरूरतों पर ध्यान दे रहे हैं। बुकिंग डॉट कॉम के 90 फीसदी से अधिक उपयोगकर्ता ऐसी मांग कर रहे हैं।
यात्रा प्लेटफॉर्म अगोडा के अनुसार, भारतीय लोगों के विदेशी पर्यटन के लिए अल्माटी एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है। कजाकिस्तान के इस सबसे बड़े शहर ने विदेश यात्रा के लिए भारतीय पर्यटकों द्वारा बुक किए गए गंतव्यों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। यह शहर 2024 की सूची में 47वें पायदान पर था जो 2025 में 12 पायदान ऊपर चढ़कर 35वें पर पहुंच गया।
अक्टूबर 2025 में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानों की बहाली के बाद इस रफ्तार में जबरदस्त तेजी आने की उम्मीद है। इससे एशियाई देशों में पर्यटन के लिए एक महत्त्वपूर्ण गलियारा खुल जाएगा।
अगोडा के कंट्री डायरेक्टर (भारतीय उपमहाद्वीप और हिंद महासागर द्वीप समूह) के गौरव मलिक ने कहा, इससे नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों में बढ़ती दिलचस्पी का पता चलता है। तियान शान पहाड़ी के बीच मौजूद अल्माटी अपने मनोरम दृश्य, एडवेंचर गतिविधियों और एक खास यूरेशियाई सांस्कृतिक अनुभव के साथ आकर्षित करता है।
एशिया के अन्य उभरते गंतव्यों में वियतनाम में सापा, इंडोनेशिया में बानडुंग और जापान में ओकायामा, मात्सुयामा एवं ताकामात्सु शामिल हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए काफी दिलचस्पी दिख रही है। यात्रा की मांग को न केवल आकर्षक गंतव्यों से बल्कि अनोखे अनुभव से भी रफ्तार मिल रही है।
हॉलिडे रेंटल फर्म एयरबीएनबी के अनुसार, करीब 62 फीसदी जेनजी यात्री लाइव संगीत कार्यक्रमों और त्योहारों के आसपास यात्राओं की योजना बना रहे हैं। ऐसे पर्यटक नए शहरों की तलाश के लिए गिग्स को प्रवेश द्वार बना देते हैं, प्रवास को बढ़ावा देते हैं और मुख्य कार्यक्रम से इतर आसपास के इलाकों का पता लगाने के लिए समय बिताते हैं।

# मणिपुर से लंदन तक गूंजी बूंग, सर्वश्रेष्ठ बाल और पारिवारिक फिल्म की कैटेगरी में जीता बाफ्टा पुरस्कार




फरहान अख्तार के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित एक अलग अंदाज वाली मणिपुरी पृष्ठभूमि की हास्य-ड्रामा फिल्म बूंग ने रविवार को लंदन में सर्वश्रेष्ठ बाल और पारिवारिक फिल्म की श्रेणी में प्रतिष्ठित बाफ्टा पुरस्कार जीता। इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में पहली बार हाथ आजमा रही लक्ष्मीप्रिया देवी ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए मणिपुर में शांति के लिए भावुक अपील की। उन्हें यह पुरस्कार पैडिंगटन द म्यूजिकल के मुख्य किरदार पैडिंगटन बियर से मिला। मंच पर उनके साथ निमार्ता फरहान अख्तार, रितेश सिधवानी और सहायक निर्देशक राहुल शारदा मौजूद थे। देवी ने कहा, यहां तक पहुंचना उस पहाड़ की चोटी पर पहुंचने जैसा लगा, जिसे चढ़ने के बारे में हमें पहले पता ही नहीं था। उन्होंने कामना की कि मणिपुर में शांति लौटे और विस्थापित बच्चों, जिनमें फिल्म के बाल कलाकार भी शामिल हैं, को फिर से उनकी खुशी मिलें और वे फिर से सपने देख सकें।
गुगुन किपगेन और बाला हिजाम अभिनीत इस फिल्म ने लिलो ऐंड स्टिचआर्को और जूट्रोपोलिस 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़कर यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया। ब्रिटिश एकेडमी फिल्म ऐंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) पुरस्कार के 2026 संस्करण का आयोजन थेम्स नदी के किनारे रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया गया। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए बेस्ट फिल्म नॉट इन इंग्लिश लैंग्वेज पुरस्कार प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने भाषण की नमस्ते से शुरूआत करते हुए कहा कि सिनेमा की असली भाषा भावनाएं हैं।

समारोह में लियोनार्डो डी कैप्रियो अभिनीत वन बैटल आफ्टर अनदर ने सबसे ज्यादा छह पुरस्कार अपने नाम किए। बाफ्टा अध्यक्ष प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन भी मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह में शामिल हुए। भूत-पिशाच पर आधारित फिल्म सिनर्स और रहस्यमयी डरावनी फिल्म फ्रेंकेंस्टाइन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। पॉल थॉमस एंडरसन को वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया।

# 28 वर्षों से जल संरक्षण की अलख जगा रहे हैं राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी। हरियाणा के भिवानी निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज पिछले लगभग 28 वर्षों से जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा और राजस्थान की सीमा पर बसे क्षेत्रों में जल संकट को देखते हुए लोगों को जागरूक करने की अनूठी मुहिम चलाई, जो आज एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है।
राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक भारद्वाज ने जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से गांव-गांव जाकर लोगों को पानी की महत्ता समझाई। उन्होंने जल जीवन मिशन, कैच द रेन और अटल भूजल योजना जैसी सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी पहल से कई गांवों में वर्षा जल संचयन, तालाबों के पुनर्जीवन और जल के समुचित उपयोग को लेकर सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं।
भारद्वाज का मानना है कि जल ही जीवन है केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा गंभीर विषय है। इसी सोच के साथ उन्होंने युवाओं, किसानों और महिलाओं को विशेष रूप से इस अभियान से जोड़ा। उन्होंने स्कूलों, पंचायतों और सामाजिक मंचों पर सैकड़ों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे हजारों लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए।
उनकी अथक सेवा और समर्पण को देखते हुए वर्ष 2012-13 में देश के महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा उन्हें भारत का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके वर्षों के संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान की पहचान है।
इसके अलावा भी अशोक भारद्वाज को जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अनेक राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके हैं। आज वे केवल एक समाजसेवी ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं।
वर्तमान समय में जब जल संकट एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में अशोक भारद्वाज जैसे व्यक्तित्व समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनकी मुहिम यह संदेश देती है कि यदि हर व्यक्ति जल बचाने का संकल्प ले, तो आने वाले समय में इस संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

# शिविर में कुल 65 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया साथ ही 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया

**- स्व. श्री राजेन्द्र सिंह श्योराण एवं पूर्व सरपंच, चहड़ खुर्द की प्रथम पुण्यतिथि पर श्री श्याम ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया**
**- कार्यक्रम को सफल बनाने पर एडवोकेट राकेश ओबरा ने क्षेत्रवासियों का जताया आभार**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 21 मार्च। स्व. श्री राजेन्द्र सिंह श्योराण एवं पूर्व सरपंच, चहड़ खुर्द की प्रथम पुण्यतिथि की स्मृति में शनिवार को श्री श्याम ग्लोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, राजगढ़ रोड, बहल में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 65 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया साथ ही 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया, जिसमें बीपी, शुगर, ईसीजी एवं अन्य सामान्य जांचें निःशुल्क की गईं तथा आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज दलाल, एसडीएम लोहारू रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे कई लोगों को




नया जीवन मिलता है। इस अवसर पर रक्तदाताओं को बैज एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।
विधायक के पड़पौत्र एडवोकेट राकेश ओबरा ने बताया कि स्व. चंद्रभान ओबरा ने विधानसभा पटल पर पहली बार ओबरा गांव का नाम पहुंचाया और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवा पीढ़ी को उनके त्याग, संघर्ष और देशभक्ति से प्रेरित करना है।
शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया।
कार्यक्रम को सफल बनाने पर एडवोकेट राकेश ओबरा ने सभी क्षेत्रवासियों, माता-बहनों, बुजुर्गों तथा अधिवक्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि इसी प्रकार लोगों का स्नेह और सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे और अपने स्तर पर हर संभव समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मास्टर राजकुमार, अमरजीत चौधरी, संदीप सरपंच, डॉ. दिनेश दलाल, जयचंद चहड़िया, सुमेर मोरका, अमित सिरसी, लालचंद सेठ, मास्टर मुख्तार सिंह, कर्मवीर चहड़िया, पवन पंघाल, प्रदीप श्योराण, मनोज श्योराण, महेश चहड़िया,अनूप सिरसी, सुनील पूनिया, विजय कामान , संदीप फौजी,सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉ. इंद्रेश कुमार 2 अप्रैल को झज्जर के जटेला धाम में विशाल सत्संग को करेंगे संबोधित

## सिंधु दर्शन यात्रा के प्रथम 'सिंधु कुंभ' और सामाजिक समरसता का देंगे संदेश

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल-भिवानी। हिमालय परिवार हरियाणा की टीम ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ़र) के वरिष्ठ प्रचारक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमालय परिवार के संस्थापक व मार्गदर्शक माननीय डॉ. इंद्रेश कुमार जी से मुलाकात की।
आगामी 2 अप्रैल 2026 को परम पूज्य नित्यानंद जी महाराज की असीम कृपा से तपोभूमि जटेला धाम दुबल्धन माजरा जिला झज्जर के गांव माजरा में पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज के मार्गदर्शन में एक विशाल सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। जटेला धाम के महंत स्वामी महाराज राजेंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और 30वीं सिंधु दर्शन यात्रा मैं होने जा रहे प्रथम सिंधु कुंभ' लेह-लद्दाख (18 जून से 30 जून)की तैयारियों को जन-जन तक पहुँचाना है।
मुलाकात के दौरान हिमालय परिवार हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा व उनकी टीम ने डॉ. इंद्रेश कुमार जी से आग्रह किया कि वे इस विशाल श्रद्धालु संगत और उपस्थित समस्त साधु-संत समाज को अपना सारगर्भित उद्बोधन प्रदान करें।
डॉ. इंद्रेश कुमार जी ने संगठन के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए 2 अप्रैल को जटेला धाम पहुँचने और उपस्थित श्रद्धालुओं व कार्यकताओं को संबोधित करने की अपनी सहमति प्रदान कर दी है।
इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. इंद्रेश कुमार जी के साथ निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित रहेः
* डॉ लक्ष्मी नारायण कौशिक सह प्रांत प्रचार प्रमुख हरियाणा , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ।
*लक्ष्मी नारायण शर्मा प्रांत अध्यक्ष हरियाणा
* श्री सत्य प्रकाश गौतमः प्रान्त महा मंत्री हरियाणा।
* अजय शर्मा (एडवोकेट)ः प्रांत लीगल प्रमुख।
* डॉ. कुलभूषण गर्गः प्रान्त कोषाध्यक्ष।
प्रांत महामंत्री सत्य प्रकाश गौतम ने बताया कि माननीय डॉ. इंद्रेश कुमार जी का मार्गदर्शन संगठन के कार्यकताओं और समाज के लिए हमेशा से प्रेरणादायी रहा है। इस सम्मेलन में महाराज जी की संगत के साथ हरियाणा भर से हिमालय परिवार के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। 2 अप्रैल को होने वाले इस सत्संग में सामाजिक एकजुटता और राष्ट्रवाद का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इसके उपरांत एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# भारत विद्युत शिखर सम्मेलन में भारत-अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक का आयोजन किया गया

**- नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रिड आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण और लचीलापन तथा संस्थागत क्षमता भारत-अफ्रीका सहयोग के क्षेत्र हैं: श्री मनोहर लाल**
**- भारत विद्युत शिखर सम्मेलन 2026 के तीसरे दिन (21.3.2026) नई दिल्ली में भारत-अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल ने की।**




**समाज जागरण**


बैठक में विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाइक, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, मलावी सरकार के ऊर्जा एवं खनन मंत्री डॉ. जीन मथांगा, अफ्रीका50 के सीईओ एलेन एबोबिस, कई अफ्रीकी देशों के मंत्री, अफ्रीकी संघ और अफ्रीका50 के नेता, राजदूत, उच्चायुक्त, विद्युत कंपनियों के प्रतिनिधि, वित्तीय संस्थान, विकास भागीदार और उद्योग जगत के नेता उपस्थित थे।
इन चचाओं में एक स्पष्ट और दूरदर्शी दृष्टिकोण यह उभर कर आया कि भारत और अफ्रीका ठोस परिणामों पर केंद्रित एक संरचित और कार्य-उन्मुख साझेदारी के माध्यम से अपने सहयोग को और गहरा करेंगे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत और अफ्रीका नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार, परस्पर जुड़े ग्रिड प्रणालियों के विकास, ऊर्जा भंडारण और लचीले समाधानों को बढ़ावा देने और संस्थागत सुदृढ़ीकरण के माध्यम से क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। इसमें विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत के व्यापक अनुभव और अफ्रीका की बढ़ती क्षमता का लाभ उठाने पर बल दिया गया। दोनों पक्षों ने निवेश-आधारित सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व का भी उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य एक समावेशी, न्यायसंगत और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है जो दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन को गति प्रदान करने में सक्षम हो।
श्री मनोहर लाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक विकास को गति देने, गरिमा सुनिश्चित करने और अवसरों को खोलने के लिए बिजली महत्वपूर्ण है। उन्होंने वैश्विक ऊर्जा संपर्क के लिए एक परिवर्तनकारी मार्ग के रूप में 'एक सूर्य, एक दुनिया, एक ग्रिड' की परिकल्पना का भी उल्लेख किया।
उन्होंने अफ्रीकी साझेदारों का हार्दिक स्वागत किया और विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ ऊर्जा प्राप्त करने की साझा प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत और अफ्रीका, वैश्विक जनसंख्या का लगभग एक तिहाई हिस्सा हैं और समावेशी, न्यायसंगत तथा भविष्य के लिए तैयार विकास की समान आकांक्षाएं रखते हैं। उन्होंने ऊर्जा घाटे से अधिशेष की ओर भारत की यात्रा और नवीकरणीय ऊर्जा में इसकी तीव्र वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये अनुभव अफ्रीका के लिए व्यावहारिक एवं विस्तार योग्य मॉडल प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने अफ्रीका50 और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच सहयोग, जिसमें केन्या ट्रांसमिशन परियोजना भी शामिल है, को इस बात का एक सशक्त उदाहरण बताया कि कैसे नवीन वित्तपोषण, तकनीकी विशेषज्ञता और सार्वजनिक-निजी भागीदारी लचीले बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकती है। मनोहर लाल ने नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार, ग्रिड आधुनिकीकरण, ऊर्जा भंडारण और लचीलापन तथा संस्थागत सुदृढ़ीकरण के साथ क्षमता निर्माण सहित सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख किया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने अफ्रीका के साथ सहयोग को और मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-अफ्रीका ऊर्जा सहयोग लेन-देन पर आधारित नहीं बल्कि परिवर्तनकारी है, जो सह-निर्माण पर आधारित है, और इस साझा यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की प्रतिबद्धता को पुनः व्यक्त किया।
श्री श्रीपाद नाइक ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-अफ्रीका साझेदारी को केवल इरादे से आगे बढ़कर कार्रवाई की ओर बढ़ना चाहिए। ऊर्जा तक पहुंच को केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित न रखकर, आर्थिक परिवर्तन के एक प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने समावेशी विकास की नींव के रूप में सभी के लिए विश्वसनीय, किफायती और टिकाऊ ऊर्जा सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा कि यह साझेदारी एक समावेशी, न्यायसंगत और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण से निर्देशित है, जिसका उद्देश्य दीर्घकालिक प्रभाव पैदा करना और भारत और अफ्रीका दोनों के समुदायों को सशक्त बनाना है।
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सतत सुशासन के प्रति हरियाणा की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रभावी सिंचाई जल प्रबंधन को प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत और अफ्रीका के लिए साझेदारी, प्रभुत्व और प्रतिस्पर्धा के आधार के बजाय सहयोग एवं साझा मूल्यों पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा और अफ्रीकी देशों के बीच साझेदारी ऊर्जा प्रबंधन, डिजिटल शासन और कृषि सहयोग पर आधारित है।
अफ्रीका50 के सीईओ श्री एलेन एबोबिस ने वैश्विक निवेश परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सहायता नहीं, बल्कि प्रभाव और प्रतिफल के लिए निवेश की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर का उल्लेख किया कि अफ्रीका एकीकृत योजना और नए निवेश ढांचों के समर्थन से, निवेश योग्य परियोजनाओं के विकास, संचरण विस्तार और निजी पूंजी जुटाने पर तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहा है।
डॉ. जीन मथांगा ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा पहलों के माध्यम से सतत विकास और दीर्घकालिक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसमें ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लिए कम लागत वाले सौर समाधान, पवन ऊर्जा परियोजनाएं और भारत की भूमिका को ध्यान में रखते हुए एक सशक्त ऊर्जा परिवर्तन शामिल है। उन्होंने अफ्रीका के समावेशी विद्युत प्रणाली के एजेंडे के साथ सहज रूप से तालमेल बिठाते हुए विद्युतीकरण, पारेषण अवसंरचना विकास और स्मार्ट मीटरिंग, ग्रिड और माइक्रोग्रिड पर सहयोग को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इन प्रयासों से ऊर्जा सुरक्षा में वृद्धि, खनिजों तक पहुंच और विस्तारित बाजारों जैसे बहुआयामी लाभ मिलने की उम्मीद है। अफ्रीका के लिए, ये किफायती प्रौद्योगिकी और अवसंरचना, बेहतर ग्रिड विश्वसनीयता, विद्युतीकरण और स्थायी साझेदारी प्रदान करते हैं, तथा भारत की तकनीकी क्षमताओं को अफ्रीका की विशाल संसाधन क्षमता के साथ पूरक करते हुए सुरक्षित और समावेशी विद्युत प्रणालियों का निर्माण करते हैं।
भारत-अफ्रीका रणनीतिक साझेदारी सतत विकास के लिए सहयोगात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी ढांचा तैयार करने पर केंद्रित है, जिसमें ऊर्जा, अवसंरचना और क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। यह साझेदारी अफ्रीका के विकास पथ को गति देने के लिए भारत के अनुभव और क्षमताओं, विशेष रूप से विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रिड कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक आदर्श के रूप में उपयोग करती है। अफ्रीका50 जैसी संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों के माध्यम से, यह साझेदारी निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सौर छत परियोजनाओं, जल-सौर एकीकरण, मिनी ग्रिड और विकेंद्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों जैसे व्यापक समाधानों को बढ़ावा देती है। यह समावेशी विकास को गति देने के लिए नीतिगत ढांचे, सार्वजनिक-निजी भागीदारी और मानव संसाधन विकास पर भी ध्यान केंद्रित करती है। अंततः, इस साझेदारी का उद्देश्य ऊर्जा तक पहुंच में अंतर को कम करना, क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ाना और अफ्रीकी देशों में दीर्घकालिक परिवर्तनकारी प्रभाव पैदा करना है।

# मॉक ड्रिल से मिली कमियों को दूर करने पर जोर, डीएएचडी की राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने एक स्वास्थ्य पर चौथी वैज्ञानिक संचालन समिति की सिफारिशों के अनुरूप, 20 मार्च 2026 को एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में "मॉक ड्रिल के दौरान पहचानी गई कमियों को दूर करना" विषय पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया। राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन के तहत तैयारियों को सुदृढ़ करने के प्रयासों के तहत, परिचालन तत्परता, अंतर-क्षेत्रीय समन्वय, प्रयोगशाला प्रतिक्रिया प्रणालियों, जैव सुरक्षा और जैव संरक्षण प्रथाओं और आपातकालीन संचार प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने के लिए दो राष्ट्रीय स्तर के मॉक ड्रिल - "विषाणु युद्ध अभ्यास" (अगस्त 2024) और "वायरल संक्रमण अभ्यास" (नवंबर 2025) - आयोजित किए गए।
कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य इन मॉक ड्रिल से प्राप्त प्रमुख सबक के बारे में विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को जागरुक करना और पहचानी गई कमियों को दूर करने के लिए एक संरचित और समयबद्ध दृष्टिकोण को सुविधाजनक बनाना था जिससे एक स्वास्थ्य दृष्टिकोण के तहत भारत की तैयारी और प्रतिक्रिया ढांचे को और मजबूत किया जा सके।
इस कार्यशाला में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद मुख्य अतिथि थे। उद्घाटन सत्र में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) के सचिव श्री नरेश पाल गंगवार; डीएएचडी के पशुपालन आयुक्त डॉ. नवीन बी. महेश्वरप्पा; डीएएचडी के अपर सचिव (पशुधन स्वास्थ्य) श्री राम शंकर सिन्हा, डीएएचडी के संयुक्त सचिव डॉ. मुथुकुमारसामी बी.; और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) रंजन दास शामिल थे।
अपने संबोधन में प्रोफेसर सूद ने कहा कि मनुष्यों में उभरने वाली लगभग 60-70 प्रतिशत संक्रामक बीमारियाँ पशुओं से उत्पन्न होती हैं। उन्होंने पशु चिकित्सा विज्ञान, मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण विज्ञान और डेटा-आधारित नीति निर्माण को एकीकृत करने वाले एक समन्वित ढाँचे की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद की सिफारिशों से उत्पन्न राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन, उभरते स्वास्थ्य खतरों से निपटने के लिए समन्वित और अंतर-क्षेत्रीय कार्रवाई हेतु एक संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि महामारी की तैयारी के लिए कई मंत्रालयों, विभागों और राज्यों को शामिल करते हुए एक समग्र सरकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।
उन्होंने कहा कि कार्यशाला की चचाएँ भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए तैयारियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने सभी स्तरों पर जागरूकता, लक्षित क्षमता विकास और प्रभावी संचार रणनीतियों के महत्व पर जोर देते हुए, प्रकोप प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण मानवीय पहलू की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की जिनमें मॉक ड्रिल और तैयारी आकलन को संस्थागत बनाना; बीएसएल-3 पारिस्थितिकी तंत्र सहित एकीकृत निगरानी और प्रयोगशाला नेटवर्क को मजबूत करना; केंद्र-राज्य समन्वय को बढ़ाना; शासन ढांचे में सुधार करना; निरंतर क्षमता विकास में निवेश करना; और पूवार्नुमान तथा प्रतिक्रियात्मक प्रणालियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना शामिल है। प्रो. सूद ने डीएएचडी के प्रयासों की सराहना की और दोहराया कि मॉक ड्रिल समन्वय और परिचालन तत्परता को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण तनाव परीक्षण के रूप में कार्य करती हैं और कहा, "शांति के समय जितना अधिक पसीना बहाओगे, युद्ध में उतना ही कम खून बहेगा।"
डीएएचडी के सचिव श्री नरेश पाल गंगवार ने महत्वपूर्ण तैयारियों की कमियों की पहचान करने और उन्हें दूर करने में मॉक ड्रिल के महत्व पर जोर दिया। कोविड-19 और बार-बार होने वाले इन्फ्लूएंजा प्रकोपों से मिले सबक का हवाला देते हुए, उन्होंने निगरानी प्रणालियों, प्रयोगशाला नेटवर्क और समन्वित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने में सिमुलेशन अभ्यासों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना और भविष्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाना है।
इस कार्यशाला में प्रमुख मंत्रालयों और संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 200 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय, आईसीएमआर, राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, एनसीडीसी, आईसीएआर, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, डीएएचडी, एनएससीएस, एनडीएमए, बीएसएल 3 नेटवर्क, एक स्वास्थ्य के राज्य नोडल अधिकारी, राज्य पशुपालन विभाग, आईडीएसपी के तहत राज्य निगरानी अधिकारी और साथ ही पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट छात्र शामिल थे।

# वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा के डिस्क के पास स्थित आणविक क्लाउड की तारा निर्माण में भूमिका को समझने के तरीके खोजे

आकाशगंगा की डिस्क के पास स्थित छोटे आणविक बादलों का पता लगा रहे वैज्ञानिकों ने पहली बार उनके चारों ओर मौजूद चुंबकीय क्षेत्र की बनावट का "अवलोकन" किया है। इसका लक्ष्यय ताराओं के निर्माण में इसकी भूमिका को बेहतर ढंग से समझना है।
दशकों से खगोलविदों को यह ज्ञात है कि गुरुत्वाकर्षण आणविक क्लाउड को अंदर की ओर खींचकर तारों का निर्माण करता है, जबकि आंतरिक दबाव उन्हें बाहर की ओर धकेलता है। लेकिन इस खींचतान में एक तीसरा, मूक कारक यानी चुंबकीय क्षेत्र भी शामिल है।
एल1604 और एल121 छोटे आणविक बादल हैं, जो मामूली तारकीय नर्सरी हैं, जिनमें से एल1604 आकाशगंगा के प्रतिकेंद्र की ओर और एल121 भीड़भाड़ वाले आकाशगंगा केंद्र की ओर स्थित है।




चुंबकीय क्षेत्र अदृश्य होते हैं, इसलिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और असम विश्वविद्यालय के एक स्वायत्त संस्थान, आर्यभट्ट अनुसंधान संस्थान (एआरआईईएस) की अनुसंधान टीम ने नैनीताल स्थित 104 सेंटीमीटर के एआरआईईएस टेलीस्कोप पर लगे एआरआईईएस इमेजिंग पोलारिमीटर (एआईएमपीओएल) के साथ आर-बैंड पोलारिमेट्री का उपयोग करके यह मापा कि दूर के तारों से आने वाला प्रकाश आणविक बादलों में मौजूद धूल से गुजरते समय किस प्रकार ध्रुवीकृत होता है। जब तारों का प्रकाश चुंबकीय क्षेत्र द्वारा संरेखित धूल के कणों से टकराता है, तो प्रकाश एक विशिष्ट दिशा में कंपन करता है। इन हजारों प्रकाश तरंगों का मानचित्रण करके, टीम ने पहली बार एल1604 और एल121 के आसपास के चुंबकीय क्षेत्रों की संरचना का "अवलोकन" किया।
शोधकताओं ने दो बिल्कुल अलग-अलग विशेषताओं वाले बादल पाए। ये दोनों बादल बहुत अलग-अलग दूरियों पर स्थित हैं - एल1604 लगभग 816 पारसेक की दूरी पर और एल121 लगभग सात गुना कम दूरी पर, मात्र 124 पारसेक की दूरी पर। एल1604 बादल अत्यधिक घना और अधिक विशाल है और इसमें कई नए तारे बनाने के लिए पर्याप्त पदार्थ मौजूद है। एल121 आकाशगंगा के केंद्र की ओर स्थित है। यह एल1604 की तुलना में कम घना और कम विशाल है, लेकिन इसका चुंबकीय क्षेत्र अधिक मजबूत है। इसके अलावा, इसके चुंबकीय क्षेत्र की संरचना अधिक व्यवस्थित प्रतीत होती है, जिससे पता चलता है कि यह अभी तक उस तीव्र गुरुत्वाकर्षण पतन से प्रभावित नहीं हुआ है जो अधिक सक्रिय तारा-निर्माण क्षेत्रों की विशेषता है।
चित्रः काले बादलों एल1604 और एल121 के ध्रुवीकरण मानचित्र। ठोस रेखाएं संबंधित पृष्ठभूमि तारों के ध्रुवीकरण सदिश को दशार्ती हैं, जिन्हें संबंधित बादलों की समग्र डीएसएस छवियों पर अंकित किया गया है। आकाशगंगा तल की दिशा को एक खंडित रेखा से दशार्या गया है। क्रॉस प्रत्येक बादल की केंद्रीय स्थिति को दशार्ता है। हर्शेल स्पायर 500 पे धूल-कण के निरंतर उत्सर्जन की रूपरेखा भी अंकित की गई है।
चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता का आकलन करके वैज्ञानिकों ने पाया कि दोनों बादल ठोस रूप से दूसरे दर्जे की महत्वपूर्ण अवस्था में हैं, जिसका अर्थ है कि चुंबकीय क्षेत्र दोनों बादलों के पूरे भाग में गुरुत्वाकर्षण पतन का प्रतिरोध करने के लिए पर्याप्त रूप से मजबूत हैं। चुंबकीय क्षेत्र केवल "मुश्किल से" ही टिके नहीं हैं - वे गुरुत्वाकर्षण और व्यवधान दोनों पर हावी हैं, जहां चुंबकीय ऊर्जा अशांत गतिज ऊर्जा से अधिक है, जो इसके परिणामस्वरूप आवरण स्तर पर गुरुत्वाकर्षण ऊर्जा से अधिक है। हालांकि, इन बादलों के भीतर गहराई में स्थित घने कोर में, गुरुत्वाकर्षण धीरे-धीरे हावी हो रहा है, जिससे ये कोर भविष्य में तारों के जन्म के वास्तविक केंद्र बन रहे हैं, भले ही आसपास का आवरण चुंबकीय रूप से सुरक्षित रहे।
यह कहानी सिर्फ दो बादलों के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक तारे के निर्माण की विधि के बारे में है। यह अध्ययन दशार्ता है कि चुंबकीय क्षेत्र किस प्रकार इन छोटे बादलों को घेरते हैं और उनमें व्याप्त होते हैं। साथ ही, यह बताता है कि चुंबकत्व ही वह अदृश्य शक्ति है जो तारा निर्माण की प्रक्रिया को धीमा करती है, जिससे आकाशगंगा अपनी सारी गैस को एक साथ तारों में परिवर्तित होने से रोकती है।
एल1604 और एल121 अब मानचित्र पर केवल काले धब्बे मात्र नहीं हैं; वे सक्रिय प्रयोगशालाएं हैं जहां हम ब्रह्मांड की मूलभूत शक्तियों, गुरुत्वाकर्षण और चुंबकत्व को लाखों वर्षों के नाजुक आलिंगन में नृत्य करते हुए देख सकते हैं।



आचार्य प0अन्नू तिवारी ,पुजारी- मनुष्य जब विषम परिस्थितियों में घिर जाय तो जैसे क्षत्रपति शिवाजी को ढाल तलवार देकर विजय श्री प्राप्त करवाया उसी प्रकार मनुष्य जब नवरात्र में कष्टों से घिरा व दुःखी लगे तो माँ के दर्शन पूजन करने से माता उसके कष्टों से छुटकारा दिला देती हैं। यहाँ मांगी हुई कामना पूरी होती है। भक्तों को हर प्रकार की सुविधा मन्दिर स्तर से पूरे नवरात्र दी जाती है।



प0 शशि प्रकाश तिवारी नेमिभक्त बरेमा,रामेश्वर।

रामेश्वर तीर्थ धाम में माँता जी काशी प्रवास कर रही हैं।दक्षिण के भक्तजन नियमित दर्शन करने आते रहते हैं। क्षेत्र के हर घरों के मंगल कार्य देवी पूजन से शुरू होता है। सुबह-शाम मन्दिर में देवी की झलक पाने की उत्कंठा से दरबार मे भक्तजनों की भीड़ पूरे नवरात्र लगी रहती है। देवी मनोकामना को पूर्ण करती हैं।

# माँ तुलजा-दुर्गा भवानी रामेश्वर

**दैनिक समाज जागरण रंजीत तिवारी**

इतिहास- रामेश्वर तीर्थधाम में महाराष्ट्र के मराठों की कुलदेवी माँ तुलजा व साथ मे दुर्गा देवी हैं जो दुर्गम असुर को मारकर दुर्गा भवानी के रूप में चर्चित हुई।महाराष्ट्र के शोलापुर दक्षिण प्रान्त के तुलजापुर गांव की देवी रही हैं जो रामदास समर्थ की पूंजी हुई देवी हैं।समर्थ जी के शिष्य शिवाजी महाराज को भवानी ने रत्नजड़ित तलवार प्रदान किया था।ये सतयुग की देवी हैं मनोकामना को पूर्ण करने वाली देवी पंचक्रोशी में वरुणा तट पर काशी प्रवास की कामना से विराजमान है।जो दुखियो के दुखहरण कर मनोकामना को पूर्ण कर रही हैं।

आयोजन- काशी पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के तीसरे पड़ाव धाम में शारदीय व चैत्र नवरात्र में यहां मनौती पूरी करने के लिए बृहद हवन पूजन व पाठ किया जाता है।प्रतिवर्ष चैत्र मास में देवी का श्रृंगार कर विशेष पूजन होती है।जिसमे आस पास सहित शहर व अन्य प्रांतों से भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

कैसे पहुंचे- माँ तुलजा-दुर्गा भवानी धाम में पहुंचने के लिए कैंट से सिटी बस चलती है।शहर से 16 किमी दूर होने से सीधे आटो रिक्सा से पहुंचा जा सकता है।राजातालाब-जंसा से भी आटो द्वारा पहुंच सकते हैं।दिन भर साधनों की उपलब्धता रहती है।

वास्तुकला- 18वीं शताब्दी की खास कलाकृति से परिपूर्ण रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मराठा परिवार द्वारा मन्दिर बनवाया गया था जर्जर हो जाने के बाद मंदिर प्रशासन ने सहयोग से आधुनिक ढंग की सुविधाओं से युक्त निर्माण कराया।

विशिष्टता- औरंगजेब जब रामेश्वर में हिन्दू मन्दिरो को नष्ट कर रहा था उस समय भवानी ने काला भौंरा बनकर उसे दौड़ा लिया अंततः वह पुरे सैनिकों सहित भाग खड़ा हुआ। पुजारी अन्नू तिवारी के अनुसार भवानी की कृपा है कि कोई अनहोनी नही होने देती।अनहोनी की सूचना पुजारी को स्वप्न में देकर भक्तों की रक्षा करती हैं।मनोकामना को पूर्ण करती हैं जिससे हर मंगल कार्य के पूर्व यहां देवी की पूजा की जाती है जो आस्था का मंदिर बन गया है।

# दहेज उत्पीड़न मामले में अभियुक्त ससुर गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पीड़िता के ससुर मुकेश चंद्र केशरी के रूप में हुई है, जिसे जौनपुर से पकड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार, जंसा थाने के उपनिरीक्षक अजय यादव ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए यह गिरफ्तारी की। अभियुक्त पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम (उ्ध अू३) सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज था।पीड़िता ने जंसा थाने में तहरीर दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने अपने ससुर मुकेश चंद्र केशरी पर अशोभनीय व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था।

पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी क्रम में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक त्रिभुवन राम मुस्लिम बंधुओ से गले मिल सेंवई की मिठास ,बच्चों को उपहार भेंटकर ईद की बांटी खुशियां

*मुस्लिम बंधुओं के गले मिलकर सेंवई के मिठास से दी मुबारकवाद।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी विधान सभा अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने ईद पर्व पर पूरे मुश्लिम बाहुल्य क्षेत्र में घर-घर मिल एक दूसरे के गले मिलकर बधाइयां दी। वहीं बच्चों में उपहार वितरित कर खुशियों संग आगे बढ़ने की दुआएं दी।

चोलापुर में पीर मोहम्मद हाजी व अब्दुल कलाम के आवास पर एकत्रित मुश्लिम भाइयों को ईद का मुबारकवाद दी और बच्चों को उपहार भेंट की। इसी कड़ी में देईपुर धरसौना में आलमगीर के आवास ,मवइया में बाबू अंसारी के आवास पर होली मिलन समारोह में शिरकत कर रहे सभी मुस्लिम भाइयों के गले मिल ,सेंवई के मिठास और बच्चों



,बेटियों को उपहार देकर ईद मुबारकवाद सहित उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

मोहब्बत भाई-चारे और खुशियों के पर्व ईद पर जीवन मे सुख शांति और समृद्धि तथा देश, समाज मे अमन चैन बनाकर मुल्क की सलामती का सन्देश दिया। ईद मिलन समारोह में प्रमुख रूप से राणा चौहान, गुलाब राम,टीपू सुल्तान ,सिकन्दर मौर्य, पप्पू भाष्कर ,डी0 के0 सिंह, विजय राजभर ,हीरू सिंह ,अमित उपाध्याय सहित हिन्दू-मुस्लिम अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हरहुआ क्षेत्र में सेंवई की मिठास संग एक-दूसरे के गले मिल बांटी ईद की खुशियां

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।हरहुआ ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी । नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर सेवई की मिठास संग खुशियां बांटकर बधाइयां दी।

हरहुआडीह,मोहनपुर, सरायकाजी ,वीरापट्टी, सभईपुर ,आयर ,पुआरी खुर्द समेत अन्य गांवों में ईद का त्योहार सकुशल सम्पन्न हुआ।ईद पर्व की खुशियों में हिन्दू भाईयों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और गले मिल बधाई दी। मोबाइल से एक दूसरे को मुबारकवाद दी।

हरहुआ प्रधान अनवर उर्फ



अन्नू, इरफान हाशमी, मो0मेराज व मोहनपुर के प्रधान संजय सिंह पटेल ने घर पर ईद मिलन समारोह में गरीबो असहायों और बच्चों में उपहार संग गले मिलकर एक दूसरे को सेंवई, पकौड़ी खिलाकर बधाई दी।

ईदगाहों व मस्जिदों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती रही। हरहुआ चौकी प्रभारी विवेकानन्द द्विवेदी ,उपनिरीक्षक रविन्द्र नाथ दुबे, के0 के0 वर्मा मय पुलिस बल समेत शांति बनाए रखने के लिए चक्रमण करते रहे।

# हत्याकांड का मुख्य आरोपी मंजीत गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी ।।शिवपुर थाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित यू.पी. कॉलेज परिसर में हुई छात्र सूर्यप्रताप सिंह की सनसनीखेज हत्या के मामले में वाराणसी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम (शिवपुर पुलिस व एस.ओ.जी.) ने घटना के मुख्य अभियुक्त मंजीत चौहान को शनिवार भोर में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल, कारतूस और खोखे भी बरामद किए हैं।



रैगिंग के विवाद में मारी गई थी 5 गोलियां पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी मंजीत चौहान ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक सूर्यप्रताप सिंह और उसके साथी अक्सर रैगिंग के नाम पर उसे और उसके दोस्तों को परेशान करते व मारपीट करते थे। आरोपी के अनुसार, घटना वाले दिन भी कॉलेज परिसर में उनके बीच कहासुनी और डराने-धमकाने की बात हुई थी। इसी आपसी रंजिश और गुस्से में आकर मंजीत और उसके साथी अनुज सिंह ने प्रशासनिक भवन के पास सूर्यप्रताप पर करीब 4-5 राउंड फायरिंग कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

# करखिंयाव के पूर्व प्रधान का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। फूलपुर थाना क्षेत्र के करखिंयाव गांव निवासी पूर्व प्रधान विक्रमादित्य सिंह (76 वर्ष) का ब्रेन स्ट्रोक के चलते शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विक्रमादित्य सिंह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार सुबह अचानक उन्हें ब्रेन स्ट्रोक आया, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल भोजूबीर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए। जहां उपचार के दौरान शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।



विक्रमादित्य सिंह वर्तमान में प्राचीन रामलीला समिति के अध्यक्ष और काशी विद्यापीठ के प्रथम छात्रसंघ के अध्यक्ष रहते हुए राममनोहर लोहिया के साथ सक्रिय राजनीति में भी रहे। उन्हें करखिंयाव ग्राम पंचायत का 5 बार प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव में चिकित्सालय व पशु अस्पताल व यूपीएसआईडीसी के स्थापना में भी सक्रिय योगदान था ।इनके माता पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। इनके परिवार में पत्नी तेरसा देवी हैं। उनके कोई संतान नहीं है।

निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकारों का तांता लग गया। सभी ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अज्ञात वाहन के धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल। जानकारी के अनुसार आज रात रात्रि चाहिए 8:00 बजे के आसपास श्रेयांश 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार सिंह निवासी कन्हइपुर धनसीरिया को आज अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे परिजन निजी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर परिवार वालों ने इसकी हालत को देखते हुए बनारस स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां पर उसे सर में गंभीर चोट लगी है और उसका एक पर भी फैक्चर हो गया है।

# उपराष्ट्रपति ने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज महाराष्ट्र के नागपुर स्थित महर्षि व्यास सभागृह में भारतीय युवा संसद के 29वें राष्ट्रीय सत्र को संबोधित किया। इस सत्र का विषय था- ह्लभारतीय भाषाएँ और विकसित भारत - 2047।

नागपुर के महत्व का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह शहर राष्ट्रीय चेतना में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जन्मभूमि है जिसकी स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में की थी। उन्होंने कहा कि एक छोटी पहल से राष्ट्रीय सेवा के लिए समर्पित एक विशाल आंदोलन तक संगठन की यात्रा ह्लराष्ट्र प्रथमह्व की भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण को दशार्ती है।

उन्होंने भारतीय युवा संसद राष्ट्रीय न्यास के दो दशकों से अधिक समय से कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन ने विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रकार संगठन ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा दिया है।

उपराष्ट्रपति ने भारतीय भाषाएँ और विकसित भारत - 2047 विषय पर बोलते हुए भारत की भाषाई विविधता को एक महान शक्ति बताया और कहा कि जब हम अपनी मातृभाषा में बोलते हैं, तो हम क्षेत्रीय नहीं बल्कि मौलिकह्व होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक भाषा अपनी विरासत समेटे रहती है और ये सभी मिलकर राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता का निर्माण करती हैं। उन्होंने भारत के संविधान को अनेक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के हालिया प्रयासों का भी उल्लेख किया और कहा कि भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और संरक्षित करना राष्ट्रीय विकास के लिए आवश्यक है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य दूसरों के विचारों से प्राप्त नहीं किया जा सकता है और भारत को अपनी मूल से नवाचार करना होगा, अपनी मूल भाषाओं और लिपियों में सोचना होगा और अपनी सभ्यतागत पहचान पर विश्वास के साथ आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने संस्कृत और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत अनेक भारतीय भाषाओं को जोड़ती है और भारत की ज्ञान परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

लोकतांत्रिक समाज में संवाद के महत्व पर जोर देते हुए, उपराष्ट्रपति ने राज्यसभा के अध्यक्ष के रूप में अपने अनुभव और सत्रों में चर्चा की अवधि में बढ़ोतरी पर विचार करते हुए कहा कि मतभेद अंततः रचनात्मक संवाद और समाधान की ओर ले जाने चाहिए, न कि संघर्ष की ओर। उन्होंने कहा कि युवा संसद जैसे मंच सम्मानजनक बहस, विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनने और चर्चा और आम सहमति के माध्यम से समाधान तक पहुंचने के महत्व को सिखाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने युवा संसद को जीवन और नेतृत्व के लिए प्रशिक्षण मैदान बताते हुए कहा कि चरित्र निर्माण सच्चे नेतृत्व की नींव है और छात्रों से ऐसे मंचों का उपयोग नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा की भावना विकसित करने के लिए करने का आग्रह किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व भारत की ओर देख रहा है और आज के युवा "अमृत पीढ़ी" हैं जो 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में उभरते हुए देखेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा संसद इस राष्ट्रीय लक्ष्य में सार्थक योगदान देगी।

# बच्चों में भारतीय संस्कृति संस्कार, प्रतिभाओं को निखारने का दायित्व कुशल शिल्पकार शिक्षक की अहम जिम्मेदारी: टी0 राम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राष्ट्र की मजबूती तभी सम्भव है जब देश का हर बच्चा अपनी भारतीय संस्कृति व संस्कार से परिचित हो।इसकी जिम्मेदारी कुशल शिल्पी शिक्षक के कंधों पर होती है। शिक्षक बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सवारने की जिम्मेदारी निभाये।

उक्त बातें आज महामृत्युंजय शिक्षण संस्थान इंग्लिश स्कूल वर्थरा खुर्द ,चौबेपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव 'यथार्थ-2026'में सरस्वती माता का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात अपने सम्बोधन में बतौर मुख्य अतिथि अजगरा विधानसभा विधायक त्रिभुवन राम ने व्यक्त की। बच्चों ने सरस्वती बन्दना के साथ अतिथियों का सम्मान किया।

वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति ,संस्कार और हर क्षेत्र में प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने पर जोर दिया।

वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह के पुत्र सागर सिंह, डॉ0 विजय सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष क्वींस कालेज ,प्रबन्धक शुभम सिंह, जिला पंचायत सदस्य



अंजनी नन्दन पांडेय, क्रांति सिंह,श्रीमती विजय भारती सिंह शिक्षिका क्वींस कालेज, डा वीरबहादुर सिंह ,जयप्रकाश पांडेय बबलू ,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सन्तोष कन्नौजिया का विद्यालय परिवार की ओर से प्रबन्धक शुभम सिंह व प्रधानाचार्य अंजली सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया।

विद्यालय के होनहार बच्चों ने भरतनाट्यम नृत्य,सामुहिक लोककला आधारित नृत्य ,धार्मिक,भक्ति व देशभक्ति आधारित गीतों व नाटक मंचन की सराहनीय प्रस्तुति कर सभी का मनमोहने में सफल रहे।।

धन्यवाद ज्ञापित प्रबन्धक शुभम सिंह ने करते कहा कि बच्चे हमारी मूल धरोहर है इसे हर स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए।

प्रिंसिपल अंजली सिंह ने कहा कि बच्चे कल के राष्ट्र हैं इन्हें घर से स्कूल तक सवारना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं अभिभावकों का सम्मान किया। अतिथियों ने बच्चों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का सफल सराहनीय संचालन सृजन चतुर्वेदी 'शिवम' एवम आशीष यादव द्वय ने की।

# प्लास्टिक मुक्त के क्षेत्र में मीरजापुर जिलाधिकारी की अनोखी पहल दिए निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर / मानव सभ्यता के लिए एक चुनौती के रूप में प्लास्टिक प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है प्लास्टिक के कारण वातावरण, एवं जल प्रदूषण के साथ-साथ भूमि भी बंजर हो रही है जिससे कृषि की उत्पादन क्षमता पर भी प्रभावित हो रहा है तथा ग्राम पंचायत में नाली को चैक हो रही है जिसके कारण जल एवं वातावरण पूर्णतया ग्राम पंचायत में प्रदूषित हो रहा है पशुओं के द्वारा खाद्य पदार्थों के माध्यम से प्लास्टिक को ग्रहण करने कारण उनकी औसमय मृत्यु हो जाती है तथा प्लास्टिक को जलने से छोटे-छोटे पार्टिकलेस से सांस संबंधी बीमारियां एवं अनेक रोगों का फैल रहा है जिससे और समय मृत्यु हो रही है।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कंसल्टेंट, सहायक विकास अधिकारी पंचायत के साथ प्लांट का निरीक्षण किया गया। इस फैक्ट्री में प्लास्टिक को टुकड़ों में कटिंग करने



के उपरांत धुलाई किया जाता है तत्पश्चात ड्राई किया ड्राई किया जाता है तत्पश्चात प्लास्टिक को अग्लो फाइन के रूप में तैयार कर, प्लास्टिक को दाने में कन्वर्ट करने के लिए दाना तैयार किया जा रहा है। उसके बाद विभिन्न कंपनियों से संपर्क कर बेचा जाएगा और जनपद के समस्त ग्राम पंचायत को प्लास्टिक के वजन के हिसाब से धनराशि दिया जाएगा जिससे उनके ओएसआर खाते में वृद्धि होगी और ग्राम पंचायत समृद्ध बनेगा तथा लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त जनपद के क्षेत्र में अभिनव पहल है। विंध्य परिक्षेत्र को पूर्णतया प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने के क्षेत्र में जनपद ने अपना कदम बढ़ा दिया है जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत से प्लास्टिक कलेक्शन कराते हुए दैनिक रूप से प्लांट क्रियाशील रखा जाय। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं को प्लांट संचालित करने के लिए एक निश्चित मानदेय भी निर्धारित किया जाए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 269 जोड़ों का सामूहिक शादी सम्पन्न सकुशल

**समाज जागरण**

मीरजापुर / समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) विकास खण्ड-सीटी के अन्तर्गत ग्राम-चन्दईपुर (खेल का मैदान) में आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद-मीरजापुर के विकास खण्ड-हलिया, लालगंज, जमालपुर, सीखड़, एवं नगरपालिका चुनार व नगरपालिका अहरौरा के सम्मिलित जोड़ों में अनुसूचित जाति के 213, अनुसूचित जनजाति के 02, अन्य पिछड़ावर्ग के 47, सामान्य वर्ग के 03 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 04 अर्थात कुल 269 जोड़ों का सामूहिक शादी सकुशल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विधायक छानबे, ब्लाक प्रमुख हलिया, लालगंज, जमालपुर एवं सीखड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर, परियोजना निदेशक मीरजापुर, उप निदेशक, समाज कल्याण, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर, खण्ड विकास अधिकारी-हलिया, लालगंज, जमालपुर, सीखड़, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका चुनार व नगरपालिका अहरौरा एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, मीरजापुर उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।




इस अवसर पर उपस्थित विधायक छानबे ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव-वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर-वूध को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया। उन्होनें अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेष सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ो की शादी में कुल धनराशि एक लाख रुपए के सापेक्ष कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि साठ हजार रुपए कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। साथ ही विवाह संस्कार के लिये पच्चीस हजार रुपए की धनराशि का आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, पायल (चॉदी की) तथा बर्तन) दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत/प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्क व्यवस्थाओं हेतु पंद्रह हजार रुपए प्रति शादी की दर से कार्यक्रम आयोजक को दिया जायेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पशुपालक के मड़हे में लगी आग, बकरियों के नौ बच्चों की जलकर हुई मृत्यु

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के इंद्रवार गांव के बेड़हवा जंगल के पास शनिवार दोपहर मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से मड़हे के भीतर मौजूद बकरियों के नौ बच्चों की जलकर दर्दनाक मृत्यु हो गई।घटना के समय पशु पालक मड़हे से थोड़ी दूर पर बकरियों को चरा रहा था।इंद्रवार गांव निवासी पशुपालक बंधु वर्मा अपने घर से एक किलोमीटर दूर गांव के बेड़हवा जंगल के पास मड़हा बनाकर बकरियों की देखभाल करता था। दोपहर तीन बजे के बाद अचानक मड़हे में आग की लपटे उठता देख पशुपालक बंधु वर्मा चीख पुकार करते हुए मड़हे की ओर दौड़ा। शोरगुल सुनकर अगल बगल के ग्रामीण डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़े लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। गड़बड़ा धाम मंदिर के पास मौजूद फायर ब्रिगेड की टीम मौके



पर पहुंची और मड़हे की आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक मड़हे में मौजूद बकरियों के नौ बच्चों की जलकर मौत हो गई। पशुपालक का मड़हे के भीतर रखा खाद्य सामग्री, बिस्तर चारपाई आदि भी जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे एसआइ मूलचंद्र वर्मा हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने घटना की जांच की। पशुपालक बंधु वर्मा ने बताया कि दोपहर तीन बजे के करीब मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। मड़हे के भीतर मौजूद बकरियों के नौ बच्चों की जलकर मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# धनपुर पहाड़ी के नीचे विराजमान है श्री आदि शक्ति मां दुर्गा देवी

## श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर पहुंचकर कलेक्टर ने नवाया शीश

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी गौरेला पेंड्रा।**

जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर पहुंचकर शीश नवाया एवं जिले के खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित कराए गए मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन किया। इस बार चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा 31 घी के मनोकामना ज्योति कलश 210 तेल मनोकामना ज्योति कलश तथा 200 जवारा कलश स्थापित कराए गए हैं बासंतीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिवस 19 मार्च की संध्या जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर पहुंचकर शीश नवाया एवं जिले के खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित कराए गए मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन किया। कलेक्टर ने मंदिर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी को सद्भाव और शांति के साथ नवरात्रि महोत्सव मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मंदिर क्षेत्र के विकास की भी जानकारी ली। कलेक्टर के साथ एसडीएम मरवाही देवेंद्र सिरमौर तहसीलदार शर्मा मैडम सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि पुरातत्विक एवं पौराणिक ग्राम धनपुर जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में पहाड़ी के नीचे विराजी है श्री आदिशक्ति मां दुर्गा जहां बासंतीय नवरात्रि महोत्स 19 मार्च से 27 मार्च तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जा रहा है।

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के विकासखंड मुख्यालय पेंड्रा से उत्तर में सिवनी जाने के रास्ते में पेंड्रा से 14 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग में पुरातात्विक पौराणिक गांव धनपुर स्थित है। यह धनपुर गांव बिलासपुर कटनी रेल मार्ग के पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन से 22 किलोमीटर दूर स्थित है जबकि विकासखंड मुख्यालय मरवाही से ग्राम धनपुर की दूरी 30 किलोमीटर है।

पुरातात्विक महत्त्व के ग्राम धनपुर में जन श्रुति के अनुसार प्राचीन काल में पांडवों ने रतनपुर में रहने के बाद 1 वर्ष का अज्ञातवास धनपुर के जंगलों में व्यतीत किया था। इस दौरान उन्होंने लगभग 350 तालाब भी बनाए जिनमें से 200 की संख्या में तालाब अभी भी अस्तित्व में है जबकि बाकी तालाब किसानों ने खेत बना लिए हैं। धनपुर मैं खुदाई के दौरान अनेक तरह की मूर्तियां एवं निर्माण के अवशेष मिलते हैं यह शिल्प अविभाजित बिलासपुर जिले में बिखरे जैन कलचुरी हैहैवंशी मूर्ति शिल्प के समकालीन है जो नवीं दसवीं शताब्दी के मालूम पड़ते हैं। धनपुर जैन धर्मावलंबियों के आश्रय का केंद्र रहा होगा यह यहां यत्र तत्र बिखरी जैन मूर्तियों के अवशेष से पता चलता है।

प्राचीन काल में धनपुर उत्तरा पथ को दक्षिणा पथ से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग रहा है। यह मार्ग अंडी कुड़कई झावर बसंतपुर सोनबचरवार होकर केंदा मातिन वा लाफा जमीदारी से होता हुआ रतनपुर से जुड़ा हुआ था। यही मार्ग जांजगीर शिवरीनारायण



नारायण से होकर जगन्नाथपुरी से जुड़ा हुआ है पुराने समय में पशु बाजारों के लिए जाने के लिए यह पशु मार्ग था इस मार्ग पर पड़ने वाले मार्ग में नायक जाति के लोग मिलेंगे जो प्राचीन काल में उत्तर से दक्षिण भारत के मध्य संपर्क सूत्र के रूप में बंजारे का भी कार्य करते थे।

प्राचीन काल में यहां पहाड़ी में स्थित पांडव गुफा में से एक गुप्त मार्ग सोहागपुर को जाता था जिस से धनपुर गुप्त मार्ग के द्वारा सोहागपुर एवं रतनपुर से जुड़ा हुआ था ।धनपुर में बेनीबाई ,शहर खेरवा, भस्मासुर नामक स्थल है। यहां पहाड़ी के नीचे श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी का प्राचीन मंदिर है जिसका पौराणिक महत्व है लगभग 20 वर्ष पूर्व धनपुर में एक तपस्वी युवा संत बाबा मनु गिरी आए तथा वही देवी मंदिर के ऊपर पहाड़ी में स्थित गुफा में तप करने लगे । गांव वालों के संपर्क करने पर तपस्वी संत ने धनपुर के देवी स्थान की महत्वता को देखते हुए यहां श्री दुर्गा देवी जी के मंदिर के निर्माण का प्रकल्प प्रस्तावित किया जिसे सभी लोगों ने स्वीकार करते हुए सार्वजनिक सहयोग से श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी के मंदिर का निर्माण करना शुरू कर दिया । लगभग 4000 वर्ग फिट में बन रहे नवनिर्मित दुर्गा मंदिर के 3 गर्भगृह है जिनके तीनों गुंबज ओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य बाकी है त्योहार। श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर विकासखंड मरवाही के नाम से प्रचलित धनपुर का यह देवी स्थान मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है तथा यहां प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि तथा क्वार नवरात्रि का धूमधाम से आयोजन किया जाता है तथा भक्तजनों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन कराया जाता है।

वर्तमान में श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर मे श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के दीप प्रज्वलित कराए गए हैं जिसमें जवारा कलश तथा मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन कराया गया है ।ग्राम धनपुर में स्थित श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर की बढ़ती कीर्ति को देखते हुए यहां कमिश्नर रहे आईएएस श्री सोन मणि बोरा जी ने अपने मार्गदर्शन में कलेक्टर की अध्यक्षता में ट्रस्ट का गठन कराया है जो वर्तमान नवगठित जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही का पहला पब्लिक ट्रस्ट है। वर्तमान में इस ट्रस्ट की प्रबंधक एवं संचालक जिले की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी हैं तथा अध्यक्ष मरवाही की एसडीएम देवेंद्र सिरमौर है।

श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर का पंजीयन क्रमांक 101 है। ट्रस्ट के संस्थापक ब्रह्मलीन संत बाबा मनु गिरी जी महाराज है । यहां की पौराणिक महत्ता को देखते हुए यहां एक पुरातत्व भवन छत्तीसगढ़ शासन की ओर से बनवाया गया है तथा श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर के गुंबज का सौंदर्यीकरण के लिए छत्तीसगढ़ शासन के धार्मिक न्यास एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 10 फरवरी 24 को अरपा महोत्सव में 25 लाख रुपए स्वीकृत किया है। चुनावी आचार संहिता समाप्त होने के बाद ट्रस्ट को यह राशि प्राप्त होने पर गुंबज का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण हो सकेगा।

प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण पत्थर एवं हरियाली से पटी पहाड़ी के नीचे मुख्य मार्ग पर स्थित श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर की सुंदरता देखते ही बनती हैं जहां लोगों की मुरादे पूरी होती है। किदवंती है कि हैवंशी राजा रतन देव तुमान से अपनी राजधानी धनपुर स्थानांतरित करना चाहते थे धनपुर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। हैहैवंशी राजा शिकार करते हुए रतनपुर पहुंच गए वहां उन्हें महामाया देवी के दर्शन हुए जिसके कारण उन्होंने रतनपुर को अपनी राजधानी बना ली एवं मां महामाया के मंदिर का निर्माण रतनपुर में किया और इस तरह धनपुर उपेक्षित रह गया। यहां खुदाई के दौरान मठ मंदिर के अवशेष मिलते है जिससे यहां के प्राचीन इतिहास के वैभव एवं गौरवशाली होने का प्रमाण मिलता है। धनपुर के आसपास भी अनेक प्राकृतिक एवं पौराणिक स्थान है जिसमें भस्मासुर बेनी बाई के आदि प्रमुख है।

# ईद पर दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, नमाज के बाद गले मिलकर दी बधाई

## अनूपपुर में सभी धर्मों के लोगों ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश

**समाज जागरण अनूपपुर**

ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर अनूपपुर जिले में उल्लास और भाईचारे का अनोखा दृश्य देखने को मिला। सुबह ईदगाह एवं मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की, जिसके बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर विभिन्न जाति एवं धर्मों के लोग भी शामिल हुए और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की। पूरे जिले में हिंदू-मुस्लिम एकता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



**ईद का संदेशः**
सभी धर्मों का सम्मान करें, मिल-जुलकर रहें और समाज में प्रेम व शांति बनाए रखें।

**विशेष दृश्यः**
नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी।

**प्रशासन अलर्ट :**
त्योहार को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न।

# बैहाटोला में क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**समाज जागरण**

कोतमा। कोतमा विकासखंड अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 के ग्राम पंचायत भवन बैहाटोला में प्रस्फुटन समिति का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जीएस हितकारिणी समिति कोतमा द्वारा नवांकुर संस्था के सहयोग से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाजसेवी संगठनों एवं समितियों की कार्यक्षमता को बढ़ाना और उन्हें आधुनिक तरीकों से समाज सेवा के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन सत्र में बैहाटोला की सरपंच कंचन सिंह एवं विकासखंड समन्वयक सारिमान साकेत की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर बैहाटोला, चंगेरी, कटकोना, पैरीचूआ और पथरौढ़ी ग्राम पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के



दौरान प्रतिभागियों को समिति संचालन, सामाजिक कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित कारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही समाज में जागरूकता बढ़ाने और संगठित होकर कार्य करने के महत्व पर भी चर्चा की गई।

समापन सत्र में बीएमओ कोतमा डॉ. के.एल. दीवान एवं सरपंच कंचन सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. दीवान ने मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद के माध्यम से गांव-गांव में किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज सेवा के प्रति लोगों को प्रेरित करते हैं और कार्यकताओं की क्षमता में वृद्धि करते हैं। उन्होंने जीएस हितकारिणी समिति के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में सारिमान साकेत, ओंकार सिंह, महेंद्र यादव, प्रतिभा साहू, अजय सोनी सहित अन्य समाजसेवी, एमएसडब्ल्यू के छात्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# चंदिया और बिलासपुर मंडल में भाजपा का 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान प्रारम्भ

**भाजपा का संगठन अपनी विचारधारा और कार्य पद्धति से दुनिया में सर्वोत्तमःराजेन्द्र पाण्डेय**

**भाजपा कार्यकर्ता संगठन की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेःविधायक शिवनारायण**

**प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओ का हो रहा नैतिक और बौद्धिक विकासःआशुतोष अग्रवाल**

**समाज जागरण**

उमरिया।। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के अंतर्गत मंडल चंदिया और मंडल बिलासपुर में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हो गया है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान को आठ सत्रों में बांटा गया था। पहले दिन 7 सत्रों का कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिसमें विभिन्न सत्रों में अलग-अलग वक्ताओं ने अलग-अलग विषयों पर अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी राजेंद्र पांडे, विधायक शिवनारायण सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल,



वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश पयासी, पूर्व अध्यक्ष मनीष सिंह,जिला उपाध्यक्ष और प्रशिक्षण प्रभारी राजेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुमित

गौतम वरिष्ठ नेता रामनारायण पयासी, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा,वरिष्ठ नेता अशोक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष और चंदिया मंडल प्रभारी धनुषधारी सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी,

मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, बिलासपुर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सोनी ने अपने विचार व्यक्त किये।

दीन दयाल प्रशिक्षण महाभियान में उपस्थित हुए सभी अतिथि गण ऑन और चंदिया मंडल

के सभी कार्यकताओं का पंजीयन कराया गया इसके बाद प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण महाभियान को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी श्री राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस नाते हम सभी कार्यकताओं की समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारी भी बड़ी बनती है। प्रशिक्षण कार्यकताओं के व्यक्तित्व एवं कला कौशल को निखारने का साधन है। हमारा संगठन, कार्यकर्ता, हमारी विचारधारा और हमारी कार्य पद्धति दुनिया के अन्य राजनीतिक दलों से हमें अलग रखती है।

हम भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद की संकल्पना पर कार्य करते हैं। भाजपा ही आगे आने वाले समय में दुनिया का नेतृत्व करते हुए मानव जीवन की अद्भुत संकल्पना की राह दिखाएगा। बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने व्यक्तिगत हितों को त्याग कर राष्ट्रीय हितो के मद्देनजर भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। श्री सिंह ने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी संगठन के द्वारा हम सभी को जो भी जिम्मेदारियों दी गई है उसका निष्ठापूर्वक निर्वाण करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें। जिले के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश पयासी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की रीति और नीति से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश स्तर पर कार्यशाला की गई थी जिसमें जाने का मौका मिला था। प्रशिक्षण से कार्यकताओं का नैतिक और बौद्धिक विकास तो होता ही है,साथ ही विचारधारा और कार्यशैली का भी ज्ञान प्राप्त होता है। श्री पयासी ने बताया कि भाजपा के गठन के बाद प्रारंभ में भाजपा के मात्र 2 मेम्बर संसद में पहुंचते थे, लेकिन आज वह समय है जब भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में विराजमान है। भाजपा पार्टी का निर्माण सरकार बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानवाद की सोच से भारत माता को परम वैभव को शिखर पर ले जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से प्रशिक्षण महा अभियान का नाम रखने से दीनदयाल जी के व्यक्तित्व की तस्वीर दिखाई देती है और उनके जीवन चरित्र और एकात्मक मानव वाद के दर्शन का बोध होता है। आज हमारा कार्यकर्ता अन्य राजनीतिक दलों के कार्यक ताओं की अपेक्षा अनुशासित रहता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकताओं के दम और उनके त्याग तपस्या बलिदान के कारण भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण चतुवेर्दी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी,भरत अग्रवाल,नगर पालिका अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, चंदिया मंडल और बिलासपुर मंडल के पदाधिकारी, बूथ के अध्यक्ष-पदाधिकारी सहित बीएलए 2 और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अमलाई ईदगाह में अकीदत के साथ अदा हुई ईद की नमाज

## अमलाई में ईद की नमाज के बाद गले मिलकर झलका भाईचारा, मोहब्बत और अमन का संदेश

**समाज जागरण**

अमलाई अमलाई की सुन्नी हनफिया अब्बासीया मस्जिद परिसर में ईद उल फित्र की नमाज पूरे अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ अदा की गई। पवित्र रमजान माह में एक महीने तक रोजा, इबादत, तरावीह और नेकियों में बिताए गए दिनों के बाद जैसे ही ईद की सुबह हुई, पूरे क्षेत्र में खुशी और रौनक का माहौल छा गया। मस्जिद परिसर में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी और करीब 500 से 700 लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर अल्लाह से अमन, खुशहाली और बरकत की दुआ मांगी।

नमाज के बाद का नजारा भाईचारे और अपनत्व से भरा नजर आया, जब लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। हर वर्ग के लोगों ने आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम, एकता और इंसानियत का संदेश दिया। इस दौरान देश में शांति, तरक्की और सौहार्द बना रहे, इसके लिए भी दुआएं की गईं। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जो नए कपड़ों में ईद की खुशियां मनाते नजर आए, वहीं बुजुर्गों ने अपने आशीर्वाद और अनुभवों से माहौल को और भी खास बना दिया।




ईद के इस मौके पर मस्जिद के हाफिज और मोअजिन को फूलों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया और सभी ने उन्हें मुबारकबाद दी। इससे पूरा वातावरण और भी भावुक और खुशनुमा हो गया तथा लोगों ने अपने धर्मगुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

रमजान के महीने में इबादत, कुरान की तिलावत और जरूरतमंदों की मदद के बाद ईद का यह त्योहार खुशियों और शुक्राने का प्रतीक बनकर आया। लोगों ने सादगी और आपसी सौहार्द के साथ इसे मनाते हुए समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मस्जिद के बाहर भी देर तक लोगों का जमावड़ा लगा रहा, जहां मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा।

इस अवसर पर अंजुमन के सदर एडवोकेट रब्बानी, पूर्व सदर अलाउद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी, इदरीश, रहीश सिद्दीकी, सिकंदर खान, नईम अंसारी, अंसार अंसारी, सैफ रिजवी, मुस्ताक अहमद, सरताज अंसारी, , मुतुर्जा अंसारी, सद्दाम अंसारी, सलीम सिद्दीकी, अफसर अली, राशिद अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने ईद को पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया।

अंत में व्यवस्था को लेकर चचाई पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नमाज और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिस पर लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

# एमपी में राज्यसभा की एक सीट पर सस्पेंस , कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का डर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

भोपाल।मध्यप्रदेश में 19 जून को राज्यसभा की तीन सीटों के लिए चुनाव होने जा रहा है। इनमें दो सीटें भाजपा के पास हैं, जिन पर डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी और जॉर्ज कुरियन सांसद हैं। वहीं एक सीट कांग्रेस के खाते की है, जिस पर फिलहाल दिग्विजय सिंह सांसद हैं। दिग्विजय सिंह पहले ही राज्यसभा जाने से इनकार कर चुके हैं, जिसके बाद कांग्रेस में इस सीट के लिए कई दावेदार सामने आ गए हैं।

कांग्रेस में बढ़ी दावेदारी

दिग्विजय सिंह के इनकार के बाद कांग्रेस के भीतर इस सीट के लिए कई नेताओं ने दावा ठोक दिया है। इनमें प्रमुख नाम हैं जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, मीनाक्षी नटराजन, पूर्व सांसद कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री,अरुण यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री,कमलेश्वर पटेल पूर्व मंत्री, सज्जन सिंह वर्मा और प्रदीप अहिरवार झ दलित वर्ग के नेता

दलित वर्ग से किसी नेता को राज्यसभा भेजने की मांग भी उठ रही है। इस संबंध में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने पत्र लिखकर मांग की है।

**कांग्रेस को क्यों है खतरा**

कांग्रेस के भीतर सबसे बड़ा डर क्रॉस वोटिंग का है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक यदि 5-6 विधायक भी इधर-उधर हो गए तो कांग्रेस की सीट खतरे में पड़ सकती है।बताया जा रहा है कि भाजपा की ओर से विधायकों को अगले चुनाव में टिकट और अन्य ऑफर देने की चर्चा भी पार्टी के अंदर चल रही है।

**विधानसभा के आंकड़े**

मध्यप्रदेश विधानसभा में फिलहाल भाजपा के पास 164 विधायक हैं। यदि भाजपा को एक-दो अतिरिक्त समर्थन मिल जाता है तो उसके लिए समीकरण और मजबूत हो सकते हैं। कांग्रेस को आशंका है कि उसके कुछ विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं।

**पहले भी हो चुकी है क्रॉस वोटिंग**

2022 के राष्ट्रपति चुनाव में भी मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर क्रॉस वोटिंग देखने को मिली थी। उस समय विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को अपेक्षा से काफी कम वोट मिले थे। अनुमान था कि उन्हें करीब 103 वोट मिलेंगे, लेकिन उन्हें केवल 79 वोट ही मिले। माना गया कि लगभग 19-20 विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया था।

**विपक्ष और भाजपा के बयान**

इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा हमेशा तोड़फोड़ की राजनीति करती है, लेकिन कांग्रेस के विधायक मजबूत हैं और राज्य सभा सीट कांग्रेस की ही रहेगी।वहीं भाजपा विधायक अभिलाष पांडे का कहना है कि भाजपा के पास पर्याप्त विधायक हैं और पार्टी अपने संगठन और काम पर भरोसा करती है।

**जीत का गणित**

इस बार राज्यसभा चुनाव 230 विधायकों के गणित पर होगा। एक उम्मीदवार को जीतने के लिए लगभग 58 वोटों की जरूरत होगी। ऐसे में थोड़ी सी भी क्रॉस वोटिंग पूरे चुनाव का समीकरण बदल सकती है।

**निष्कर्ष**

मध्यप्रदेश की इस राज्यसभा सीट पर चुनाव से पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस के भीतर कई दावेदार हैं, वहीं क्रॉस वोटिंग की आशंका ने पार्टी की चिंता बढ़ा दी है। अब सभी की नजर 19 जून को होने वाले मतदान पर टिकी हुई है।

# अनुपपुर जिले में सत्यसांई दिव्य रथ का भ्रमण 29 तक।

**कोठी,थानगांव में शनिवार को घर घर पहुंचा साईं रथ।**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनुपपुर ।सत्यसांई सेवा संगठन मध्यप्रदेश के सौजन्य से सत्य साईंरथ जिले के विभिन्न नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शनिवार को अनुपपुर जिले के कोतमा जनपद के ग्राम पंचायत थानगांव,ग्राम कोठी, नगरपालिका क्षेत्र बिजुरी ,ग्राम पकरिहा, बेनीबहरा, कुदरी,मौहरी का भ्रमण किया गया,साईं समिति के भगवान दास द्विवेदी,लखन लाल पनिका ने बताया कि साईं रथ के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यह है कि बाबा के जो भक्त पुट्टपर्थी आंध्र प्रदेश बाबा की समाधि के दर्शन करने नहीं पहुंच पा रहे हैं उन भक्तों को बाबा स्वयं रथ के माध्यम से उनके घर पहुंच कर दर्शन दे रहे हैं,रथ के अंदर सत्यसाईं बाबा की दिव्य समाधि और




चरण चिन्ह बने हुए हैं जो पुट्टापर्थी की अनुभूति कराते हैं,इस भव्य साईं रथ का बिजुरी,कोठी समिति के सदस्यों ने बिजुरी में फूलों से भव्य स्वागत किया,और सभी साईं भक्तों ने रथ के साथ भजन कीर्तन करते समूचे क्षेत्र का भ्रमण किया गया ,आज के भव्य आयोजन में श्री सत्यसाइ सेवा समिति के भगवान दास द्विवेदी,लखन लाल पनिका,संत विनोद शुक्ला,पंकज पांडे,तारा दास शाहू,राहुल कुमार पनिका, बाल मुकुंद मिश्रा,विनय शुक्ला,देवेंद्र द्विवेदी ,अनुपम, आशीष ,विनोद ,विसाहू लाल,संतोष,मनोज तिवारी, बृजेश साहनी,सहविन पनिका नपा अध्यक्ष बिजुरी,तारा देवी साहू,अंजू मिश्रा,रूपा पाव, तथा बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# रीवा में करोड़ों की प्रॉपर्टी, लाखों में पंजीयन; सरकार को हो रही राजस्व की बड़ी हानि

## 1 अप्रैल से बढ़ने वाली गाइडलाइन दरों से बचने के लिए तेज हुई रजिस्ट्री, असली कीमत छुपाकर हो रहा अवैध नगद लेनदेन

**समाज जागरण**

रीवा।। मार्च माह में शहर में प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री अपने चरम पर है। इसकी मुख्य वजह आगामी 1 अप्रैल से लागू होने वाली नई गाइडलाइन दरें हैं, जिनमें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जमीन और प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाए जाने की तैयारी है। इसी बढ़ोत्तरी से बचने के लिए लोग वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने में तेजी से रजिस्ट्री करा रहे हैं।

शहर में कमर्शियल प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री वास्तविक कीमत से पांच से छह गुना कम पर कराई जा रही है। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी प्रॉपर्टी की वास्तविक कीमत 2 करोड़ रुपए है, तो उसकी रजिस्ट्री मात्र 30 से 40 लाख रुपए में कराई जा रही है। जबकि शेष रकम बिल्डर या विक्रेता द्वारा नकद में ली जा रही है। यह पूरा मामला अब सरकारी तंत्र के संज्ञान में आ चुका है, जिसके बाद जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं।

रजिस्ट्री में कम कीमत, बाकी कैश में

सूत्रों के अनुसार, कर विभागों का खुफिया तंत्र अब इस तरह के मामलों पर पैनी नजर रख रहा है। बिल्डरों के दफ्तरों के आसपास आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा रहा है। इतना ही नहीं, पंजीयन कार्यालयों के बाहर भी नजर रखी जा रही है, जहां अक्सर खरीददार नकद भुगतान करते पाए जाते हैं।

सरकारी सिस्टम ने रीवा शहर में ऐसे कई स्थान चिन्हित किए हैं, जहां नियमित रूप से संदिग्ध लेनदेन हो रहा है। इनमें सिरमौर चौक, नया बस स्टैंड क्षेत्र और शिल्पी प्लाजा प्रमुख हैं। यहां कई बिल्डर अपने कार्यालयों के साथ-साथ गोल्ड शोरूम के जरिए भी लेनदेन को अंजाम दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन स्थानों पर रोजाना करोड़ों रुपए का अवैध नकद लेनदेन हो रहा है, जिससे शासन को भारी राजस्व हानि हो रही है।

ऐसे हो रहा है खेल

प्रॉपर्टी की वास्तविक कीमत तय होती है करोड़ों में।

रजिस्ट्री कराई जाती है गाइडलाइन या उससे भी कम दर पर।

शेष राशि नकद में ली जाती है।

टैक्स और स्टांप ड्यूटी से बचने का प्रयास।

शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान।

पूरे नेटवर्क पर शिकंजा

सूत्रों की मानें तो सरकार अब इस पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। खुफिया विभाग के लोग सादे कपड़ों में निगरानी कर रहे हैं और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस मामले में बड़ी कार्रवाई हो सकती है। जिन बिल्डरों के खिलाफ सबूत मिलेंगे, उन पर न केवल आर्थिक कार्रवाई होगी, बल्कि कानूनी शिकंजा भी कसा जा सकता है। प्रॉपर्टी बाजार में इस हलचल के बीच यह स्पष्ट है कि शासन अब राजस्व हानि को लेकर गंभीर हो चुका है और किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

# जिलाधिकारी ने सलखन फॉसिल्स पार्क का किया स्थलीय निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी ने आज सलखन फॉसिल पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क के पास पार्किंग स्थल, प्राकृतिक म्यूजियम, रिसेप्शन सेंटर, कैंटीन सहित मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि रिसेप्शन सेंटर पर आने वाले आगंतुकों का नाम अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाए तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने विद्युत उपकेंद्र तक पहुंचने हेतु अलग मार्ग के निर्माण के निर्देश भी दिए, जिससे व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फॉसिल पार्क की ओर जाने वाले मार्ग के पास स्थित तालाब के सुंदरीकरण एवं व्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि आगंतुकों को आकर्षक एवं मनोहारी दृश्य उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सलखन फॉसिल पार्क में स्थित जीवाश्मों को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं, ऐसे में यहां उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि पार्क के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण हेतु एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें, जिससे इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल को और अधिक विकसित किया जा सके।

इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी, तहसीलदार रॉबर्ट्सगंज, डीसी मनरेगा, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय नगर के गौरव नगर स्थित ईदगाह पर शनिवार को ईद उल फितर की नमाज पढ़ने के लिए सैकड़ों की संख्या में नमाजियों से ईदगाह खचाखच भरी रहीं। रमजानुल मुबारक मौके के बाद ईद उल फितर की अपना अलग महत्व देखते हुये सुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ईद की नमाज पढ़ने की तैयारियों में जुट गये वहीं सुबह 8 : 30 बजे ईद की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम रमजान कादरी ने ईदगाह पर तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई गई। वहीं हाजी वकील अहमद खान ने सभी लोगों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि हमारे मुल्क की संस्कृति गंगा जमुनी है यहां हमेशा मुहब्बत का राज रहा है और हमेशा रहेगा। बाद नमाजे ईद लोगों ने अपने खुदा की बंदकरीम से गुनाहों की तौबा करने के साथ अल्लाह के रास्ते पर चलने की ताकत देने की और मुल्क की सलामती के लिये अमन-चैन की दुआ मांगी गई। वही अंजुमन सेक्रेटरी महफूज आरिफ ने सभी लोगों को आपसी भाईचारे सौहार्द के प्रतीक ईद की बधाईयां देते हुए चोपन प्रशासन, पत्रकार बन्धुओं व नगर पंचायत के कर्मचारियों को ईदगाह की सफाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद, नाजिम खान, हाजी वकील अहमद, डॉ मुन्ना, रियाज अहमद, सभासद सलीम कुरैशी, चिराग अली, रिजवान अहमद, एजाज अंसारी, नजमुद्दीन इद्रीशी, अतहर कुरैशी, हनीफ खान, सराफत अली, भाईजान, मोजिब आलम नसरुद्दीन अली सहित मिडिया बन्धु व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वही सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा मय फोर्स चाक चौबंद नजर आये।

# ईदगाहों और मस्जिदों में बड़े अकीदत के साथ अदा की गयी ईद उल फितर की नमाज

**नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद मुबारक**

**नगर पंचायत चुर्क-गुर्मा ने की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था**

**प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**चोपन थाना तथा गुरमा चौकी पुलिस लगातार करती रही गश्त**

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। चोपन थाना तथा गुरमा चौकी क्षेत्र के गुरमा,मारकुंडी, सलखन इत्यादि इलाकों मे ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही आस्था, धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां ईदगाहों और मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने बड़े अकीदत के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की।ईदगाह में पेश इमाम हाफिज मुमताज अहमद (दुद्धी) ने नमाज पढ़ाई, जबकि सलखन में इमाम इसराइल ने नमाज पढ़ाई। वहीं नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद का मुबारक दिए। आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में लोग नमाज के लिए पहुंचे, जिससे ईदगाह परिसर खचाखच भरा नजर आया। नमाज के दौरान मुल्क की हिफाजत, तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं।ईद की नमाज बड़ेअकीदत और शांति पूर्ण माहौल में अदा की गई।ईद का यह एक ऐसा त्यौहार है जो खुशियों का त्यौहार है।नए-नए कपड़े पहनकर नमाजियों ने ईदगाह पर पहुंचे ईद का नमाज अदा करने के लिए।वहीं बुजुर्ग नौजवान के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी नमाज पढ़ने के लिए गये।लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिला।

जानकारों की माने तो ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस पर्व को मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है।यह त्योहार रमजान के पाक महीने के खत्म होने पर मनाया जाता है। खुशी और भाईचारे का पर्व ईद-उल-फितर बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन लोग मस्जिदों में नमाज अदा करते हैं, गले मिलते हैं और एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हैं।मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज के समय पहले ही तय कर दिए गए हैं।ईद के दिन की शुरूआत खास नमाज से होती है, जिसे 'ईद की नमाज' कहा जाता है। दरअसल, मुस्लिम कैलेंडर का नौवां महीना, रमजान सबसे पवित्र समयों में से एक है, क्योंकि इसी महीने में पवित्र ग्रंथ कुरान नाज़िल हुआ था।रमजान के आखिर में ईद-उल-फितर रोजा तोड़ने का जश्न होता है। इस दिन दोस्त और परिवार के लोग मिलकर दावत करते हैं और एक-दूसरे को तोहफे देते है। त्योहार को लेकर इलाके के बाजारों और आसपास के गांवों में विशेष रौनक देखने को मिली।बच्चों ने नए कपड़े पहनकर बड़ों से आशीर्वाद और ईदी प्राप्त की, वहीं महिलाओं ने घरों में विशेष पकवान बनाकर परिवार और रिश्तेदारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।मुस्लिम समाज के लोगों ने गरीबों और जरूरतमंदों में भोजन व मिठाइयां वितरित कर इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर नगर पंचायत चुर्क-गुर्मा की ओर से साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई थी। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए सलखन में चोपन थाने की पुलिस मौजूद रही तथा चौकी प्रभारी गुरमा अतुल पटेल पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करते रहे ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे।इस पावन पर्व पर सभासद अशफाक कुरैशी, हाजी एजाज खान, हाजी मंसूर खान, एकलाख खान, इरशाद खान, अफसर खान, अख्तर खान, अंशु, कुतुबुद्दीन, महफूज, नफीस आलम, मोहसिन अंसारी, सैफ खान, सेराज आलम, शहजाद कुरैशी, इश्तियाक कुरैशी, अहमद अली 'बाबा', अहद अली, गुड्डू अंसारी, सदर आफताब शाह, मुस्तफा, खुर्शीद सरफुद्दीन, असलम, अहमद, अब्दुल कलाम, अब्दुल्ला, गुलशन सरोज, अनिल कुमार, दयाशंकर समेत सैकड़ों हिंदू-मुस्लिम बंधु उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा ईद-उल-फितर के अवसर पर जनपद में नमाज ड्यूटी एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



सोनभद्र। ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर जनपद सोनभद्र में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत नमाज ड्यूटी एवं यातायात व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अनिल कुमार द्वारा थाना दुद्धी क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर नमाज स्थलों एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में भ्रमण कर नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

जनपद में सभी स्थानों पर नमाज सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कानून-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य रही।

# पिपरी पुलिस का बड़ा खुलासा : चोरी के 02 मुकदमों का अनावरण , 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार , भारी मात्रा में सामान बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



सोनभद्र। थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 44/2026 धारा 305 (3) बीएनएस एवं मु0अ0सं0 45/2026 धारा 331/305(ए) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटनाओं का थाना पिपरी पुलिस द्वारा सफल अनावरण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.03.2026 को रात्रि 23.10 बजे थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मुर्धवा मोड़ से रनटोला मार्ग स्थित जंगल क्षेत्र में दबिश दी गई। मौके पर चोरी का समान छिपाकर ले जाने की तैयारी कर रहे अभियुक्तों को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसमें 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर सुनसान घरों एवं दुकानों की रेकी कर रात्रि में चोरी की घटनाएं करते थे तथा चोरी का सामान जंगल में छिपाकर बाद में औने-पौने दाम में बेच देते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण 1. उदय राज पुत्र लक्ष्मण अगरिया, निवासी ग्राम सूपाचुआं, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष। 2.राजेश कुमार उर्फ बहिरा पुत्र रामजीत अगरिया, निवासी ग्राम सूपाचुआं, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 32 वर्ष।

फरार/वांछित अभियुक्तगण 01. मुन्नालाल पुत्र रामधनी, निवासी ग्राम सूपाचुआं, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र। 02.जवाहिर पुत्र चरकू, निवासी ग्राम सूपाचुआं, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र। बरामदगी का विवरण * 01 छोटा फ्रिज (ब्लैक/ग्रे) * 01 बड़ा पुराना फ्रिज (WHIRLPOOL)* 01 फरार्टा पंखा (ZIGMA) * 01 एलईडी टीवी (XIAOMI) * 01 सेट टॉप बॉक्स (TATA SKY)*01 गैस सिलेंडर (इंडियन) * ट्रैक्टर पार्ट्स -एक्सल, क्राउन हाउजिंग, क्राउन शाफ्ट, ब्रेक सेट, बेबिन हाउजिंग, हाइड्रोलिक हत्था आदि बरामद सामान उपरोक्त दोनों मुकदमों से संबंधित पाया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर प्रयास जारी हैं।

# आसमान में छाए बादल, किसानों की बढ़ी धड़कने

## गरज -चमक के साथ हुई बेमौसम बरसात से गेहूं समेत दलहनी, तिलहनी फसलों को भारी नुकसान

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में हुए अचानक परिवर्तन से क्षेत्र में हुई बरसात से रबी फसलों को क्षति पहुँचने की आशंका से किसानों की धड़कनें बढ़ने लगी है। किसानों में डर है कि कहीं खरीफ फसल की तरह रबी फसल पर भी खतरा ना मंडरा जाए, नहीं तो अन्नदाताओं की कमर पूरी तरह टूट जाएगी और आर्थिक बोझ से दब जाएंगे। हालाँकि बारिश से तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है। बताते चलें कि बीती रात गरज -चमक के साथ हुई बेमौसम बरसात से गेहूं सहित दलहनी, तिलहनी फसलों को नुकसान पहुँच सकता है। बारिश के साथ चली हवाओं से गेहूं की खड़ी कुछ फसलें जहाँ गिर गई है,वही पककर तैयार मटर, मसूर, चना व सरसों आदि फसलों को भी क्षति पहुँच सकती है इनके फल चटक सकते हैं और दाने काले हो जाएंगे।पैदावार पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता हैं। चैत्र मास में रबी फसलों के लिए यह मौसम पूरी तरह हानिकारक साबित हो सकता है।शनिवार को भी आसमान में बादल छाए रहने से किसानों में चिंता दिख रही है।गाँव के किसानों का कहना है कि मौसम की बेरूखी से डर लग रहा है कि यह खरीफ फसल की तरह रबी फसल के लिए भी मुसीबत न बन जाए।क्योंकि धान की भांति गेहूं सहित दलहनी, तिलहनी की फसल भी पकने के कगार पर है।कहीं-कहीं इन फसलों की कटाई भी शुरू हो गई है।

# राख परिवहन में बड़ी लापरवाही, सड़कों पर फैल रहा कीचड़, हादसों का बढ़ा खतरा

**समाज जागरण ब्यूरो**



सोनभद्र/अनपरा। क्षेत्र में हाईवा वाहनों द्वारा राख (फ्लाई ऐश) के परिवहन के दौरान गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि राख से लदे हाईवा मुख्य मार्ग पर चलते समय राख मिश्रित पानी सड़क पर गिरा रहे हैं। इससे सड़क पर कीचड़ जैसी स्थिति बन गई है, जो राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार, पूर्व में तत्कालीन डीएम और एसपी द्वारा शक्तिनगर स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में परियोजना अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि राख का परिवहन निर्धारित मानकों के अनुसार ढककर किया जाए और ओवरलोडिंग न हो। इसके बावजूद ट्रांसपोर्टरों द्वारा नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। अनपरा के मुख्य चौराहों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में राख परिवहन करने वाले वाहन गुजरते हैं, जो तेज रफ्तार में चलते हुए दिखाई देते हैं। हैरानी की बात यह है कि संबंधित विभागों और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से इस पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और निकाय के अधिकारी भी इस मामले में निष्क्रिय नजर आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अब आम हो गई हैं। राख मिश्रित पानी सड़क पर गिरने से सड़क फिसलन भरी हो जाती है, जिससे विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को भारी जोखिम का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि राख परिवहन में लगे वाहनों को न तो ठीक से ढका जाता है और न ही लीकेज रोकने के पर्याप्त इंतजाम किए जाते हैं। इससे एक ओर जहां प्रदूषण फैल रहा है, वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों और कंपनियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या पर संज्ञान लेकर प्रभावी कदम उठाने की अपील की है।

# भक्ति की त्रिवेणी में डूबा बीजपुर, रामकथा से होता है हृदय परिवर्तन

**समाज जागरण ब्यूरो**




बीजपुर/ सोनभद्र। स्थानीय दुधहिया देवी मंदिर के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास श्री राम मोहन दास रामायणी ने अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा वाचक ने उत्तर प्रदेश की पावन धरती और त्रिवेणी संगम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।उन्होंने जोर देकर कहा रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि हृदय परिवर्तन करने वाली कथा है। सुख और दुख हमारे कर्मों पर आधारित हैं।अच्छे और बुरे कर्मों का फल निश्चित मिलता है। माता सती के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे एक झूठ के कारण उन्हें वर्षों तक तपस्या करनी पड़ी। उन्होंने गृहस्थ जीवन में आपसी विश्वास और सत्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। कथा के दूसरे दिन शिव विवाह का प्रसंग सुनाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। जब भगवान शिव की बारात निकली तो भूत-प्रेतों के वेश में बच्चों ने जमकर नृत्य किया जिसे देख भक्त आनंदित हो उठे।पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" और "जय श्री राम" के उद्घोष से गुंजायमान रहा।"जिसका कोई संगी साथी नहीं, उसका सहारा ईश्वर है।ज्योति से ज्योति जलाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो" तुम हमारे हो प्रभु हम तुम्हारे हैं"भजनों पर श्रद्धालु भावुक होकर झूमने लगे। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नफरत के बदले मोहब्बत बांटना ही सच्ची मानवता है। प्रभु का स्मरण और अटूट भक्ति ही जीवन की नैया को पार लगा सकती है।

# थाना कोन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 03 गो तस्कर गिरफ्तार, एक पीकप वाहन में कुल 03 राशि गोवंश बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में गो तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोन पुलिस द्वारा दिनांक 20.03.2026 को चाची कला पुलिया के पास मझगवां से एक अदद पीकप वाहन में लादकर वध हेतु ले जा रहे 03 राशि गोवंश बरामद कर मौके से 03 गो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ



के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे इन गोवंशों को चोपन, जुगैल थाना क्षेत्र से खरीदकर झारखण्ड से व्यापारियों के माध्यम से वध हेतु पश्चिम बंगाल भेजते थे तथा वहाँ उँचे दामों पर विक्रय करते थे। इस सम्बन्ध में थाना कोन पर मु0अ0सं0 42/2026 धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण - 1-ओम प्रकाश पुत्र बिफन खरवार निवासी पटवध थाना चोपन जिला सोनभद्र उम्र -30बर्ष, 2-सुदर्शन राम पुत्र कल्लन राम निवासी पटवध टोला मुरैया थाना चोपन जिला सोनभद्र उम्र -34 बर्ष, 3-उमेश राम पुत्र रिवन राम निवासी रेडिया थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र - उम्र -41 बर्ष।

# पूरे एहतराम के साथ अदा की गई ईद की नमाज

**समाज जागरण ब्यूरो**



सोनभद्र/दुद्धी। नगर समेत आस-पास के ग्रामीण अंचलों में ईद उल फितर का त्योहार पूरे अकीदत और एहतराम के साथ शनिवार को मनाई गई। नगर के मख्तब जब्बरिया ईदगाह में नमाज हजरत नासिरे मिल्लत की जेरे इमामत में अदा की गई। उन्होंने कहा आज के दिन हर इंसान को आपसी गिले-शिकवे मिटाकर एक-दूसरे के गले मिलने चाहिए। उन्होंने ईद की नमाज के तरीके व नीयत भी बताया। हजरत ने नमाज बाद मुल्क में आपसी भाईचारे व मुहब्बत के लिए रूहानी दुआख्वानी की। दुद्धी जामा मस्जिद में साढ़े आठ बजे व गर्ल्स कॉलेज मलदेवा में साढ़े नौ बजे नमाज अदा की गई। एडिशनल एसपी अनिल कुमार सीओ राजेश कुमार रॉय कोतवाल धर्मेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य थानाध्यक्ष के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे।

# रामपुर बरकोनिया पुलिस की बड़ी कार्यवाहीः गौ तस्करी करते 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 04 गोवंश बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में जनपद में गौ-तस्करी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

दिनांक 21.03.2026 की रात्रि में समय लगभग 02:10 बजे मुखबिर खास की सूचना पर भीखमपुर जंगल रोड से 04 राशि गोवंश (बैल/बछड़ा) के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 28/2026 धारा 3/5A/5B/8 उ0प्र0 गौ हत्या निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को आवश्यक विधिक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण 01. अनिल कुमार पुत्र लक्ष्मण चेरो, निवासी ग्राम विछिया गोसा, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 37 वर्ष, 02. राकेश पुत्र लक्ष्मण, निवासी ग्राम पिपरी चकयाँ, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 36 वर्ष।

# केज निरीक्षण अनियमितता में आपत्ति लगाने पर, दबाव बनाना और बंधक बनाने का आरोप

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के ओबरा गांव में केज निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता और दबाव बनाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 20 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3:30 बजे जितेंद्र निषाद और राकेश ओझा उन्हें अपने साथ डेम पर केज दिखाने ले गए। निरीक्षण के दौरान केज में मछलियों की संख्या मात्र 80-100 पाई गई, जो निर्धारित मानकों से काफी कम थी। इस पर आपत्ति जताने पर आरोप है कि जितेंद्र निषाद ने विवाद किया, धमकी दी और शिकायतकर्ता को करीब डेढ़ घंटे तक डेम के बीच पानी में बंधक बनाए रखा। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि उस दौरान उन पर दबाव बनाया गया कि वे स्टाम्प पेपर पर लिखकर दें कि कार्य पूरी तरह सही है और उन्हें कोई शिकायत नहीं है। मामले को गंभीर बताते हुए शिकायतकर्ता ने थानाध्यक्ष चोपन से निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जब तक केज में मछलियों की संख्या और अन्य सभी मानक पूरी तरह सही न पाए जाएं, तब तक संबंधित कार्य का भुगतान रोका जाए। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

# लोको पायलट मुकेश कुमार सिंह ने कविता लेखन में पूरे जोन में लहराया परचम

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 21 मार्च 2026 : दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन द्वारा मुकेश कुमार सिंह के सम्मान में विशेष अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। उनकी यह उपलब्धि वास्तव में पूरे रनिंग स्टाफ और रेल मंडल के लिए प्रेरणादायक है। लोको पायलट मुकेश कुमार सिंह ने कविता लेखन में पूरे जोन में परचम लहराया । मेंस यूनियन चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत कार्यरत मुकेश कुमार सिंह (लोको पायलट, विद्युत) ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता में संपूर्ण जोन स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विशेष बात यह है कि श्री सिंह ने अपनी कविता 'संरक्षा' (सेफ्टी) जैसे महत्वपूर्ण विषय पर लिखी थी।

मुख्य विवरणः * प्रतियोगिता का आयोजनः राजभाषा विभाग, चक्रधरपुर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन राजभाषा विभाग



मुख्यालय, गार्डेनरीच द्वारा किया गया। * विजेता का परिचयः मुकेश कुमार सिंह वर्तमान में मुख्य चाल कदल नियंत्रक कार्यालय, आदित्यपुर में पदस्थ हैं।

* पुरस्कारः मंडल रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आगामी बैठक में मंडल रेल प्रबंधक ( DRM) द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

**मेंस यूनियन द्वारा अभिनंदनः**

दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन के मंडल संयोजक मनोज कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुकेश सिंह ने अपनी कविता के माध्यम से संरक्षा के प्रति जागरूकता और साहित्य का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। पूरे मेंस यूनियन परिवार की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया है। मेंस यूनियन द्वारा जल्द ही एक अभिनंदन समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। इसके पहले उन्हें रेलवे बोर्ड स्तर पर रायबरेली में राष्ट्रीय सम्मान समारोह में पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चोरी की बाइक और देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना क्षेत्र अंतर्गत सोबेखाप गांव पुल के समीप गश्ती के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक और अवैध महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक की पहचान मेंह गांव निवासी सचिन कुमार के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसआई अमरेश दास के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान



संदिग्ध स्थिति में एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। साथ ही जिस बाइक पर वह सवार था, वह चोरी की पाई गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और जब्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सीजीपीसी के प्रेस प्रवक्ता बनाये गए युवा पत्रकार खासमहल निवासी चरणजीत सिंह

## हॉउस में किया गया सम्मानित, कहा - मयार्दा अनुसार निभाएंगे जिम्मेदारी

**दैनिक समाज जागरण**
**21.03.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) ने खासमहल निवासी चरणजीत सिंह को प्रेस प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. इस संबंध में शनिवार को प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में सीजीपीसी की कोर मीटिंग में उक्त निर्णय लिया गया, जिसके बाद सीजीपीसी के हॉउस में चरणजीत सिंह को शॉल ओढ़ाकर प्रधान



भगवान सिंह और महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला ने सम्मानित किया. इस मौके पर प्रधान ने कहा कि कमेटी को पूर्ण विश्वास है कि भाई चरणजीत सिंह अपनी ईमानदारी, समर्पण और सेवा भावना के साथ कमेटी की गतिविधियों, चल रहे भलाई के कार्यों और धार्मिक सेवाओं को मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से संगत तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.

भगवान सिंह के मुताबिक हमारा उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि उन कार्यों को समाज तक पहुंचाना भी है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रेरित हों और ह्लसरबत दा भलाह्न के इस पवित्र मिशन से जुड़ सकें. चरणजीत सिंह को मिली जिम्मेदारी से गुरु घर की सेवाएं, सामाजिक प्रयास और मानवता की भलाई के कार्य अब और मजबूती से हर घर तक पहुंचाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि हम अरदास करते हैं कि धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की कृपा से भाई चरणजीत सिंह अपनी इस नई सेवा को चढ़दी कला में निभाएं और कमेटी को नई ऊँचाइयों तक लेकर जाएं. महासचिव अमरजीत सिंह और गुरचरण सिंह बिल्ला ने कहा कि चरणजीत सिंह पिछले लंबे समय (20 सालों से) पत्रकारिता कर रहे हैं. वह समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं. अब सिख समाज में उनकी जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण होगी. इस मौके पर चरणजीत सिंह ने प्रधान एंड टीम को आश्वासन दिया कि वह मयार्दा का पालन करते हुए इस जिम्मेदारी का निर्वाह बाखूबी निभाएंगे. इसके बाद सभी ने मिलकर इस नई जिम्मेदारी के लिए चरणजीत सिंह को बधाई दी. इस मौके पर प्रधान के अलावा महासचिव अमर जीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, वरीय उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह राजू, परविंदर सिंह सोहल, सुरेंद्र सिंह शिंदे, जसवंत सिंह जस्सू, सुखदेव सिंह बिट्टू, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह बेदी, सरबजीत सिंह ग्रेवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# नवीनगर में रामनवमी के अवसर पर महा आरती का भव्य आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) शनिवार को नवी नगर नगर पंचायत क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित महाबीर मंदिर प्रांगण में महाबीर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री रामनवमी पूजा महोत्सव के तहत महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में स्थापित रामदरबार की आकर्षक प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में नवीनगर के विधायक चेतन आनंद एवं डॉक्टर आयुषी सिंह तोमर ने विधिवत भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं भगवान हनुमान की आरती उतारी।आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। महा आरती से पूर्व पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से



आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष छेदी लाल कांसयकार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव को भव्य रूप से मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन सिंह,वार्ड पार्षद अजय प्रसाद,विकास कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।महाबीर सेवा समिति के अध्यक्ष छेदीलाल कांस्यकर,उपाध्यक्ष लखन प्रसाद सोनी,सचिव सुरेश सोनी,उप सचिव विनायक सोनी,कोषा अध्यक्ष नवीन कुमार,निगरानी सह निर्णायक जैनेन्द्र सिंह,प्रदीप सिंह समेत सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए प्रशासन का भी सहयोग रहा।

# थाना दुद्धी द्वारा साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के 8,000/ - रुपये कराए वापस

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं



क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। आज दिनांक 21.03.2026 को आवेदक राकेश कुमार पुत्र गोरखलाल निवासी सायल, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र की मोबाइल चोरी हो जाने के उपरांत अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके खाते से ₹15,000/- की धोखाधड़ी कर ली गई थी। इस संबंध में आवेदक द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार फ्रॉड की गई धनराशि में से ₹8,000/- रुपये आवेदक को सफलतापूर्वक वापस कराए गए।

# प्रीतनगर में सड़कों पर खड़े ट्रकों से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, प्रशासन मौन

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

चोपन/डाला/ सोनभद्र। वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर स्थित प्रीतनगर क्षेत्र इन दिनों 'मौत का डेंजर जोन' बनता जा रहा है। सड़क के दोनों ओर बेतरतीब ढंग से खड़े भारी वाहन न केवल यातायात बाधित कर रहे हैं, बल्कि किसी बड़ी अनहोनी को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन सब कुछ जानकर भी मूकदर्शक बना हुआ है। दहशत के साये में राहगीर वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग जिले की लाइफलाइन मानी जाती है, जहाँ चौबीसों घंटे छोटे-बड़े वाहनों का दबाव रहता है। प्रीतनगर में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों द्वारा अपने ट्रकों और ट्रेलर को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा कर दिया जाता है। इससे सड़क संकरी हो जाती है, जिससे दो पहिया वाहन चालक और पैदल यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं। कार्रवाई का नहीं दिख रहा असर; हाल ही में चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा अभियान चलाकर बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई थी और कई वाहनों के चालान भी काटे गए थे। पुलिस की इस सक्रियता से एक उम्मीद जगी थी, लेकिन यह असर कुछ ही दिन रहा।

स्थानीय निवासियों का कहना हैः > "पुलिस की कार्रवाई के बावजूद ट्रांसपोर्टरों के हौसले बुलंद हैं। वे चंद रुपयों के पार्किंग शुल्क बचाने के चक्कर में हाईवे को गैरेज बना चुके हैं। ऐसा लगता है कि प्रशासन अब किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।"प्रमुख समस्याएँ और खतरे

अंधेरे में बढ़ता खतराः रात के समय इन खड़े वाहनों में रिफ्लेक्टर न होने के कारण पीछे से आने वाले वाहन अक्सर इनसे टकरा जाते हैं।

ट्रैफिक जामः बेतरतीब पार्किंग के कारण आए दिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है।


कानून की अनदेखीः स्थानीय ट्रांसपोर्टरों द्वारा पुलिस की चेतावनी को नजरअंदाज करना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

क्या कहती है जनता?

क्षेत्रीय नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि केवल चालान काटकर औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि इन वाहनों को स्थाई रूप से हटाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर प्रीतनगर का यह हिस्सा किसी बड़े खूनी हादसे का गवाह बन सकता है।

# संपत्ति और परिवार का भविष्य सुरक्षित करना है? जानें भारत में ट्रस्ट बनाने की पूरी प्रक्रिया

ट्रस्ट बनाना परिवार की संपत्ति को सुरक्षित रखने और अगली पीढ़ी तक सही तरीके से पहुंचाने का एक लोकप्रिय तरीका बन चुका है। भले ही ट्रस्ट शुरू करने के लिए बहुत ज्यादा पूंजी की जरूरत न पड़े, लेकिन इसकी शुरूआत सही ढंग से करना बेहद जरूरी है। अगर शुरूआत में ही कोई कमी रह गई तो आगे चलकर कानूनी पचड़े और टैक्स की मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। एस्टेट प्लानिंग या फैमिली वेल्थ प्रोटेक्शन के लिए ट्रस्ट काफी लचीला विकल्प है, लेकिन इसके लिए शुरू से ही साफ इरादा, सटीक बनावट और सही अमल जरूरी होता है।



**ट्रस्ट कैसे बनता है**

ट्रस्ट तब तैयार होता है जब कोई व्यक्ति, जिसे सेटलर कहते हैं, अपनी कुछ संपत्ति ट्रस्टियों को सौंप देता है। ट्रस्टी उस संपत्ति का इस्तेमाल तयशुदा लाभार्थियों के फायदे के लिए करते हैं। यह सब एक ट्रस्ट डीड नाम के दस्तावेज के जरिए होता है। पूरी प्रक्रिया कुछ इस तरह चलती हैः सबसे पहले उद्देश्य तय करें। ट्रस्ट परिवार की दौलत को बचाने, नाबालिग बच्चों की देखभाल या किसी खास मकसद के लिए बनाया जा सकता है। इरादा जितना स्पष्ट होगा, उतना अच्छा।

फिर ट्रस्टी और लाभार्थी चुनें। ट्रस्टी ऐसे लोग होने चाहिए जिन पर पूरा यकीन हो। आमतौर पर दो या उससे ज्यादा भरोसेमंद लोगों को चुना जाता है। ट्रस्ट डीड तैयार करें। इसमें ट्रस्टी के अधिकार, जिम्मेदारियां और संपत्ति बांटने के नियम साफ-साफ लिखे जाने चाहिए। डीड की भाषा सरल और बिना किसी अस्पष्टता के होनी चाहिए।

ट्रस्ट की डीड को स्टैंप पेपर पर तैयार करके साइन करें और अगर इसमें कोई जमीन या मकान जैसी अचल संपत्ति शामिल है, तो इसे स्थानीय सब-रजिस्ट्रार के पास रजिस्टर कराना जरूरी है, जिसके लिए दो स्वतंत्र गवाहों का होना अनिवार्य होता है। ट्रस्ट शुरू होने के बाद उसका ढअठ कार्ड बनवाएं, बैंक अकाउंट खोलें और बाकी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करें।

ने नए इनकम टैक्स नियम नोटिफाई किए, 1 अप्रैल 2026 से होंगे लागू

ट्रस्ट के लिए जरूरी कागजात

ट्रस्ट डीड सबसे अहम दस्तावेज है, जिसमें ट्रस्ट की सारी शर्तें लिखी जाती हैं। इसके अलावा ये चीजें चाहिएः सेटलर, ट्रस्टी और गवाहों के पहचान पत्र और पता प्रमाण

ट्रस्ट के रजिस्टर्ड ऑफिस का सबूत, जैसे मालिकाना हक के कागज या किराया एग्रीमेंट किराए की जगह के लिए नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट

फोटोग्राफ्स और बेसिक KYC जानकारी रजिस्ट्रेशन कहां होता है और कितना खर्च

ट्रस्ट बनाने के लिए कोई मोटी रकम जरूरी नहीं है और ज्यादातर मामलों में इसकी शुरूआत बस एक छोटी राशि से हो जाती है, लेकिन अगर ट्रस्ट में जमीन या मकान जैसी अचल संपत्ति शामिल है तो रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 के तहत सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में इसका पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है, जिसकी स्टैंप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस हर राज्य में अलग-अलग होती है और कानूनी मदद लेने का खर्च आपके ट्रस्ट के काम के आधार पर निर्भर करता है।

**कुछ जरूरी बातें ध्यान में रखें**

ट्रस्ट की असली ताकत उसकी स्पष्टता और सही अमल में होती है। उद्देश्य, लाभार्थी या संपत्ति में कोई धुंधलापन नहीं होना चाहिए, वरना ट्रस्ट पर कानूनी चुनौती आ सकती है। ट्रस्टी का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि वे फिड्यूशियरी जिम्मेदारी निभाते हैं।

संपत्ति का मालिकाना हक पूरी तरह ट्रस्ट को ट्रांसफर होना चाहिए।

एक बार ट्रांसफर हो गया तो सेटलर उस पर सीधा नियंत्रण नहीं रख सकता। टैक्स के नियम खासकर गैर-रिश्तेदारों या विदेश से जुड़े मामलों में सावधानी बरतनी पड़ती है। डीड में भविष्य के बदलाव, उत्तराधिकार जैसी बातों का जिक्र होना चाहिए। साफ ड्राफ्टिंग, सही रजिस्ट्रेशन और व्यावहारिक संरचना से बाद में विवाद की गुंजाइश कम हो जाती है।

# वसीयत या ट्रस्टः संपत्ति की सुरक्षा के लिए क्या है बेहतर विकल्प? जानें कानूनी विशेषज्ञों की राय

## एक्सपर्ट के मुताबिक, संपत्ति बंटवारे के लिए सिर्फ वसीयत ही नहीं, अब ट्रस्ट एक सुरक्षित विकल्प है। यह विवादों को टालने, कंट्रोल रखने और कानूनी सुरक्षा देने में मददगार है

सिर्फ वसीयत बनाना काफी है या संपत्ति को संभालने के लिए कुछ और बेहतर तरीका भी है? बदलते दौर में जहां संपत्ति संभालना मुश्किल हो रहा है और परिवार बड़े व विविध हो गए हैं, वहां ट्रस्ट एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रहा है। यह न सिर्फ संपत्ति के बंटवारे को व्यवस्थित करता है, बल्कि उसे सुरक्षित और नियंत्रित भी रखता है। खासकर हाई-नेट-वर्थ परिवारों के लिए ट्रस्ट अब एक रणनीतिक फैसला बनता जा रहा है।

वसीयत और ट्रस्ट में क्या अंतर है? वसीयत एक कानूनी दस्तावेज है, जो मौत के बाद असर में आता है और संपत्ति को वारिसों के नाम ट्रांसफर कर देता है। वहीं ट्रस्ट में ट्रस्टी संपत्ति को मैनेज करते हैं और लाभार्थियों को फायदा पहुंचाते हैं। यह अक्सर लंबे समय तक चलता है और कुछ खास शर्तों के साथ।

ट्रस्ट कब ज्यादा फायदेमंद होता है? ट्रस्ट तब बेहतर विकल्प बनता है, जब परिवार को प्राइवेसी, कंट्रोल और संपत्ति की लंबी सुरक्षा चाहिए। खासकर तब जब वारिस छोटे हों, अनुभवहीन हों या कोई बिजनेस चल रहा हो। डी.एम. हरिश एंड कंपनी की एडवोकेट खुशी परमार के



मुताबिक, ट्रस्ट ऐसे परिवारों के लिए उपयोगी है जहां युवा वारिसों या बिजनेस की निरंतरता की बात हो। ंपत्ति और परिवार का भविष्य सुरक्षित करना है? जानें भारत में ट्रस्ट बनाने की पूरी प्रक्रिया

**कई स्थितियों में ट्रस्ट वसीयत से आगे निकल जाता हैः**

जटिल संपत्तियां जैसे कई प्रॉपर्टी, बिजनेस या विदेशी होल्डिंग्स

बड़े परिवार जहां झगड़े से बचना हो और संपत्ति बंटवारे से टुकड़े न हों

नियंत्रित विरासत, यानी एकमुश्त पैसा देने की बजाय किश्तों में

स्पेशल नीड्स वाले लोगों के लिए प्लानिंग, ताकि सरकारी लाभ प्रभावित न हों

प्राइवेसी की जरूरत, क्योंकि ट्रस्ट प्रोबेट प्रक्रिया से बचाता है जो पब्लिक होती है

**प्रोबेट से बचाव और सुरक्षा**

अकॉर्ड ज्यूरिस के मैनेजिंग पार्टनर अलाय रजवी बताते हैं कि ट्रस्ट प्रोबेट से बचाता है, जो महीनों-कई साल लग सकता है और काफी खर्चा भी आता है।

ट्रस्ट अच्छे से बनाया जाए तो मालिकाना हक और कंट्रोल अलग-अलग हो जाता है। इससे संपत्ति को क्रेडिटर्स, मुकदमों या वारिसों के गलत इस्तेमाल से बचाया जा सकता है। भारतीय कानून के तहत ट्रस्ट की संपत्ति सेटलर की निजी संपत्ति से अलग मानी जाती है, जो सुरक्षा देती है। लेकिन इसकी सीमाएं भी हैं। रिवोकेबल ट्रस्ट में सुरक्षा कमजोर होती है क्योंकि बनाने वाला कंट्रोल रखता है। इर्रिवोकेबल ट्रस्ट ज्यादा मजबूत होते हैं, क्योंकि संपत्ति सेटलर की कानूनी मालिकाना हक से बाहर हो जाती है। फ्रॉडुलेंट ट्रांसफर को कोर्ट रद्द कर सकता है। ट्रस्ट क्रेडिटर्स को धोखा देने के लिए नहीं बनाया जा सकता, ऐसे फर्जी इंतजाम कोर्ट खारिज कर देते हैं। यह बात सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट तुषार कुमार ने कही है।

**खर्चे की बात**

वसीयत बनाने में शुरूआती खर्च कम होता है, कभी-कभी सिर्फ कुछ हजार रुपये। लेकिन बाद में प्रोबेट के कारण देरी और खर्चा हो सकता है। ट्रस्ट बनाने में शुरूआत में ज्यादा खर्च लगता है जिसमें ड्राफ्टिंग, रजिस्ट्रेशन, स्टांप ड्यूटी आदि शामिल है। साथ ही चलाने का एडमिनिस्ट्रेटिव खर्च भी लगता है।

लॉटाराजू की को-फाउंडर श्वेता टुंगारे ट्रस्ट को हाई-नेट-वर्थ लोगों के लिए स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट मानती हैं, खासकर जहां मुकदमेबाजी से बचना और सुचारू उत्तराधिकार जरूरी हो।

जबकि लेगम सोलिस के फाउंडर शशांक अग्रवाल कहते हैं कि वसीयत सस्ती है, लेकिन खराब तरीके से लिखी गई वसीयत अक्सर झगड़ों और कानूनी खर्चों में बदल जाती है।

**आखिर चुनें क्या?**

अगर आपकी संपत्ति कम है और आसानी से बांटी जा सकती है, तो वसीयत काफी है। लेकिन अगर कंट्रोल, सुरक्षा और निरंतरता चाहिए, खासकर बड़ी या जटिल संपत्ति के मामले में, तो ट्रस्ट बेहतर विकल्प है। संक्षेप में, सरल उत्तराधिकार के लिए वसीयत ठीक है। लेकिन जब संपत्ति को सिर्फ बांटने नहीं, बल्कि मैनेज करने की जरूरत हो, तब ट्रस्ट काम आता है।

# ईरान ने अमेरिका को चेताया- अगर जमीनी हमला किया तो ट्रंप को मिलेगा बड़ा सरप्राइज, सैनिकों के शव भी नहीं बच पाएंगे

पश्चिम एशिया और गल्फ क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी बीच, ईरान के एक सैन्य सूत्र ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान पर कोई जमीनी हमला किया तो यह उनकी रेड लाइन के बराबर होगा और ट्रंप के लिए बड़ा सरप्राइज तैयार है। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी Tasnim News Agency ने शनिवार को दी। सूत्र ने कहा, स्पष्ट रूप से, ईरानी जमीन पर कोई जमीनी हमला हमारी रेड लाइन में से एक है। जैसा कि हमने हर शत्रु की हर कोशिश पर उन्हें आश्चर्यचकित किया, इस बार भी हम यही करेंगे।

ईरानी सैन्य सूत्र ने पिछली घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जब ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमला हुआ था, तब पूरे क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे प्रभावित हुए थे। इस आधार पर उन्होंने अमेरिका को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर किसी तरह का जमीनी हमला किया गया, तो उसका जवाब उसी अंदाज में दिया जाएगा।

सूत्र ने Tasnim को बताया, जब हमारी ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ, तो पूरे क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे ठप हो गए। इस बार भी हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर आतंकवादी ट्रंप इस मामले में कोई गलती करते हैं, तो हम उनके लिए ऐसा सरप्राइज रखेंगे



कि वे अपने सैनिकों के शवों को हमारी जमीन से निकालने में भी सक्षम नहीं होंगे।

अमेरिका की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार, ईरानी द्वीपों को नष्ट करने का कदम अगर उठाया गया तो इसके प्रभाव में यूएई के तटीय क्षेत्रों को भी गंभीर नुकसान हो सकता है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस स्थिति में दुबई और अबू धाबी सिर्फ. शुरूआती चरणों में नहीं रहेंगे, बल्कि इन पर भी असर पड़ सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन इस समय ईरान के परमाणु संसाधनों को निकालने के लिए विभिन्न विकल्पों और रणनीतियों पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस ऑपरेशन के समय को लेकर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस पर अंतिम फैसला लेने से पहले स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि योजना के केंद्र में अमेरिका की Joint Special Operations Command (JSOC) की संभावित तैनाती रही है। यह यूनिट अमेरिकी सेना की सबसे गोपनीय और विशेषज्ञ इकाई है, जिसे अक्सर संवेदनशील और खतरनाक मिशनों के लिए तैनात किया जाता है।

# ईद-उल-फितर पर किशनगंज में उमड़ा आस्था का सैलाब, देश में अमन-चैन की दुआ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर जिलेभर में रविवार को हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के साथ त्योहार मनाया गया। सुबह से ही शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मुख्य ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर खुदा की बारगाह में सज्दा किया। नमाज के दौरान और उसके बाद रोजेदारों ने देश और दुनिया में शांति, खुशहाली तथा आपसी सौहार्द के लिए दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर छोटे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़ों में सजे-धजे बच्चे ईद की खुशियां मनाते नजर आए और परिवार के साथ ईदगाह पहुंचे। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। ईदगाह परिसर, प्रमुख चौक-चौराहों तथा संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही थी, जिससे कहीं कोई अव्यवस्था न हो।

किशनगंज अपनी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सद्भाव के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर भी विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई देकर सामाजिक एकता और भाईचारे का परिचय दिया। कई गैर-मुस्लिम नागरिक भी ईदगाह के बाहर अपने मित्रों और परिचितों को गले लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं देते नजर आए।

इस तरह पूरे जिले में ईद का पर्व शांति, उल्लास और पारंपरिक सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

# आंधी का कहर: बहादुरगंज में घर पर पेड़ गिरने से महिला की मौत, दो बच्चे घायल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले के बहादुरगंज प्रखंड अंतर्गत सताल इस्तमरार गांव में शुक्रवार की देर रात आई तेज आंधी ने भारी तबाही मचाई। भीषण अंधड़ के दौरान एक विशाल आम का पेड़ घर पर गिर जाने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो बच्चे घायल हो गए।

मृतका की पहचान 32 वर्षीय फूलमनी (पति–तालु तुड्डू) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात फूलमनी अपने पति और चार बच्चों के साथ घर में सो रही थी। देर रात अचानक तेज आंधी चली, जिसके कारण घर के पास स्थित एक बड़ा आम का पेड़ जड़ से उखड़कर मकान पर गिर पड़ा।

हादसा इतना भयावह था कि मलबे के नीचे दबने से फूलमनी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पास में सो रहे दो बच्चे भी इसकी चपेट में आकर घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही बहादुरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घायल बच्चों को तत्काल बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

मृतका के पति तालु तुड्डू ने बताया कि परिवार रात में खाना खाकर सोया हुआ था, तभी अचानक तेज आंधी के साथ पेड़ गिर पड़ा और यह हादसा हो गया।

इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय प्रशासन मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गया है।

# किशनगंज में 346 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, एक गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले के गलगलिया थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 346 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के



खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अंचल पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गलगलिया थाना पुलिस एवं एसएसबी भाटगांव की संयुक्त टीम का गठन कर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान दरभंगिया टोला स्थित एक घर की तलाशी स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में ली गई। तलाशी के दौरान घर से 346 ग्राम ब्राउन शुगर एवं दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

इस मामले में पूजा कामती (पति मनोज कुमार यादव), निवासी दरभंगिया टोला, थाना गलगलिया, जिला किशनगंज को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला है कि वह अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और आपूर्ति के धंधे में संलिप्त थी।

इस संबंध में गलगलिया थाना में कांड संख्या 32/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा इस मामले में शामिल अन्य तस्करों की पहचान के लिए जांच जारी है तथा अवैध संपत्ति की भी पड़ताल की जा रही है।

गौरतलब है कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क करें।

# पटना के दानापुर में गिरा निर्माणाधीन पुल, दो मजदूर मलबे में दबे


**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर स्थित ढिबरा इलाके में निर्माणाधीन पुल का ढांचा अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे दो मजदूर मलबे में दब गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय सिंह पथ से ढिबरा तक सड़क और पुल निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान निर्माणाधीन पुल का ढांचा अचानक ढह गया। घटना के समय वहां काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और दो मजदूर मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। मलबे में फंसे एक मजदूर को जेसीबी मशीन की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरा मजदूर किसी तरह पुलिया के नीचे छिपकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल का निर्माण बिना किसी मजबूत आधार और पिलर के सीधे मिट्टी पर किया जा रहा था। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में सरिया का पर्याप्त उपयोग नहीं किया गया और घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार इलाके में इसी तरह के दो पुल बनाए जा रहे थे, जिनमें से एक पुल गिर चुका है, जबकि दूसरा पुल भी उसी तकनीक और तरीके से तैयार किया जा रहा है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो दूसरा पुल भी कभी भी गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है। इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की नियमित जांच होती और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता, तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था। स्थानीय लोगों ने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दूसरे निर्माणाधीन पुल की तत्काल जांच कराई जाए और जब तक उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित न हो जाए, तब तक निर्माण कार्य को रोक दिया जाए। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से न केवल सरकारी धन की बबार्दी होती है, बल्कि लोगों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। उल्लेखनीय है कि बिहार में पहले भी कई पुलों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में विक्रमशिला सेतु की जर्जर स्थिति को लेकर भी चर्चा तेज रही है। ऐसे में दानापुर की यह घटना राज्य में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर चिंता और बढ़ा देती है। प्रशासन की ओर से फिलहाल घटना की जांच की बात कही जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों का पता लगाया जाएगा और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्माण कार्य में अपनाए गए मानकों की भी जांच की जाएगी।

# पटना जंक्शन के पास संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति की हुई मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ शहर के व्यस्त इलाकों में शामिल पटना जंक्शन के समीप करबिगहिया क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब व्यक्ति अचानक चलते-चलते गिर पड़ा और कुछ देर तक तड़पने के बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना ने आसपास के लोगों को स्तब्ध कर दिया और इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 6 बजकर 45 मिनट पर जक्कनपुर थाना को इस घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक रेलवे अस्पताल पटना की ओर से पैदल चलकर आ रहा था और करबिगहिया इलाके के पास पहुंचकर अचानक बैठ गया। घटना से जुड़े निगरानी कैमरे के दृश्य में देखा गया कि कुछ देर तक बैठने के बाद वह व्यक्ति अचानक तड़पने लगा और फिर अचेत होकर गिर पड़ा। कुछ ही देर में उसकी स्थिति गंभीर हो गई और उसने वहीं दम तोड़ दिया। इस पूरी घटना ने वहां मौजूद लोगों को हैरान कर दिया। घटना के दौरान एक राहगीर ने व्यक्ति की हालत बिगड़ते देख तुरंत स्टेशन काउंटर पर सूचना दी। इसके बाद मामला रेलवे सुरक्षा बल तक पहुंचा। रेलवे सुरक्षा बल के जवान और चिकित्सकीय टीम मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। सबसे बड़ी चुनौती मृतक की पहचान को लेकर सामने आई है। उसके पास से किसी भी प्रकार का पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। इस कारण यह मामला और अधिक रहस्यमय बन गया है। पुलिस अब आसपास के इलाकों में पूछताछ कर और अन्य माध्यमों से मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। जक्कनपुर थाना के प्रभारी ऋतुराज कुमार सिंह ने बताया कि राहगीर द्वारा ही व्यक्ति की तबीयत खराब होने की सूचना दी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया और वैज्ञानिक जांच टीम से भी जांच कराई गई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात मृत्यु का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# रजत जयंती शतरंज प्रतियोगिता आज से, तैयारियां पूरी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शतरंज खिलाड़ियों के विकास एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से वर्ष 1996 में स्थापित जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित 25वीं रजत जयंती वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार से स्थानीय खेल भवन सह व्यायामशाला में



होगा। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा आयोजन सचिव सह चेस क्रॉप्स अकादमी के प्रमुख कमल कर्मकार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन विभिन्न संस्थाओं एवं स्थानीय सहयोगियों के सहयोग से किया जा रहा है।

प्रतियोगिता का समापन श्री दिगंबर जैन भवन में किया जाएगा। अब तक विभिन्न आयु वर्गों–अंडर-7, 9, 11, 13, 15, 17, 19, महिला एवं ओपन–में क्रमशः 22, 42, 47, 52, 42, 29, 10, 19 एवं 42 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इस प्रकार कुल 305 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है तथा इसके सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

# पटना में उल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ मुकद्दस रमजान माह के समापन के बाद ईद का त्योहार राजधानी पटना सहित आसपास के क्षेत्रों में पूरे अकीदत, एहतराम और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह होते ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए हजारों की संख्या में नमाजी जुटे। सभी ने अल्लाह की बारगाह में सजदा कर देश, राज्य और समाज में अमन-शांति, तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। ईद की नमाज को लेकर सुबह से ही धार्मिक स्थलों पर रौनक देखने को मिली। छोटे-छोटे बच्चे नए कपड़ों में सजे-धजे अपने अभिभावकों के साथ नमाज अदा करने पहुंचे। वहीं बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी वर्गों के लोगों की मौजूदगी ने त्योहार की खुशियों को और बढ़ा दिया। कई स्थानों पर अधिक भीड़ के कारण लोगों को मस्जिदों की छतों और सड़कों पर भी नमाज अदा करनी पड़ी। राजधानी पटना के विभिन्न इलाकों में ईद की नमाज अदा की गई। त्योहार को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। त्वरित कार्रवाई बल के जवानों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई और लगातार गश्ती अभियान चलाया गया, ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन की सतर्कता के कारण पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। हर ओर खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। बच्चे विशेष रूप से उत्साहित नजर आए, वहीं बड़े-बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को दुआएं दीं। लोग अपने रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों के घर जाकर ईद की खुशियां साझा करते दिखे। नमाज के बाद दिए गए खुतबे में उलेमाओं ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें सब्र, परहेजगारी, रहमदिली और इंसानियत का संदेश देता है। हमें इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ईद केवल खुशियां मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और सद्भाव का संदेश भी देता है। नमाजियों ने अल्लाह से दुआ की कि देश में हमेशा शांति बनी रहे, सभी लोग खुशहाल रहें और समाज में आपसी सौहार्द कायम रहे। साथ ही देश निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़े और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। पूरे क्षेत्र में ईद को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। बाजारों में भी चहल-पहल देखी गई और लोगों ने त्योहार को पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया। कुल मिलाकर, यह पर्व सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता हुआ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 25 मार्च को दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में बरही में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, बैठक में रूपरेखा तय

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**



बरही(हजारीबाग): दिनांक 21 मार्च 2026, शनिवार को धनबाद रोड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका श्रीमती प्रीति कुमारी ने की, जबकि संचालन विभाग जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्त ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 25 मार्च 2026, बुधवार को दोपहर 2 बजे मनोकामनेश्वर मंदिर प्रखंड परिसर से विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा हजारीबाग रोड होते हुए युवराज होटल से वापस चौक, गया रोड रेलवे ओवरब्रिज, पटना रोड स्थित बजरंगबली मंदिर से होते हुए धनबाद रोड सरकारी अस्पताल मार्ग से पुनः प्रखंड परिसर मंदिर में आकर सम्पन्न होगी।

इस कार्यक्रम की संयोजिका सिमरन कुमारी एवं सह-संयोजिका रूपा कुमारी को बनाया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी, उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार, सह-संयोजक सोनू कुमार सहित परी कुमारी, संगीता कुमारी, सुजाता कुमारी, सोनी गुप्ता, पलक कुमारी, शांभवी कुमारी, कशिश कुमारी, रोशनी केसरी, नीतू निषाद, जानवी कुमारी, जीविका केसरी, ज्योति कुमारी, कोमल कुमारी, सुकृति कुमारी, लता देवी, साक्षी सोनी एवं रिशु कुमारी सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में शोभा यात्रा को सफल एवं भव्य बनाने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# नबीनगर में क्रिकेट खिलाड़ियों को मिली खेल सामग्री

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)अनुग्रह नारायण स्टेडियम नबीनगर में आज दिनांक 21/3/2026 को क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच बैट, विकेट और बॉल का



वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद दो टीमों के खिलाड़ियों को एक-एक बैट, बॉल और तीन-तीन विकेट प्रदान किए गए। यह खेल सामग्री समाजसेवी शंकर प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक के सौजन्य से प्रदान की गई । समाजसेवी शंकर प्रसाद ने बताया कि जरूरत पड़ने पर अन्य खिलाड़ियों को भी खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। मौके पर संतन सिंह, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदीप सिंह, दिवाकर प्रसाद, मंटू चंद्रवंशी, अजय सिंह, शिक्षक संतोष कुमार सिंह, तन्मय कुमार सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद थे।

# सरायकेला-खरसावां में पूल पार्टी के साथ महिलाओं ने किया जुम्बा डांस, बारिश में भी नहीं रुका उत्साह

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 21 मार्च 2026: सरायकेला-खरसावां जिले के वेव इंटरनेशनल में एंकर सत्यजीत की ओर से एक खास पूल पार्टी, डांस एवं जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोल्हान क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पूल में मस्ती करते हुए जुम्बा डांस किया, साथ ही कई तरह के गेम्स और प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

खास बात यह रही कि पूल पार्टी के दौरान तेज बारिश होने लगी, लेकिन इसके बावजूद महिलाओं का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ और वे बारिश में भी लगातार डांस और मस्ती करती रहीं।

आयोजक सत्यजीत ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को घर से बाहर निकालकर उन्हें मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक रूप से फिट रखना है। उन्होंने कहा कि जुम्बा डांस एक बेहतरीन फिटनेस एक्टिविटी है, जिसे बढ़ावा देने के लिए वे समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते रहते हैं। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से काफी लाभ मिलता है।

# चांडिल अनुमंडल में सौहार्द के साथ मनाई गई ईद, हर तरफ खुशियों का माहौल

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**



चांडिल: ईद-उल-फितर के मौके पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र शनिवार को पूरी तरह से जश्न में डूबा नजर आया। इलाके की मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर देश और दुनिया में शांति, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी।

चांडिल की मुख्य मस्जिद के साथ-साथ नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी और सिंदूरपुर, कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह स्थित नूरी मस्जिद, चौड़ा की बड़ी मस्जिद, नीचे टोला और ऊपर टोला की मस्जिदों के अलावा ईचागढ़ प्रखंड के गोरांगकोचा और आमडा में भी बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए पहुंचे।

ईद को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खास उत्साह देखने को मिला। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी और आपसी मनमुटाव भुलाकर भाईचारे का संदेश दिया। घरों में सेवइयां, लच्छा समेत कई तरह के पकवान बनाए गए, वहीं मेहमानों के आने-जाने से पूरे दिन रौनक बनी रही। तिरुलडीह की नूरी मस्जिद में पेशे इमाम हाफिज इस्लामउद्दीन ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद सामूहिक रूप से क्षेत्र की खुशहाली और देश में अमन-शांति के लिए विशेष दुआ की गई।

पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात किए गए थे। कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ सह प्रभारी सीओ राजश्री ललिता बाखला ने तिरुलडीह और चौड़ा क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा का त्योहार आपसी सौहार्द, भाईचारे और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# तिरुलडीह में ईद का पर्व सौहार्द के साथ मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

तिरुलडीह: पवित्र त्योहार ईद के अवसर पर तिरुलडीह स्थित हुसैनी मस्जिद में आज सुबह अंजुमन कमिटी तिरुलडीह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। इस मौके पर अंजुमन कमिटी के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी लोगों को ईद की बधाई देते हुए आपसी सद्भाव और एकता



बनाए रखने का संदेश दिया। मस्जिद परिसर में खास इंतजाम किए गए थे, जिससे नमाज अदा करने आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ईद के इस खुशी भरे मौके पर बच्चों में खास उत्साह देखा गया। लोगों ने अपने घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए और एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटी। कुल मिलाकर तिरुलडीह में ईद का त्योहार शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया।